राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार , 23 मार्च 2025
वर्ष 06, अंक 173, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मथुरा के असली कारागार में श्रीकृष्ण की 'आर्टिफिशियल जेल'...12

राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय बिशनपुर विश्राम में बड़ा घोटाला : सूत्र...03

# जस्टिस वर्मा विवाद अब सीबीआई-ईडी से जुड़े केस में



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** जस्टिस यशवंत वर्मा का नाम पहले सीबीआई की एक एफआईआर और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक ईसीआईआर में आया था। उस समय वो 2014 में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के रूप में पदोन्नत होने से पहले एक कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे। जस्टिस वर्मा, जो अभी तक दिल्ली हाईकोर्ट में सेवा दे रहे थे, उनके सरकारी आवास से कथित तौर पर कैश बरामद हुआ और उसके बाद सोशल मीडिया पर उनके पर आरोपों की बौछार कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया। उनके खिलाफ़ एक आंतरिक जांच भी शुरू हो गई। सीएनएन-न्यूज़18 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने सिम्भावली शुगर्स मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को जांच का आदेश देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया था। 2018 में दर्ज की गई सीबीआई एफआईआर में वर्मा को 2012 में सिम्भावली शुगर्स के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में बताया गया था। उन्हें आरोपी नंबर 10 के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। फरवरी 2018 में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स द्वारा सिम्भावली शुगर मिल को दिए गए लोन के संबंध में सीबीआई एफआईआर दर्ज की गई थी। कंपनी ने कथित तौर पर किसानों को उनके कृषि उपकरणों और अन्य जरूरतों के लिए वितरित करने के लिए भारी लोन लिया था, लेकिन बाद में इसका दुरुपयोग किया और पैसे को अपने अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया। यह आरोप लगाया गया था कि धन का स्पष्ट रूप से दुरुपयोग हुआ था। एफआईआर में कहा गया कि कंपनी द्वारा प्राप्त धन का इस्तेमाल अलग मकसदों के लिए किया गया था। बैंक ने सिम्भावली शुगर्स लिमिटेड को 97.85 करोड़ रुपये की राशि के लिए संदिग्ध धोखाधड़ी घोषित किया था। बैंक ने इस बारे में 13.05.2015 को भारतीय रिजर्व बैंक को सूचित भी किया था। सीबीआई ने 12 लोगों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें यशवंत वर्मा का नाम कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में दसवें नंबर पर था। सीबीआई एफआईआर के पांच दिन बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी 27.02.2018 को मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम, 2002 की धारा 3/4 के तहत पुलिस स्टेशन-प्रवर्तन निदेशालय, जिला-लखनऊ में शिकायत दर्ज की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल कहा था कि इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश देना हाईकोर्ट की गलती थी, क्योंकि कोई जांच जरूरी नहीं थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि धोखाधड़ी के लिए कानून के अनुसार कार्रवाई करने से प्राधिकरणों को रोका नहीं गया है। बहरहाल, एफआईआर दर्ज होने के थोड़े समय बाद सीबीआई ने वर्मा का नाम एफआईआर से हटा दिया था, और एजेंसी ने कोर्ट को सूचित किया था कि उनका नाम हटाया जा रहा है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा पर सीजेआई को रिपोर्ट सौंपी गई

दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंपी है। अभी इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। होली की रात, 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आवास में लगभग 11¬35 बजे आग लग गई थी। आग बुझाने के लिए दिल्ली अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। लेकिन उसके बाद सुनियोजित तरीके से अफवाह फैली की जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के कथित तौर पर कैश बरामद हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एक आंतरिक जांच शुरू की है। इसके साथ ही, उनकी इलाहाबाद हाई कोर्ट में तबादले की सिफारिश को भी माना गया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि ट्रांसफर का प्रस्ताव कॉलेजियम ने दिया था। इस घटना ने न्यायिक हलकों में हलचल मचा दी है। जस्टिस वर्मा वर्तमान में दिल्ली हाई कोर्ट में सेवा दे रहे हैं और इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट में भी कार्य कर चुके हैं। इस मामले में पारदर्शिता की मांग की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट अब इस जांच रिपोर्ट की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई पर फैसला लेगा। यह मामला न केवल न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है, बल्कि इसकी गहन जांच की आवश्यकता को भी रेखांकित कर रहा है। इस घटनाक्रम से पहले दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता था, जिन्होंने ईडी की जांच पर अंकुश लगाते हुए फैसला सुनाया था कि केंद्रीय जांच एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग के अलावा किसी अन्य अपराध की जांच नहीं कर सकती है। वो यह नहीं मान सकती है कि कोई अंतर्निहित अपराध किया गया है। जब तक कि आरोप साबित न हो जाएं। उन्होंने ऑक्सफैम इंडिया, केयर इंडिया जैसे एनजीओ से जुड़े कई मामलों को भी निपटाया। जनवरी 2024 में, उन्होंने दोनों एनजीओ की टैक्स छूट की स्थिति को रद्द करने वाले आयकर विभाग द्वारा पारित आदेश पर रोक लगा दी। हालांकि इस साल फरवरी में उन्होंने समाचार पोर्टल न्यूज़ क्लिक द्वारा दायर एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें आयकर विभाग के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे 2 मार्च को या उससे पहले बकाया कर मांग के रूप में ?19 करोड़ से अधिक का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने जनवरी 2023 में नेटफ्लिक्स के पक्ष में फैसला सुनाया था, जबकि 1997 के उपहार सिनेमा त्रासदी पर आधारित फिल्म ÷ट्रायल बाय फायर÷ की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

# इफको देश और किसान के विकास के लिए कटिबद्ध : बाल्मीकि त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** किसान ही अन्न का सृजन कर रहा है इस कारण वह पूजनीय है और इफको किसानो के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इफको के दो उत्पाद इफको नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी किसान की खेती की लागत को कम करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण उर्वरक हैं। उक्त बातें मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कार्डेट इफको फूलपुर में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नैनो उर्वरकों की आधुनिक कृषि में उपयोगिता संगोष्ठी के दौरान कॉरडेट प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री बाल्मीकि त्रिपाठी जी ने कहीं। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास मे महिलाओं का अहम योगदान है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ आर के नायक उपमहाप्रबंधक कृषि सेवाएं इफको लखनऊ ने विस्तार से नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तथा जैव उर्वरक व जैव अपघटक के प्रयोग के विषय में जानकारी दी। कार्डेट प्रबंध समिति सदस्य श्आ रपी सिंह बघेल ने किसानों को खेती के प्रति सचेत होकर कार्य करने की सलाह दी। कॉर्डेट प्रबंध समिति सदस्य भारत त्रिपाठी ने प्राचीन कहावतो के उदाहरण देते हुए खेती को उत्तम तरीके से अपनाने की बात कही। ताकि आने वाले समय में हमें किसी खाद्यान्न की कमी का एहसास ना हो। इसी क्रम में कार्डेट प्रबंध समिति के सदस्य और पद्मश्री से सम्मानित रामशरण वर्मा ने खेती की नई तकनीक अपनाते हुए खेती के क्रम को किस तरह से किया जाए कि अधिक से अधिक लाभ हो की विस्तार से जानकारी दी। यह भी बताया कि किस प्रकार से आलू और केले की खेती मैं नैनो उर्वरकों के प्रयोग से लाभ लिया जा सकता है। इफको उ0प्र0 के राज्य विपणन प्रबंधक एवं सचीव कोरडेट ने नैनो उर्वरकों की जरूरत क्यों पड़ी इस विषय पर बहुमूल्य जानकारी दी। और कहा कि किसानों के प्रश्नों और समस्याओं के समाधान के लिए इफको सदैव आगे रही है। सभा में इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री संजय कुदेशिया ने किसानों से वार्ता की और ड्रोन से छिड़काव संबंधी समस्याओं के निवारण की बात कही। कॉरडेट प्रबंध समिति के सदस्य श्री श्री राज दत्त पाण्डेय एवं श्री अभय चौधरी भी उपस्थित रहे। भारी संख्या में कृषक पुरुष एवं महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रही। खानपुर दांडी केसरी रणजीत सिंह ने नैनो उर्वरकों से उत्पादित अपने खेतों में उत्पादित आलू का प्रदर्शन किया साथ ही भोगवारा ग्राम की श्रीमती राजकुमारी ने कॉर्डेट में प्रशिक्षण के उपरांत स्वयं द्वारा बनाए गए आंवला के मुरब्बा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉर्डेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र जी ने माननीय अतिथियों का स्वागत कृषक बंधुओ द्वारा कराते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में आए हुए कृषकों को दराती का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में कारडेट की सहायक प्रबंधक श्रीमती सविता शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे

## संक्षिप्त ख़बरें

### विश्व जल दिवस के उपलक्ष में बालाजी वेफर्स संडीला द्वारा जल संचयन के लिए ली गई शपथ

**हरदोई।** विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड संडीला द्वारा जल संचयन एवं संरक्षण हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कंपनी के यूनिट हेड शिव शंकर टेकाले द्वारा की गई। यूनिट हेड द्वारा बताया गया कि जल हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है और घटता जल स्तर को लेकर पहले खुद को जागरुक करना है इसी पर आधारित अपने कर्मचारियों के बीच एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें सही जवाब देने पर कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी के साथ ही शिव शंकर टेकाले द्वारा अपने सभी कर्मचारियों को जल शपथ दिलाई गई जिसमें जल को बचाने, जल का समुचित उपयोग करने, जल संचयन एवं जल शक्ति अभियान ग्लेशियरसंरक्षण को बढ़ावा देने में सहयोग करने एवं जल व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर रोहित गिरि, कृष्णा पटेल, भूपेंद्र कुशवाहा, कंपनी के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### दिव्यांगजनों में ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, स्मार्ट कैन, वॉकिंग स्टिक का हुआ वितरण।

हरदोई संडीला में दिव्यांग उपकरण कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संडीला विधायक श्रीमती अलका अर्कवंशी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता, खंड



विकास अधिकारी संडीला श्रीमती प्रतिमा शर्मा ,सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुबोध कुमार सोनकर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री लाल सिंह तथा अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। इस कैंप में 60 ट्राई साइकिल ,10 व्हील चेयर, 10 जोड़ी बैसाखी, 10 वाकिंग स्टिक का विधायक अलका अर्कवंशी के कर कमलो द्वारा वितरण किया गया।

# एक से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई।** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार काम करें और अभियान को सफल बनाएं। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी संचारी अभियान हेतु एक व्हाट्सएप ग्रुप बना लें तथा अभियान से संबंधित प्रचार प्रसार/शैक्षणिक सामाग्री ग्रुप पर प्रेषित करें। सभी संबंधित विभाग ब्लाक स्तर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित कर शासन द्वारा निर्धारित समय तालिका अनुसार प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें। 28 मार्च तक सभी विभाग अपना माइक्रोप्लान नोडल विभाग स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दे।उन्होंने कचरा निस्तारण, सूकरबाड़ों को आबादी से दूर रखने, आबादी वाले क्षेत्रों में घरों के आस-पास झाड़ियों की साफ- सफाई, नालियों को ढकने, घर से छछूंदर, चूहों को भगाने, जल भराव को रोकने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शासन द्वारा उत्तर प्रदेश सहित देश के कई भागों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना व्यक्त की गई है। ऐसी स्थिति में वेक्टरजनित और जलजनित रोगों के आउटब्रेक्स अधिक होने की संभावना है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों के बारे में विभिन्न विभागों के परस्पर समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था करने, गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का विद्यालयों एवं जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही 10 से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिमागी बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके साथ ही घर-घर जाकर परिवार के सभी सदस्यों की आभा आई0डी0 (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट) बनाएंगी। दस्तक अभियान में आशा और आ0बा0 मच्छर प्रजनन पाए जाने वाले घरों का विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर सम्बन्धित स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराएंगी।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार, सभी सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, सभी

# पूर्व संपदा प्रबंधक पद्माकर त्रिपाठी का किया गया स्वागत एवं अभिनंदन



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के पूर्व संपदा प्रबंधक पद्माकर त्रिपाठी का लखनऊ में इफको अधिकारी संघ फूलपुर के पदाधिकारियों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। बता दे कि पिछले वर्ष श्री त्रिपाठी फूलपुर से सेवा पूर्ण करके अवकाश प्राप्त करने बाद सीधे अपने आवास लखनऊ चले गए थे और कोई विदाई कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए थे।अधिकारी संघ अपने अवकाश प्राप्त अधिकारी का विदाई समारोह करके उनका स्वागत और शुभकामना देता रहा है लेकिन तिवारी बिना रुके दूसरे दिन ही चले गए थे।उसी कार्य क्रम के तहत अधिकारी संघ ने लखनऊ में कल जाकर उनका स्वागत और सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किया।इस कार्यक्रम में अधिकारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।फूलपुर अधिकारी संघ के अध्यक्ष अनुराग तिवारी महामंत्री स्वयंप्रकाश वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य संजय अवस्थी कर्मचारी संघ के महामंत्री विजय यादव आंवला इकाई के अनिल दुबे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कार्यवाही

### अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक 3,684 लोगों को किया गया गिरफ्तार 18.57 लाख रुपये वसूल किया गया जुर्माना

# अनावश्यक कारणों से अलार्म चेन पुलिंग करने वालों पर प्रयागराज मण्डल की कड़ी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा ट्रेनों में अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। चेन पुलिंग की यह अवैध गतिविधि ट्रेनों के सुचारू संचालन में बाधा डालती है और यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालती है। इसे रोकने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में फरवरी माह तक मंडल में 3688 चेन पुलिंग के मामले दर्ज किए गए। इस दौरान 3,684 लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुल 18.57 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई सुनिश्चित करती है कि रेल सेवाएं समय पर संचालित हों और यात्रियों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। स्टेशनवार आंकड़ों के अनुसार, प्रयागराज जंक्शन पर 375 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 373 यात्रियों की गिरफ्तारी हुई और 2,23,758 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अलीगढ़ जंक्शन पर 349 मामलों में सभी यात्रियों को गिरफ्तार कर 1,15,560 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कानपुर सेंट्रल में 492 मामलों में 490 यात्रियों की गिरफ्तारी हुई और 2,84,309 रुपये की वसूली की गई। इटावा जंक्शन में 283 मामले सामने आए, जहां 286 यात्रियों को गिरफ्तार कर 1,07,605 रुपये का जुर्माना लगाया गया। फतेहपुर स्टेशन* पर 219 मामलों में सभी यात्रियों को गिरफ्तार कर 1,23,490 रुपये की वसूली की गई। *मिर्जापुर स्टेशन* पर 240 यात्रियों को गिरफ्तार कर 1,48,515 रुपये का जुर्माना वसूला गया। शिकोहाबाद स्टेशन पर 99 मामले दर्ज हुए, जिनमें सभी यात्रियों की गिरफ्तारी हुई और 37,490 रुपये का जुर्माना लगाया गया। टूंडला जंक्शन पर 301 मामलों में 299 यात्रियों को गिरफ्तार कर 88,885 रुपये की वसूली की गई। उत्तर मध्य रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि अनावश्यक चेन पुलिंग न करें और यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें। चेन पुलिंग का दुरुपयोग न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि अन्य यात्रियों को भी असुविधा पहुंचाता है। रेलवे प्रशासन ट्रेनों की समयबद्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सतर्क है और यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि सभी को एक सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके।

## होली मिलन समारोह का क्षत्रिय सुनार युवक समिति एवं महिला समाज द्वारा किया गया आयोजन।



प्रयागराज । धर्मशाला के प्रागण में होली मिलन का रंगारंग कार्यकम पूर्व वर्षो की भाँति इस वर्ष भी अपनी से भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ जिसमे ब्रजभान समिति की ओर से होली के गीत एवं सुन्दर-सुन्दर झाकियों प्ररस्तुत किया गया। धगशाला समिति के द्वाध्यास रोहित वगी, महामंत्री इन्देश नाथ को कोषाध्यास शिवम सोनी एवं महिला समिति के अध्यक्ष श्री मती कान्ति जोड महामंत्री स्वना वत्री, कोषाध्यक्ष आशा सोनी एवं सजग बनी (प्रधास प्रभाग सरका अशोक कुमार वर्मा, शिवशंकर कभी, गोपाल जी स्वर्णकार, खीन्द्र कुमार वर्मा पापू जी कुत्री, अवधेश नरायण वर्मा, गोपीनाथ कमी, राजनाथ वत्री, कामता प्रसाद राजेश वगी, हरीश बूमी, अशोक बाबू, अशोक क्यों, श्याम जी की है विश्वरि अजीत सोली, सोलो, अनूपवमी, परमानन्द कमी, गोविन्द जी स्वीकार, विक्की नमी, सतीश रिंकू वर्मा, जौखवणी, विजय कृष्ण वगी, सुधीर कमी, मनीष स्वर्णकार एवं महिला भण्डन की साधना वमी, रत्ला वगी, ए रत्ला वगी, ऊषा की, रीना सोनी, शलिनी नगी, रत्नेश वयी, प्रत्रृतु वभी साधना कभी, मिन्द्र वगी, रिया नभी, राधा कभी, इजा वनी, पूनम वणी, चन्दा कुत्री, रीना व रिया सोनी, सुषमा शोनी, भंजना वयी आराधना कभी, लवली वत्री, नीलम कभी, अंजना से किक प्रीति वगी, नीतू बगी, सोनग वमी, अर्चना कभी, पूनमवमी, किरण बभी, संगीता सुभावनी, गीता सोली, शुष्मा सोनी, शुभी कमी, वन्दना वनी, प्रनिभा नंगी, लता वगी जौरी कमी, अनुराधा वर्मा, निधिवनी गुजा की, स्नेहा,सोमराज वर्मा खत्री, प्रिया वगी, लवली सोन स्वेता व्रत्री, प्रिणा उपस्थित रहे।

## अरविंद तिवारी की पुड़ी पुन्डय तिथि पर गरीबों को वस्त्र वितरण

**ब्यूरो प्रयागराज।** अरविंद तिवारी के पुण्यतिथि के स्मृति में उनके पैतृक गांव मालिक पुर नोनरा गांव में में गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरित किया गया। बता दे स्वर्गीय अरविंद इफको अधिकारी संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष



जितेंद्र तिवारी के सबसे छोटे भाई थे और कम उम्र में उनका देहावसान हो गया था। तिवारी परिवार सदैव गरीबों के लिए अनेक मौकों पर मदद करने का कार्यक्रम करते रहते है।अरविंद के पिता सुधाकर तिवारी भी सामाजिक कार्यों में बहुत रुचि रखने वाले इफको के अधिकारी थे। इस अवसर पर उनके चाचा श्रीनेत्र तिवारी तथा जितेंद्र तिवारी और सुरेन्द्र तिवारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला की संदिग्ध मौत- कमरे में फंदे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस..



**बस्ती।** बस्ती के कप्तानगंज में एक 28 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला। महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। जिले के हरैया थानाक्षेत्र के कोदई गांव में शुक्रवार की देर रात्रि 28 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लटकती हुई लाश मिली। सूचना पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाने लगे। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और जांच-पड़ताल में जुट गई है।शुक्रवार रात तकरीबन 9:30 बजे कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पढ़नी गांव के कुछ लोग रोते बिलखते हरैया थाना क्षेत्र के कोदई सिकरी गांव पहुंचे। सभी लोग बेटी के ससुरालवालों पर बेटी की हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाने लगे। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पढ़नी गांव की रूचि पुत्री अमृतनाथ पांडेय की शादी हरैया थाना क्षेत्र के कोदई गांव निवासी राजेश पांडेय के साथ हुई थी। रूचि का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लटकता हुआ मिला। गांव के किसी व्यक्ति ने रुचि के मौत की सूचना उसके मायके वालों को दे दी। सूचना पर मायके के लोग कोदई गांव जा पहुंचे और हरैया पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर हरैया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। मायके के लोग हत्या का आरोप लगाते रहे।

### विश्व जल दिवस पर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**चित्रकूट ब्यूरो:** विश्व जल दिव के अवसर पर लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने अटल भूजल योजनान्तर्गत जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। साथ ही सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिसाशी अभियन्ता प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि जल है तो कल है एवं जल को ही जीवन का आधार बताया गया है। नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना सौरभ सरोज द्वारा योजना की जानकारी देते हुए समस्त स्टाफको जल संरक्षित करने के लिए शपथ दिलवाई। इस मौके पर लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता सीडी मिश्रा, जूनियर इंजीनियर गिरीश कुमार, तुलाराम, अवध नारायण, ईश्वरचन्द्र, प्रदीप मौर्या, राकेश कुमार, प्रशांत शुक्ला, अटल भूजल योजना के आईईसी एक्सपर्ट अजय श्रीवास्तव, एजी एक्सपर्ट दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डीईओ विनोद भट्ट, अवधेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसपी ने पुलिस कार्यालयों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय, महिला थाना, यातायात कार्यालय एवं अपराध शाखा का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही कार्यालयों में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में रजिस्टरों का रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाएं देखी। एसपी ने महिला थाना के शौचालय में पानी, लाइट, सफाई, अपराध शाखा व यातायात कार्यालय में रजिस्टरों का मिलान, रंगाई-पुताई का आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत कार्यालयों में लगे कूलर, लाइट, पंखे आदि सामानों को जल्द से जल्द ठीक कराए। साथ ही जिन स्थानों पर नही लगे है, वहां पर नए कूलर, पंखा, लाइट, फ्रिज़र आदि की व्यवस्था करें। इस मौके पर प्रभारी अपराध शाखा अजीत कुमार पाण्डेय, निरीक्षक नरेश कुमार प्रजापति, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### मादक पदार्थों का किया गया विनिष्टीकरण

**चित्रकूट-** राज्य सरकार, उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट चित्रकूट के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में थाना पहाड़ी के 16 व थाना रैपुरा के पांच एनडीपीएस एक्ट के मामलों से बरामद मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया गया। उत्तर प्रदेश शासन, इलाहाबाद हाई कोर्ट व विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट चित्रकूट के आदेशानुसार शनिवार को एनडीपीएस एक्ट 1985 के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में बरामद किये गये अवैध मादक पदार्थों के निस्तारण (विनिष्टीकरण) का कार्य पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान थाना पहाड़ी के 16 एनडीपीएस एक्ट के मुकदमों में बरामद कुल 88 किलो गांजा एवं थाना रैपुरा के पांच मुकदमों में बरामद कुल 57 किलो 400 ग्राम गांजा को पुलिस लाइन परिसर में एल्वीनेटर मशीन के अंदर डालकर जलाकर विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह, प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल, प्रभारी रिट सेल वीर प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी खोह सत्यमपति त्रिपाठी, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, प्रधान लेखक मुख्य आरक्षी शेषनारायम, चन्द्रपाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुत्री की हत्या मामले में शिकायत करने पहुंची मां ने पुलिस कर्मियों पर एसपी कार्यालय से भगाने का लगाया आरोप

● एसपी अभिनन्दन से पुत्री की हत्या का खुलासा करने के सम्बन्ध में मिलने के लिए पीड़ित मां काट रही एसपी कार्यालय का चक्कर- दो दिनों से एसपी कार्यालय पहुंचने के बाद भी एस पी से नही मिलने दे रहे बिना सुविधा शुल्क के लिए गरीबों को नहीं मिल रहा न्याय

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले के सोनहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जोगिया में 03 माह पहले प्रीती पुत्री चिनगी प्रसाद की हत्या हुई थी प्रीती की हत्या कर शव को छिपाने का आरोप प्रीती के बाबा और चाचा पर पीड़ित मां माया देवी ने लगाई थी जिसके संबंध में सोनहा पुलिस ने मामला बढ़ता देख 17 दिन बाद प्रीती के मौत मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज किया था जो मुकदमा संख्या- 325/2025 है। पीड़ित मां माया देवी प्रीती की हत्या का खुलासा करने और हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए 03 महीने से लगातार पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर काट रही है लेकिन तीन महीना बीतने के बाद भी सोनहा पुलिस ने न तो प्रीती के हत्या का खुलासा कर पाई है और न ही हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी हो पाई है। पीड़ित मां ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से प्रीती के हत्या मामले को खुलासा करने के लिए विवेचक बदलने की भी मांग की थी लेकिन पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रीती के हत्या मामले में पीड़िता मां को न्याय दिलाने में पूरी तरह फेल है। पीड़ित मां माया देवी दिनांक- 20-03-2025 एवं 21-03-2025 को लगातार पुलिस अधीक्षक बस्ती कार्यालय में एसपी अभिनंदन से प्रीती के हत्या मामले में न्याय के लिए गई थी लेकिन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों ने तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अभिनंदन से नहीं मिलने दिया और कार्यालय के बाहर से ही पुलिस कर्मियों ने कहा कि तुम घर जाओ तुम्हारी पुत्री की हत्या मामले में जांच चल रही है जल्द ही हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी होगी और मामले का खुलासा सोनहा पुलिस करेगी। पीड़िता मां ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों का उद्देश्य है कि मामले का खुलासा न हो। पीड़िता ने कहा कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात पुलिस कर्मियों की रवैया ऐसी ही रही तो पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा?और बस्ती पुलिस से पीड़ितों का विश्वास खत्म हो जाएगा।

## नदी में मिला किशोरी का शव- 3 दिन पहले फोटोकॉपी के बहाने निकली थी, बहन बोली गांव का लड़का



**बस्ती।** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। किशोरी का शव शुक्रवार को नगर थाना क्षेत्र के खाईनारा गांव के पास मनवर नदी में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।किशोरी के परिजनों का आरोपलगाया उसका अपहरण हो गयाकिशोरी की छोटी बहन ने बताया कि पकड़ी मिश्राइन गांव का सूरज उसे बहला-फुसलाकर ले गया। परिजनों ने बृहस्पतिवार को ही पैकोलिया थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने किशोरी के परिजनों से भी पूछताछ की है।

## ग्राम पंचायत पिपरपाती में सी0सी0 रोड के नाम पर हो रहा सरकारी धन का बंदरबांट



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा करे परन्तु भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार करने का जरिया ढूंढ ही लेते है ऐसा ही एक मामला विकास खंड रुधौली के ग्राम पंचायत पिपरपाती में प्रकाश में आया है जहाँ ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी धन के बंदरबांट का पूरा बंदोबस्त तैयार कर लिया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार - ग्राम पंचायत पिपरपाती में सी0सी0 रोड निर्माण के बहाने पहले से रास्ते पर लगे खडंजे को उखाड़ा जा रहा है । नियमों की यदि बात करें तो सड़क/मार्ग निर्माण चयन हेतु दुर्लभ व ज्यादा आवागमन वाले रास्तों का चयन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना चाहिए, जो कि ग्राम पंचायत पिपरपाती में नहीं किया गया है बल्कि और सी0सी0 रोड निर्माण हेतु उसी मार्ग का चयन किया गया है जिस पर पहले से खडंजा लगा है जिसे उखाड़ कर उसी ईंट से साइड की बाक्सिंग बन जाए व रोड पर मिट्टी तोड़ने हेतु ईंटे भी फ्री में मिल जाएं और निर्माण का पैसा बचाकर ग्राम पंचायत द्वारा उसका आसानी से बंदरबांट किया जा सके। यदि ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को रास्तों के विकास का इतना ही फिक्र है तो ग्राम पंचायत द्वारा खडंजे के ऊपर सी0सी0 रोड का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे मजबूत व टिकाऊ रोड निर्माण के साथ ही साथ सरकारी धन के बंदरबांट को भी रोका जा सके।

## जिले के एक प्राइवेट विद्यालय मेंशिक्षक ने छात्र को पीटा, छात्र गंभीर रूप से घायल कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्राइवेट विद्यालय कभी छात्र को फीस के लिए मारपीट करते हैं कभी उनको धूप में खड़ा कर देते हैं ऐसे में कैसे होगी शिक्षा ताजा मामला कप्तानगंज क्षेत्र स्थित MCC इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा के दौरान कक्षा पांच के छात्र अभिषेक उपाध्याय की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के पिता शक्तिशरण उपाध्याय ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षक के खिलाफ कप्तानगंज पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि 22 मार्च 2025 को परीक्षा के दौरान शिक्षक सुशील कुमार दुबे ने उनके बेटे को बुरी तरह पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। इस दौरान घटना का वीडियो और फोटो भी बनाए गए हैं। अभिभावक और छात्र का कहना यह सब स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुमार मिश्र के निर्देश पर किया गया। शिक्षक द्वारा की गई मारपीट से आहत पिता ने दोषी शिक्षक सुशील कुमार दुबे और प्रिंसिपल अशोक कुमार मिश्र के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है अपर पुलिस अधीक्षक मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर ठोस कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद अभिभावकों में आक्रोश है और वे स्कूल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से न्याय की मांग की है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। आज से विद्यालयों को शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल मान्यता रद्द करके बंद करवा देना चाहिए अभिभावक में काफी रोश है।

## वीडियो कान्फ्रेंसिंग में पंचायत भवन पर नहीं मिले सचिव, नोटिस

नोटिस

**बस्ती।** बस्ती जिले के रूधौली खंड विकास अधिकारी योगेंद्र राम त्रिपाठी ने शुक्रवार को मझौवा कला द्वितीय स्थित पंचायत भवन में पंचायत सचिव के न मिलने पर नाराजगी जताई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठक कर ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवन पर रोस्टर के हिसाब से बैठने का निर्देश दिया था। अपने निर्देश का असर देखने के लिए उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मझौवा कला द्वितीय में सचिव सतीश गौतम से बात करने की कोशिश की तो पता चला - कि पंचायत भवन पर नहीं हैं। ऐसे में बीडीओ ने सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा है। बीडीओ -ने कहा कि ग्रामीणों की जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए सभी सचिवों को पंचायत भवनों पर बैठना अनिवार्य है।

## डा0 प्रवीण कुमार पटेल के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए बचाव में जुटे अधीक्षक

● फार्मासिस्ट के सहारे संचालित हो रहा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ के मामले में चल रहा लीपापोतीआनन -फानन में सीएचसी गौर मे अटैच कराने की तैयारी में जुटे डा0 प्रवीण कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग में इस तरह भ्रष्टाचार चल रहा है ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर के अंतर्गत हलुआ बाजार में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ड्यूटी से गायब डा0 प्रवीण कुमार पटेल के होने पर फार्मासिस्ट के सहारे प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ का संचालन हो रहा है और फार्मासिस्ट के द्वारा मरीजो का इलाज किया जा रहा है। ड्यूटी से गायब डा0 प्रवीण कुमार पटेल के खिलाफ कार्रवाई करने क बजाए बचाव में सीएचसी गौर अधीक्षक डा0 जयप्रकाश कुशवाहा लगे हैं। सूत्रों की माने तो डा0 प्रवीण कुमार पटेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलुवा से लगातार डियूटी से गायब रहते हैं और महीने में दो-तीन बार पीएचसी पर आकर उपस्थिति रजिस्ट्रर हस्ताक्षर बनाकर चले जाते हैं। मीडिया टीम ने पड़ताल किया था तो पता चला था कि सूत्रों से मिली जानकारी सत्य मिली थी। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ पर दिनांक- 18-03-2025 दिन मंगलवार को 03 कर्मचारी उपस्थित मिले थे जिसमें फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशन, वार्ड ब्वॉय कार्य करते मिले थे।

डॉ प्रवीण कुमार पटेल के द्वारा लगातार ड्यूटी से गायब रहने के कारण मरीजों को बेहतर/समुचित इलाज नही हो पा रहा है और गरीब रोगियों को बेहतर/समुचित इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। प्राइवेट अस्पतालों/नर्सिंग-होम में मजबूर होकर गरीबों को इलाज करवाना पड़ रहा है। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ प्रभारी डा0 प्रवीण कुमार पटेल से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा था तो डा0 प्रवीण कुमार पटेल ने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा था। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हलुआ पर ड्यूटी से गायब डा0 प्रवीण कुमार पटेल अधीक्षक डा0 जयप्रकाश कुशवाहा से दुरंभि संधि करके मनचाहा डियूटी पीएचसी हलुआ से सीएचसी गौर करना चाह रहे हैं सोशल मीडिया पर ड्यूटी से गायब रहने की वायरल होते ही डॉ प्रवीण कुमार पटेल सीएचसी गौर पर अटैच कराकर कार्रवाई से बचने के लिए तैयारी में जुटे हैं। सूत्रों की माने तो अधीक्षक डा0 जयप्रकाश कुशवाहा ने डा0प्रवीण कुमार पटेल को सीएचसी गौर पर अटैच करने की तैयारी में जुटे हैं। अब देखना है कि पीएचसी हलुआ पर तैनात डा0 प्रवीण कुमार पटेल के खिलाफ कोई कार्यवाही हो पाती है या जुगाड़ लगा कर मामले को रफा- दफा कर दिया जाता है।

## जनपद के बेसिक शिक्षा में चरम पर पहुँचा भ्रष्टाचार , बिना सुविधा शुल्क दिए बीमार नहीं हो पा रहे गुरुजी

● मेडिकल अवकाश में खण्ड शिक्षा अधिकारियों के मनमानी का बोलबाला

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले में सरकार भले ही स्वच्छ एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा ठोंक रही है पर जमीनी हकीकत कुछ अलग ही है और आनलाइन प्रक्रिया में भी भ्रष्टाचारियों ने सेंध लगाकर अपना हाथ साफ करना शुरू कर दिया है जिसके परिणाम स्वरूप ही जनपद में बिना सुविधा शुल्क के गुरुजी बीमार नहीं हो पा रहे हैं और पूरे मामले में संगठन तमाशगीर बना हुआ है ।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संगठन का इतिहास क्रान्तियों से भरा पड़ा है । एक समय था जब बेसिक शिक्षा विभाग में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का दबदबा दिखता था परन्तु जैसे - जैसे समय बीत रहा है संगठन का दबदबा गुजरे जमाने की बात बन कर रह जा रही है और जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में खण्ड शिक्षा अधिकारियों की मनमानी के चलते भ्रष्टाचार का बोलबाला इस कदर बढ़ गया है कि शिक्षकों का मेडिकल अवकाश भी बिना सुविधा शुल्क के नहीं स्वीकृत हो रहा है। भ्रष्टाचार पर प्रहार बनने वाले संगठन के धरने भी धीरे - धीरे कमजोर पड़ते जा रहे हैं वजह चाहे संगठनों का निजी स्वार्थ हो या कुछ और। फिरहाल बेसिक शिक्षा परिषद में छुट्टियों की प्रक्रिया आनलाइन होने के बाद भी भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो पायी है और मेडिकल अवकाश जैसे अनिवार्य अवकाश भी बिना सुविधा शुल्क स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं। यदि महानिदेशक स्तर से जनपदवार विभिन्न अवकाशों की समीक्षा की जाए तो भ्रष्टाचारी बेनकाब हो जायेंगे।

## बीएससी के छात्र को फर्जी पिस्टल दिखाकर छीना मोबाइल और नगदी

स्वतंत्र प्रभात



**पचपेड़वा/बलरामपुर** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले का रहने वाला अंसारुल हक विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा में बीएससी तृतीय वर्ष का छात्र है वह अपने छठवें सेमेस्टर की परीक्षा देने की तैयारी में जुटा हुआ है। आपको बता दें कि विमला विक्रम महाविद्यालय का परीक्षा सेन्टर राजकीय महाविद्यालय विजयनगर पचपेड़वा को यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित किया गया है। जो पचपेड़वा से करीब13 किमी0 की दूरी पर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है । छात्र अंसारुलहक बीते 20मार्च को अपने परीक्षा सेंटर को देखने के लिए गया हुआ था शाम को वापस लौटते समय उसने एक बाईक सवार से लिफ्ट मांगी तो उसने रूककर अंसारुल हक को अपने बाईक पर बैठा लिया ।कुछ दूर जाने के बाद रास्ते में सुनसान जगह देखकर अपने साथियों के साथ नकली पिस्टल और छोटा चाकू दिखाकर 3500 रुपया नगद और मोबाइल उससे छीन लिया ।छात्र अंसारुल हक के द्वारा थाना पचपेड़वा में प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस के द्वारा मामले की छानबीन करते हुए 3आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस पूरे प्रकरण पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार ने आरोपियों को मीडिया के सामने प्रस्तुत करते हुए बताया कि इन लोगों ने उस बिहार के रहने वाले छात्र को बाईक पर बैठाने के बाद कुछ ही दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प पर गाड़ी में तेल डलवाया और दूसरे रास्ते से अंसारुल हक को लेकर चलने लगे। उसके विरोध करने पर समझाते हुए कहा कि हमें यहाँ करीब मे ही एक रिश्तेदारी में भी चन्द समय के लिए जाना है थोड़ी ही देर में वहाँ से चलकर पचपेड़वा में आपको छोड़ देंगे।

लेकिन वह लोग ऐसा न करके रास्ते में मौका पाकर उसके कनपटी से नकली पिस्टल लगाकर उससे 3500 रुपया नगद और मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गये। पीड़ित छात्र किसी तरह थाने पहुंचा और पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी पचपेड़वा को दिया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन करना शुरू कर दिया। दूसरे दिन सायंकाल पचपेड़वा बढ़नी मार्ग एन एच730 पर त्रिलोकपुर के पास थानाध्यक्ष सतेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि यह तीनों आरोपी बाईक से अचानक पहुंच कर पुलिस के शिकंजे में फंस गये। इन्हें हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो इन्होंने अपना अपराध कबूल करते हुए सच उगल दिया। इन सभी को पीड़ित छात्र के सामने पेश कर पहचान करा लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि इन तीनों के खिलाफ अपराध संख्या 49/2025 की धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शादाब पुत्र शमशुल्ला शाह ,महबूब पुत्र मोमिन खान व लालमोहम्मद पुत्र बरकतउल्ला निवासी चिवंटिहवा रतनपुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को जेल रवाना किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या यूपी47 एल 3409 स्द्धश्श्च मोबाइल बरामद कर कब्जे में लेते हुए अभियुक्त गण के विरुद्ध धारा 317(2) बीएनएस की भी बढोत्तरी कर दिया गया है।

## जिला कृषि अधिकारी बिना अनुमति जिले से गायब, बंद मिला दफ्तर

● किसान और कर्मचारी हुए परेशान

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति पर है। ऐसे में विभागाध्यक्षों व कर्मचारियों के लिए बजट, बिल बाउचर को पास कराने और आंकड़ों को दुरूस्त करने की चुनौती है। साथ ही किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के जरूरत पड़ती है, लेकिन कृषि अधिकारी ही विभागीय कार्यों के प्रति लापरवाह बने हुए हैं। इसके चलते कई बिल लंबित हो सकते हैं। वहीं बजट भी सरेंडर करना पड़ सकता है। सूत्रों द्वारा जानकारी मिलने पर जब दैनिक जागरण की टीम ने शनिवार को कृषि अधिकारी के कार्यालय का जायजा लिया। जहां जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में बंद मिला। जबकि कृषि अधिकारी के दफ्तर में कोई मौजूद नहीं था। जिला कृषि अधिकारी सुबह से अनुपस्थित थे। कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला की कुर्सी खाली थी। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि आज साहब नहीं आए हैं मुख्यालय से बाहर गए हैं। इससे पहले भी अक्सर साहब कार्यालय में कम ही बैठते हैं और बिना बताए जिले से बाहर रहना उनकी आदत में शुमार है। इसके चलते शनिवार को किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ नहीं मिल पाया और मायूस होकर लौटना पड़ा। जबकि शासन से आदेश है कि प्रतिदिन अधिकारी 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठ कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। वहीं वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक जिलाधिकारी ने किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को मुख्यालय से बाहर जाने पर रोक लगा रखी है। विभाग के लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए छुट्टी के दिन भी कार्यालय खोलने के आदेश दिए हैं। कर्मचारियों का मानना है कि मार्च के अंतिम सप्ताह में एकाएक दबाव बढ़ जाएगा। ऐसे में पहले से ही तैयारी जरूरी है। लंबित बिल, बाउचर को पास कराने के लिए विभिन्न मदों में लंबित बजट को खर्च करा लिया जाना चाहिए ताकि धनराशि सरेंडर न करनी पड़े। इसको लेकर ट्रेजरी कार्यालय अलर्ट है जिससे कि 31 मार्च तक हर हाल में काम पूरा किया जा सके, लेकिन कृषि अधिकारी की सुस्त कार्यप्रणाली इसमें बाधा बन सकती है।

**सीडीओ ने जांच कर कार्यवाही की बात कही**

जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला द्वारा बिना अनुमति और बिना अवकाश लिए जिले से बाहर जाने पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर से इस मामले में जानकारी ली गई। जहां उन्होंने कहा कि जानकारी नहीं है, जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालीं छात्रा हुई सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**पहाड़ी, चित्रकूट:** उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवारा खुर्द में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकत्सव एवं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्रा सियारानी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माता सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवारा खुर्द की कक्षा सात की छात्रा सियारानी ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के ताइक्वांडो गेम्स में गोल्ड मेडल जीत कर अपने विद्यालय के साथ जनपद व मण्डल का नाम रोशन किया है। कहा कि इसके लिए विद्यालय के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। शिक्षकों की मेहनत राज्य स्तर पर दिखाई दे रही है। खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। सभी में कुछ न कुछ कमियां होती हैं, लेकिन उन कमियों को खेलकूद व शिक्षा से दूर किया जा सकता है। इस दौरान छात्रों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर उत्सवर्धन किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आनंद कुमार यादव ने किया।

इस मौके पर नगर खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला, पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह, एआरपी पुष्पेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कलवारा खुर्द रणजीत सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक आनंद कुमार यादव, जितेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, भगवान दीन, अशोक कुमार पटेल, शिक्षिका ज्योति गुप्ता, अनीता देवी, संध्या देवी, शिक्षक मयंक तिवारी, कुशाल सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू, एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार, माया देवी सहित अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# भारतीय न्याय संहिता में नहीं होनी चाहिए नौकरशाही- जगद्गुरु

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में शनिवार को सांविधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शाखा विधान भवन लखनऊ द्वारा 'भारतीय न्याय संहिता-2023 समाविष्ट राष्ट्र निर्माण संकल्प की सकारात्मक अवधारणा' विषय पर दो दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महराज सहित अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी में विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति पद्म विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महराज ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत में भारतीय दंड संहिता लागू की थी। 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद से 2022 तक के कालखंड तक वही दंड संहिता लागू रही, लेकिन भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय न्याय संहिता-2023 को लागू किया। कहा कि इसमें जो कमियां उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर के सुधार कराया जाएगा। कहा कि न्याय की परिभाषा अपराधों पर दंडात्मक कार्यवाही अपनाना है। कहा कि जहां समीक्षा है वहां परीक्षा नहीं, जहां प्रक्रिया है वहां प्रतिक्रिया नहीं, जहां अनुग्रह है वहां आग्रह नहीं, न्याय संहिता लक्षण प्राय है भक्षण प्राय नहीं। भारतीय न्याय संहिता मंगलो की है अमंगलों की नहीं। भारतीय न्याय संहिता व्यापक दृष्टिकोण है। किसी भी अत्याचार को क्षमा नहीं करना चाहिए, उसमें कार्यवाही अवश्य होना चाहिए। क्षमा जब तक करें जब तक क्षमता का सम्मान हो। जो भारतीय न्याय संहिता का अपमान करें, उसे भारत में जीने का अधिकार नहीं है। राष्ट्र की रेखा का समाधान श्रीरामचरितमानस है। कहा कि कोई भी महिला व पुरुष अत्याचार करें, तो उसे दंड देना ही चाहिए। जब तक हम अपने समाज परिवार बच्चों को न्यायसंगत कर्तव्य को नहीं सिखाएंगे, तब तक यह भारतीय न्याय संहिता अधूरी रहेगी। कहा कि सदाचारों की रक्षा करें, दुराचारों की नहीं। हमारी भारतीय संस्कृति बिखरी जा रही है, इसको संवारना होगा तभी यह भारतीय न्याय संहिता की मूल अवधारणा होगी। जब हम सब लोग एकजुट होकर कार्य करेंगे तभी राष्ट्र का विकास होगा।

विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता-2023 भारतीय समाज को मजबूती प्रदान करेगा और मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महराज द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की। जिससे समाज को नई दिशा मिली है। इस विश्वविद्यालय के आयोजि दो दिवसीय विचार गोष्ठी में भारतीय न्याय संहिता 2023 के सम्बन्ध में जो सुझाव प्राप्त होंगे, उन्हें भारतीय न्याय संहिता 2023 में समाविष्ट किया जाएगा ताकि भारतीय समाज में सहभागिता बने। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 150 वर्षो के बाद इस भारतीय न्याय संहिता निर्माण कराते हुए लागू किया गया है। इसमें नए कानून की भावना के अनुरूप धाराओं को लागू करके भारतीय न्याय संहिता 2023 को बनाया गया है। जिसमें नए आयाम को लेकर कानून बनाए गए हैं। बताया कि पहले के कानून में सिर्फ पुलिस की रक्षा की गई थी, लेकिन यह कानून सर्व समाज के कल्याण के लिए बनाया गया है।

श्री तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने कहा कि जगद्गुरु ने दुनिया में सबसे पहले दिव्यांगों के शिक्षा के लिए यह विश्वविद्यालय स्थापित किया था। जिसमें इस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री राम की तपोस्थली यह धर्मनगरी न्याय की भूमि है, इस तीर्थ नगरी में आज भारतीय न्याय संहिता 2023 पर मंथन हो रहा है। यह गोष्ठी निश्चित रूप से राष्ट्र निर्माण में सार्थक होगी। प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉक्टर राजेश सिंह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 से सम्बन्धित इस विचार गोष्ठी में विद्वानों द्वारा जो मार्गदर्शन दिया जाएगा, उसका भी इस न्याय संहिता में समावेश किया जाएगा। इसके पूर्व जगद्गुरु, विधान परिषद सभापति सहित अन्य लोगों ने प्रमुख सचिव द्वारा लिखित प्राचीन भारत की न्यायिक व्यवस्था एवं महाभारत नामक पुस्तक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही सूचना विभाग द्वारा बुकलेट आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ गोपाल कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य डॉ बृजेश चंद्रा, टीएन त्रिपाठी, हरिजी पांडेय, विजय शंकरपति त्रिपाठी, देवेंद्र उपाध्याय, प्रमोद कुमार मिश्रा, शशि शर्मा, बाला पांडेय, मीरा आचार्य, तूलिका आशुतोष, मंजू यादव, ममता आर्य, कनक लता निगम, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, कृष्ण नारायण मिश्रा, शैलजा चौहान, रत्नेश्वर सिंह, विशेष सचिव विधान परिषद प्रताप नारायण द्विवेदी, शिवेंद्र सिंह व उपसचिव मुनेश कुमार सहित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय, कुलसचिव, शिक्षक, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन।

शासन के निर्देश के क्रम में प्राथमिक विद्यालय मुरली में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बड़े ही उत्साह से प्रतिभाग किया इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम



प्रस्तुत किए गए। शारदा संगोष्ठी में ड्रॉप आउट बच्चे तथा आउट ऑफ स्कूल बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया तथा उनकी उपस्थिति में ड्रॉप आउट से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा पर चर्चा की गई शारदा संगोष्ठी के अंतर्गत ऐसे बच्चे जो जिनकी उपस्थिति सर्वाधिक थी उनको सम्मानित करते हुए उन्हें विभिन्न पुरस्कार दिया गया तथा शेष बच्चों को नए सत्र में उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वार्षिकोत्सव संबंधी कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेलों सांस्कृतिक कार्यक्रमों रंगोली प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शिक्षकों तथा अभिभावकों के मध्य शैक्षिक उन्नयन पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती रोशनी देवी प्रधानाध्यापक रणवीर सिंह सहायक अध्यापिका प्रीति सिंह सुजीत पांडे संजू देवी संगीता माधुरी मिश्रा मंगरु आरती देवी रिंपा सोनम आदि उपस्थित रहे

## वीरेंद्र प्रताप सिंह चुने गए पेट्रोल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**लखनऊ।** लखनऊ पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने लखनऊ के डीलरों ने अपने नए अध्यक्ष का चुनाव किया। बैठक में पेट्रोल



पम्प डीलरों ने सर्वसम्मति से गोपरामऊ स्थित फीलिंग स्टेशन के वीरेंद्र प्रताप सिंह को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध रूप से हुआ। नवनियुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपना पदभार संभाल लिया है। अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने डीलर और एसोसिएशन के हित में कार्य करने का भरोसा जताया।

## थाना समाधान दिवस पर सुनी गई फरियादियों की फरियाद।

**पिहानी (हरदोई)।** थाने पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फरियादियों की शिकायतों को सुन रहे है। कुछ मामले तो मौके पर निस्तारित किए गए जा रहे हैं,तो शेष मौके पर जांच करने के लिए संयुक्त टीम भेजी गई है। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की शिकायतें सुन रहे कस्बा इंचार्ज अनेक पाल सिंह ने बतायाकि जो भी शिकायतें आयी



है। उसको गंभीरता से सुना गया है । तुरंत उसके निस्तारण की व्यवस्था की गयी है, जिससे फरियादियों को बार-बार दौड़ना न पड़े। शासन की त्वरित न्याय की जो मंशा है, उसको पूरा होना चाहिए। इस मौके पर हल्का नंबर 4 के उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह मौजूद है। राजस्व टीम के कानूनगो संजय मिश्रा, सदर लेखपाल आशीष बाजपेई, पंकज पाल समेत कई लेखपाल मौजूद हैं।पिहानी थाना समाधान दिवस में अहेमी के गाजीपुर के सुभाष पाल के जमीनी मामले की शिकायत सुनते कस्बा इंचार्ज अनेक पाल सिंह व उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह

## महिला ने लिखाई पुत्री के ससुराल वालों दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**हरदोई।** शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर निवासी महिला ने पाली थाना क्षेत्र निवासी पुत्री की ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न को रिपोर्ट दर्ज करवाई है।पुलिस ने जांच शुरू की है।पीड़िता कमलेश पत्नी राजाराम के अनुसार उसने अपनी पुत्री अरुणा का विवाह पाली थानाक्षेत्र के ग्राम गुटकामऊ निवासी जयपाल के पुत्र सुरजीत के साथ किया था।उसने हैसियत मुताबिक दान दहेज भी दिया था।लेकिन पुत्री का पति,ससुर,देवर दीपक ननद उपासना व उजाला और सास जयदेवी अतिरिक्त दहेज में एक लाख की नगदी,बाइक और सोने की चेन की मांग को लेकर उसकी पुत्री को आयदिन प्रताड़ित करते हैं।उसने कई बार अपनी आर्थिक स्थिति की मजबूरी भी बताई लेकिन करीब पंद्रह दिन पूर्व विपक्षियों ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।उसकी पुत्री के बहुत कहने पर उसका ससुर उसे शाहाबाद अल्लाहपुर चौराहे पर छोड़कर चला गया।कोतवाली पुलिस ने विवाहिता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शीतला अष्टमी पर भुइया देवी मंदिर में ग्रामीणों ने की स्वस्थ्य रखने की कामना

**...... मोहनलालगंज क्षेत्र मे सिसेंडी के गांव इमलिया खेड़ा में स्थित प्राचीन मंदिर भुइयां देवी में हुई विधि विधान से पूजा ,लगाया गया मेला**

स्वतंत्र प्रभात

**विनीत कुमार मिश्रा**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी गांव के मजरा इमलिया खेड़ा में स्थित शीतला अष्टमी के अवसर पर सैकड़ो वर्ष पुराने भुइयादेवी मंदिर पर पूजा अर्चना ग्रामीणों द्वारा की गई । शीतला अष्टमी के दिन धर्म ग्रंथों के अनुसार चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन माता शीतला की पूजा करने का विधान है। इस व्रत में एक दिन पूर्व बनाया हुआ भोजन ग्रहण किया जाता है प्रचलित मान्यताओं के अनुसार शीतला अष्टमी का यह व्रत करने से शीतला माता प्रसन्न होती हैं तथा जो यह व्रत करता है उसके परिवार में दाहज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े, नेत्र के समस्त रोग तथा ठंड के कारण होने वाले रोग नहीं होते। शीतला देवी के स्वरूप का शीतला स्तोत्र में वर्णन किया गया है । सिसेंडी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र की माताएं और बहनें शीतला अष्टमी के दिन विधि विधान से भुइयां देवी माता



मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना करती हैं, इस अवसर पर गांव में मेला लगता है और सभी ग्रामीण आपस में मिलकर फाग का आयोजन करते हैं इसमें ग्राम वासियों में आपसी भाई चारे का संदेश जाता है । इस अवसर पर समाजसेवी राजेश जायसवाल (राजू), बहादुर सिंह दिलीप मिश्रा , अमित दीक्षित ,राजेश लोधी , सुंदर लोधी , किशन, छोटन मिश्रा ,रामेश्वर , गणेश बाथम, सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने फाग का आनंद लिया और साथ ही भुइयादेवी माता रानी से गांव को स्वस्थ्य ,निरोग रखने की समस्त ग्राम वासियो ने कामना की है ।

# जिला संगठन द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का बकाया अवशेष भुगतान की गई मांग

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 22 मार्च, 2025 माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2024-2025 में प्राप्त लाखों रूपये के शिक्षकों के बकाया अवषेष की ग्रान्ट को यदि 25 मार्च, 2025 तक कार्यावाही करते हुए वित्तीय वर्ष के अन्त तक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के खातों मे अन्तरित नही किया गया तो जिला संगठन आन्दोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। जिला संगठन के इस निर्णय की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य उच्चाधिकारियों को दिनांक 21 मार्च, 2025 को प्रेषित की जा चुकी है।संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक, लखनऊ डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिला मंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि जिला संगठन द्वारा गत दो वर्षो से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के करोड़ों रूपये के अवशेषों का भुगतान कराये जाने के लिए विषेष अभियान चला जा रहा है। जिला संगठन के अनुरोध पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अवशेष बिलों की चेकिंग के लिए विद्यालयवार तिथियॉ निर्धारित करते हुए विशेष




कैम्प लगाए गए थे। परीक्षण के पश्चात अवशेषों की अनुमन्यता करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवशेषों के भुगतान हेतु धनाबंटन के लिए प्रकरण माध्यमिक शिक्षा निदेषालय भेजे गए। निदेषालय द्वारा अवशेषों के भुगतान के लिए धनाबंटन कर दिया गया किन्तु भुगतान में घूसखोरी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा धनाबंटन को सार्वजनिक न करते हुए गुपचुप तरीके से अवशेषों के भुगतान के लिए कुछ दलालों के माध्यम से उगाही शुरू की गई है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि गत वर्ष उत्कोच की प्रत्याशा में ग्रान्ट प्राप्त होने के पश्चात भी 53 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अवषेषों का भुगतान नही किया गया और 31 मार्च, 2024 को ग्रान्ट निदेशालय को वापस की दी गई जिसे जिला संगठन ने प्रयास कर इस वित्तीय वर्ष में भुगतान कराया। शिक्षक नेताओं ने बताया कि इसी लिए इस वर्ष जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य उच्चाधिकारियों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त धनाबंटन को सार्वजनिक करते हुए सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को इसी वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक अभियान चलाकर अवशेषों के भुगतान किए जाने की मांग की है और भुगतान न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

# सुरक्षित सफर अभियान का मकसद यात्रियों की सुगम यात्रा : रजनीश वर्मा

**........मोहनलालगंज क्षेत्र में एसीपी ने चलाया सुरक्षित सफर अभियान**
**...... सुरक्षित सफर अभियान में एसीपी रजनीश वर्मा की अगुवाई में आटो , ई -रिक्शा चालकों की गाड़ियों की हुई नम्बरिंग ।**
**......आटो ई रिक्शा चालकों को अब आटो पर दर्ज कराना होगा पंजीकरण नंबर ।**
**....... सुरक्षित सफर अभियान में बनाए गए रजिस्टर में दर्ज होगा आटो ई रिक्शा चालकों के विवरण का ब्यौरा ।**





स्वतंत्र प्रभात

**विनीत कुमार मिश्रा**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को ऑटो व ई रिक्शा के सम्बन्ध में सुरक्षित सफर अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल के निर्देश में, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमावत के पर्यवेक्षण में एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज अमर सिंह ने इस अभियान के तहत मोहनलालगंज पुलिस टीम के साथ मोहनालालगंज क्षेत्र के ऑटो व ई रिक्शा के ऊपर बड़े आकार में नम्बरिंग दर्ज कराई । नम्बरिंग के दौरान एक रजिस्टर बनाया गया जिसमें नम्बर के हिसाब से ऑटो ई रिक्शा व चालक का सम्पूर्ण विवरण मय फोटो सहित वाहन क्रमांक, रजिस्ट्रेशन नम्बर, डीएल नम्बर, चालक की फोटो, आधार कार्ड दर्ज किया जायेगा। आटो पर नम्बरिंग से किसी भी आटो पर लिखे गये नम्बर को आसानी से देखा जा सकता है जिससे किसी भी समय घटना होने पर सम्बन्धित आटो को ट्रैस करना आसान होगा एवं गैर जनपद के आटो टैम्पो व ई रिक्शा को पूर्णतया प्रतिबन्धित करने हेतु अभियान में बताया गया तथा बिना नम्बर प्लेट के वाहन चलाने वालो के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए गए । सभी ऑटो टैम्पो चालक के पास वैध लाइसेंस और वाहन का पंजीकरण होना अनिवार्य बताया गया । अवैध रूप से टैम्पो खड़ा करने, ट्रैफिक जाम पैदा करने, और गलत दिशा में गाड़ी चलाने के खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी । एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि सुरक्षित सफर अभियान के दौरान अवैध रूप से चलाए जा रहे ऑटो टैम्पो और ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं । ओवरलोडिंग के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है, और यह सड़क सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है। सभी टैम्पो आटो चालकों का पुलिस वेरीफिकेशन कराया जा रहा है।अभियान का मुख्य उद्देश्य ऑटो टैम्पो के माध्यम से होने वाले अपराधों को कम करना और यात्रियों को सुगम यात्रा प्रदान करना है।

# राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय बिशनपुर विश्राम में बड़ा घोटाला : सूत्र

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय बिशनपुर विश्राम से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। विद्यालय में हुई चोरी और सामान के गायब होने की घटनाओं ने स्थानीय प्रशासन को हैरान कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, यहां एक दर्जन से अधिक पुरानी बैटरियां गायब हो चुकी हैं। इसके अलावा, विद्यालय के परिसर में रखी गई कई टन वजनी पानी की टंकी और टावर के अवशेष भी चोरी हो गए.इन घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, और चोरी के पीछे बड़े घोटाले की आशंका जताई जा रही है।




**2019 में निर्माणाधीन दरवाजे और खिड़कियां भी गायब**

सूत्रों के मुताबिक, यह चोरी केवल बैटरियों और पानी की टंकी तक ही सीमित नहीं है। विद्यालय में 2019 में निर्माणाधीन दरवाजे और खिड़कियां भी गायब हो चुकी हैं। यह घटनाएं अब गंभीर सवाल खड़ा करती हैं कि क्या निर्माण कार्य में गड़बड़ी और अनियमिताएं रही हैं। अधिकारियों की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही की वजह से यह सामान चोरी हो रहा है।

**स्थानीय जिम्मेदारों की मिलीभगत से घोटाले की आशंका**

गायब हुए सामान और निर्माण कार्य में लापरवाही से यह मामला अधिक गंभीर हो गया है। स्थानीय जिम्मेदारों पर मिलीभगत का आरोप है, जिससे इस चोरी और गड़बड़ी के पीछे बड़ा घोटाला होने की आशंका जताई जा रही है। आरोपियों की पहचान कर इस मामले की जांच शुरू करने की मांग तेज हो गई है। स्कूल की संपत्ति के इस तरह के नुकसान से न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि बच्चों के शिक्षा का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। प्रशासन को इस मामले में कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। इस मामले में समाज कल्याण अधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया है कि टीम गठित कर जांच करवाई जा रही है दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक में केवाईसी कराने खाता धारकों को नहीं उठानी होगी परेशानी

**.........शाखा प्रबंधक अमित कुमार की पहल......शनिवार -रविवार केवाईसी व एटीएम संबंधित निपटाए जायेंगे कार्य**
**..........आज भी होगी केवाईसी...**
**शाखा प्रबंधक अमित कुमार बोले...हमारा प्रयास कोई मायूस होकर न लौटे खाताधारक**



स्वतंत्र प्रभात

**माल, लखनऊ।** मवई में स्थित इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने सराहनीय पहल करते हुए शनिवार व रविवार को शाखा में केवाईसी व एटीएम से संबंधित समस्याओं का करेंगे समाधान। आपको बता दें कि माल ब्लॉक के अंतर्गत मवई में स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने जनता की समस्याओं को देखते हुए शनिवार को अपने स्टाफ के साथ केवाईसी व एटीएम से संबंधित कार्यों को निपटाया।आज अर्थात रविवार को भी शाखा प्रबंधक अमित कुमार के द्वारा केवाईसी व एटीएम से संबंधित कार्य किए जाएंगे।जिससे खाता धारकों को परेशानी का सामना न करना पड़े व न ही भटकना पड़े।

**छुट्टी के दिन भी केवाईसी**

केवाईसी न होने के कारण लोगों खातों पर होल्ड लगा दिया गया था। जिससे बैंक परिसर में केवाईसी कराने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लग रही थी।जिसको मद्देनजर रखते हुए शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने केवाईसी व एटीएम से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर छुट्टी के दिन शनिवार व रविवार को स्टाफ के साथ शाखा में मौजूद रहेंगे।

**जानें, क्या होती है केवाईसी**

केवाईसी एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से एक व्यवसाय अपने ग्राहकों की पहचान की पुष्टि करता है और व्यावसायिक संबंधों के लिए अवैध इरादों के संभावित जोखिमों का आंकलन करता है। खाता धारक की पूरी जानकारी के लिए केवाईसी अपग्रेट किया जा रहा है। इसके लिए सभी खातों की केवाईसी की जा रही है। जिससे खाता धारक की स्पष्ट जानकारी बैंक में दर्ज हो सके।

# विहिप, बजरंग दल व श्री ठाकुर जी महाराज रामजानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट ने किया होली मिलन समारोह

**.........कार्यकर्ताओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर दिया सामाजिक एकता का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात

**रहीमाबाद, लखनऊ।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व श्री ठाकुर जी महाराज रामजानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। आपको बता दें कि रहीमाबाद - गहदो मार्ग पर फतेहपुर बलदेव खेड़ा में स्थित मंदिर प्रांगड़ में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व श्री ठाकुर जी महाराज रामजानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट होली मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में संगठनों के कार्यकर्ता, अधिकारी और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विहिप के कार्याजिलाध्यक्ष भूपेंद्र ने होली के पारंपरिक स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली के वास्तविक रंग टेसू और अन्य प्राकृतिक साधनों से ही बनाए जाते रहे हैं। इस मौके पर श्री ठाकुर जी महाराज रामजानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अक्षत तिवारी ने कहा कि होली में जातिगत भेदभाव नहीं होता। उन्होंने कुंभ का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां 60-65 करोड़ हिंदू एकत्रित हुए। सभी ने साथ में स्नान किया और



भोजन किया। सभासद रवि राजपूत ने सामाजिक एकता पर बल दिया।यह भी कहा कि होली संदेश देता है कि हमारी जिंदगी में हर रंग शामिल हो । वहीं सूरज सिंह ने अपने अपने संबोधन में सामाजिक एकता और समरसता पर विशेष जोर दिया।साथ ही लोगों से अपील की कि होली रंगों का त्योहार है, इसे लोग आपस में मिलजुल कर और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। सौरभ रंगीला ने अपने संबोधन में कहा कि भावी पीढ़ी को अपने त्योहार और संस्कृति से जोड़ने का होली मिलन समारोह एक माध्यम है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल- सनातन संस्कृति को मजबूत करते हुए लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विभिन्न पदाधिकारियों ने हिंदू समाज की सुरक्षा और एकता के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज के भीतर एकजुटता और सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस मौके पर सुनील सिंह,हरिशंकर शुक्ला,धीरेन्द्र तिवारी,सुशील यादव,अवधेश कुमार, रामेश्वर, महेश, प्रकाश,राजिंदर,हरिराम,नेत्रपाल,श्यामलाल,संजीत,रंजीत,विशुन कृष्णा तिवारी,सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।।

# किसान के खेत में मिला युवक शव, पुलिस फॉरेंसिक टीम पहुंची घटनास्थल पर

स्वतंत्र प्रभात

**कोथावां/हरदोई।** बेनीगंज कोतवाली पुलिस चौकी कोथावां क्षेत्र के मदनापुर गांव के एक किसान के गेहूं के खेत में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। दुखद खबर की भनक लगते ही आसपास गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी विजय कुमार ने घटना की सूचना कोतवाली बेनीगंज को व फोरनेसिक टीम को दी। फॉरेनसिक टीम ने बारिकी से जांच कर घटनास्थल पर नमूने कलेक्ट किए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिले पर भेज दिया। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ निवासी शकील पुत्र हबीब उम्र करीब 32 वर्ष जो दिल्ली मे सिलाई का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। 12 मार्च को दिल्ली से यह अपने घर आया हुआ था।मृतक की पत्नी तरन्नुम बानो के अनुसार शुक्रवार सुबह 10 बजे घर से बिना बता के निकल गया था। देर शाम यह जब शकील घर नहीं पंहुचा। तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी थी।शनिवार सुबह शकील का शव शारदा नहर शाखा संडीला पर बेनगंज




कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर गांव समीप किसान के गेहूं के खेत मे पड़ा हुआ लोगो ने देखा।शव पड़े होने की सूचना पर क्षेत्र मे हड़कंप मच गया।गेहूं के खेत में युवक के पड़े होने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी विजय कुमार ने घटना की सूचना कोतवाली बेनीगंज को व फोरनेसिक टीम को दी। फॉरेनसिक टीम ने बारिकी से जांच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक अपने पीछे अपनी माँ नन्हकी पत्नी तरन्नुम बानो व फलक (12), कैनात (10)साद (5),अलीजा(3),अहान(2) को छोड़ गए है। क्राइम इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार सिंह ने ने बताया कि मदनापुर गाव के पास गेहूं के खेत में एक युवक का शव मिला है। पहचान हो गई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# प्रधान मंत्री आवास योजना का समयानुसार कराए सर्वे

स्वतंत्र प्रभात

**मनकापुर गोण्डा ।** शासन एवं प्रशासन द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी ग्राम पचायतो मे गरीब पात्र व्यक्तियों को आवास दिलाने हेतु विगत जनवरी माह से पात्र व्यक्तियों के सर्वे का काम निर्धारित सर्वेयर टीम द्वारा चल रहा हैं ताकि जो भी झुग्गी झोपडी या पल्ली लगाकर परिवार के साथ निवास कर रहे पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके इसके लिए शासन प्रसासन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी एवं उनके कर्मचारियों द्वारा प्रति मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर जनता को आवास सर्वे के लिए जागरूक किया जारहा हैं इसी क्रम मे खण्ड विकास अधिकारी ब भनजोत ओ पी सिंह यादव ने जानकारी देते हुए कहा सभी ग्राम पंचायत के गरीब पात्र व्यक्तियों से अपील किया जा रहा हैं कि 31 मार्च तक आवास का सर्वे का कार्य सर्वेयर टीम द्वारा जारी हैं जो गरीब पात्र व्यक्तियो का आवास सर्वे नहीं हो पाया हैं तो खण्ड विकास



अधिकारी द्वारा निर्धारित सर्वेयर टीम मे ग्राम प्रधान से लेकर पंचायत सचिव,रोजगार सेवक से 31 मार्च तक मिलकर सर्वे का कार्य पूरा कर ले क्योंकि 31 मार्च तक आवास सर्वे का कार्य बंद हो जाएगा। ततक्रम मे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड के समस्त ग्राम प्रधान गणो, समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य गणो एवं समस्त जिला पंचायत सदस्य गणो एवं ब्लॉक प्रमुख से विन्रम निवेदन हैं कि विकास खण्ड मे जितने भी आवास विहीन, कच्चे मकान मे रहने वाले, छप्परो मे रहने वाले पात्र व्यक्तियों का अभी तक आवास मे सर्वे नहीं हो पाया हैं उनका 31 मार्च तक सर्वे का कार्य पूरा कराने मे अपना अमूल्य योगदान दें ताकि इस योजना से कोई गरीब पात्र परिवार आवास से वँचित न रहा सके।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आगामी त्यौहारों नवरात्रि, अलविदा की नमाज व ईद-उल-फितर के दृष्टिगत थाना मुसाफिरखाना पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा की गई गोष्ठी



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों नवरात्रि, अलविदा की नमाज व ईद-उल-फितर के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा थाना मुसाफिरखाना पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने व पालन करने हेतु अपील की गयी । इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### एआईबीई परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कृष्णा जनकल्याण सेवा संस्थान ने किया सम्मानित

**कृष्णा जनकल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक पी0 के0 तिवारी ने सम्मानित कर किया उत्साहवर्धन**



**बाजार शुकुल, अमेठी।** क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव निवासी लंबे अरसे से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप कुमार शुक्ला के बीसीआई द्वारा आयोजित आल इंडिया बार एग्जामिनेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सामाजिक संस्था कृष्णा जनकल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक पी0 के0 तिवारी ने कुलदीप कुमार शुक्ला को संस्था की तरफ से प्रोत्साहित कर सम्मानित कर बधाई दी और अग्रिम उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप कुमार शुक्ला ने कृष्णा जनकल्याण सेवा संस्थान संस्था व संस्था के प्रबंधक पी0 के0 तिवारी एवं संस्था द्वारा अनवरत किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है।इस अवसर पर समाजसेवी एवं किसान नेता राम प्रसाद शुक्ला,सर्वेश शुक्ला,दिलीप शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### व्यापारी नेता सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब वह बाइक से बेहटा चौराहा की ओर जा रहे थे। चौराहे पर अचानक एक आवारा मवेशी उनकी बाइक के सामने आ गया। जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने फौरन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक उनके पैर में गहरी चोट लगी है। घटना के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, मतुंजय बाजपेयी,शिवम गुप्ता आदि व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। व्यापार मंडल के सदस्यों ने विवेक शर्मा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### रात होते ही आसमान से बरसते हैं पत्थर कई हो चुके चोटहिल

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पट्टी क्षेत्र अंतर्गत महोखरी गांव में कुछ दिनों से रात होते ही आसमान से पत्थर बरसने लगते हैं। इस पत्थरों से कई लोग घायल हो चुके हैं तो कइयों के मकान व सामान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना की चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे मोहल्ले को नहीं पता कि पत्थर कौन और कहां से फेंक रहा है। खोजबीन करने पर कोई नहीं मिलता। ऐसे में क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंद्रह सोलह दिनों से ऐसा लगातार हो रहा है। इससे क्षेत्र के लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शाम सात बजते ही पत्थरों की बारिश शुरू होती है तो रात 11 बजे तक लगातार चलती रहती है। 8 मार्च की शाम ही हुए पत्थरबाजी में महिला घायल हो चुकी हैं, जिनके सिर पर पत्थर गिरने से उन्हें गंभीर रूप से चोट आई है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस संबंध में गांव निवासी रामदुलार यादव, भूलन गुप्ता, बब्लू गौतम, मंजीत यादव, राजकुमार यादव ने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली में की है। सभी ने बताया है पत्थरबाजी से उन सबके परिवार व मोहल्लेवासी भय के माहौल में जी रहे हैं। वहीं घरों में पत्थर गिरने से घर तो क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं, साथ ही लोगों को भी चोटें आ रही है।

# विश्व कल्याण और मानव कल्याण के लिए आज अमेठी ने रख दी नींव - डॉ चिन्मय पांड्या

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए अमेठी में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित राष्ट्र जागरण दो सौ इक्यावन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन की शाम अमेठी चौबीस हजार दीपों से जगमगा उठी। देर रात तक चले इस कार्यक्रम से हर पहुंचने वाले के चेहरे पर उल्लास और नव निर्माण की मुस्कान और उत्साह दिखाई दे रहा था। हजारों की तादाद में यज्ञस्थल पर जमा भीड़ अमेठी में विकासात्मक बदलाव की गवाही दे रही थी। शुक्रवार शाम से देर रात तक राष्ट्र जागरण को लेकर हुए दीप यज्ञ कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम स्थल पर जिले के आलाकमान अधिकारियों समेत मंत्री,विधायक सहित तमाम संगठनों के लोगों समेत हजारों लोगों ने दीप यज्ञ का हिस्सा बनकर राष्ट्र के उत्थान की कामना की। शुक्रवार शाम गायत्री परिवार की ओर से चौबीस हजार दीपों के साथ दीप यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति एवं आज के विवेकानंद कहे जाने वाले डॉ चिन्मय पांड्या ने जन समूह को संबोधित किया। डॉ चिन्मय पांड्या ने गायत्री मंत्र को महामंत्र बताते हुए कहा कि इस मंत्र में विशिष्ट शक्ति विद्यमान है। स्वाहा शब्द के अलग अलग अर्थ को बताते हुए कहा कि भगवान के सामने हम बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से बैठे हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे प्रसिद्ध गीतकार और युवाओं की धड़कन मनोज मुंतशिर ने अमेठी में गायत्री शक्तिपीठ की नींव रखने वाले स्व0 डॉ0 सुरेंद्र प्रताप सिंह को याद करते हुए कहा कि उनके संकल्पों का सुखद परिणाम है।.

कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि,विधायक राकेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी अमेठी निशा अनंत, पुलिस अधिक्षिका अपर्णा रजत कौशिक, सीडीओ सूरज पटेल, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी की भी मौजूदगी रही।

## हलोर गांव के होली मिलन समारोह में दिखाई दी गंगा, जमुनी, तहजीब -रामलाल अकेला

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली।** हलोर गांव के होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की प्रतिभा देखकर ऐसा लगता है, कि हलोर गांव में आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में ऐसे कार्यक्रमों का कराया जाना नितांत आवश्यक है, जिससे कि समाज में लोग एक दूसरे से गले मिलकर व आपसी भाईचारे को मजबूत करें यह उद्गार आज दिन शनिवार को क्षेत्र के हलोर गांव में विशाल होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल अकेला व्यक्त कर रहे थे। बताते चले कि, विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हलोर गांव स्थित संगम वीर बाबा के मैदान में विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक संत कुमार चौधरी पूर्व प्रधान व श्रवण कुमार चौधरी रहे कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा किए गए रामलीला मंचन का आनंद उठाया तो वहीं कलाकारों ने एक से एक कलाएं प्रस्तुत की उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि विगत कई वर्षों से मैं हलोर के होली मिलन समारोह में आता रहा हूं और इस होली मिलन समारोह में आपसी भाईचारे का जो अपनापन देखने को मिलता है वह काबिले तारीफ है। उपस्थित माताओं बहनों भाइयों व बुजुर्गों को होली की बधाई देता हूं तथा आप सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भाईचारा बनाए रखें, तो वही कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान संत कुमार चौधरी ने राम सीता और लक्ष्मण की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक संत कुमार चौधरी, श्रवण कुमार चौधरी, भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, जमुना प्रसाद मिश्रा, अरुण कुमार उर्फ दद्दू सिंह, माता फेर सिंह, भरत मिश्रा, इंद्रदेव शुक्ला, पूर्व प्रधान रविराज सिंह, राजकुमार मिश्रा, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह, बब्लू वैश्य, हौसिला तिवारी, कृष्ण कुमार वर्मा, सत्येंद्र सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश मसाला ने जनप्रतिनिधियों के साथ किया रात्रि भोज का आयोजन



**अमेठी।** शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा जिले में आयोजित राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में पहुंचे प्रदेश सरकार के कई मंत्री व बॉलीवुड अभिनेता। देर रात्रि अमेठी के खेरौना स्थित देवयज्ञ नगर में आयोजित महायज्ञ में प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, दारा सिंह चौहान, सतीश चन्द्र शर्मा व अभिनेता मनोज मुंतशिर के साथ उद्योगपति राजेश मसाला हुए शामिल। यज्ञशाला परिसर में आयोजित प्रवचन में पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं को यज्ञशाला में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी अभियान में नशामुक्त अभियान का संकल्प दिलाया गया। महायज्ञ के बाद राजेश मसाला के आवास पर पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह,दारा सिंह चौहान व अभिनेता मनोज मुंतशिर के देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ चिन्मय पांड्या पहुंचे जहां पर सभी ने भोजन किया।. वहीं इस मौके पर राजेश मसाला ने क्षेत्र के निराश्रित व गंभीर रूप से बीमार करीब आधा दर्जन लोगों के इलाज के लिए 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि भी प्रदान की।

### उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना दिवस



**महराजगंज/रायबरेली।** थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में कुल 10 शिकायती पत्र आए जिसमें 2 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। बताते चले कि, शनिवार को आयोजित होने वाले थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी सचिन यादव कर रहे वहीं थाना दिवस में कुल 10 शिकायती पत्र आए जिसमें राजस्व के 7 पुलिस के 3 दो शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एसआई दिनेश गोस्वामी, रोहित कुमार, एसएसआई देवेंद्र सिंह भदोरिया सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## कालिका देवी मंदिर परिसर में वार्षिक फाग महोत्सव एवं मेले का किया गया आयोजन



● लगभग एक दर्जन गांवों की फाग टीमों ने लिया हिस्सा

सैकड़ों वर्षों से चैत्र मास की अष्टमी को सम्पन्न होता आ रहा है महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** शनिवार को मदईखेड़ा गांव में स्थित मां कालिका देवी के मंदिर परिसर में वार्षिक फाग महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया।इसमें लगभग एक दर्जन गांवों की फाग टीमों ने हिस्सा लिया।मंदिर परिसर में यह महोत्सव सैकड़ों वर्षों से चैत्र मास की अष्टमी को सम्पन्न होता आ रहा है।श्रद्धालु आकर मंदिरों में पूजा अर्चना करते हैं, फाग गायन का आनंद उठते हैं तथा मेले में खरीद फरोख्त भी करते हैं।इस बार देर रात तक चलने वाले इस महोत्सव में जोगापुर, टौंगा, बढ़इन का पुरवा, मदईखेड़ा, हसनापुर, गौतमन खेड़ा आदि गांवों की टीमों ने भाग लिया।मेले के आयोजक ग्राम प्रधान सुनील कुमार व व्यवस्थापक विष्णु प्रताप सिंह मिश्र ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व से ही महोत्सव की तैयारियाँ शुरू कर दी गई थी। मंदिर की पुताई कराई गई व परिसर की सफाई भी की गई। इस अवसर पर राजेंद्र मिश्रा,ऋतुराज सिंह,गिरिजा शंकर,शम्भु,भंवर पाल सिंह,गयाबक्श सिंह,महेंद्र सिंह,सूर्यबहादुर आदि मौजूद रहे।

## जाम से निजात दिलाने एवं बाईपास बनवाए जाने के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

● डलमऊ कस्बे के मुराई बाग क्षेत्र में भीषण जाम लगने से व्यापार में पड़ रहा प्रभाव



स्वतंत्र प्रभात

**डलमऊ रायबरेली-** डलमऊ कस्बे में जाम की समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। नगर क्षेत्र में भारी एवं माल वाहक वाहनों के प्रवेश के चलते जाम की समस्या कई गुना बढ़ जाती है इन भारी एवं माल वाहक वाहनों के चलते ही बीते कुछ महीनो में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बड़ा है जिसके चलते कई लोगों की जानें भी जा चुकी है।मुराई बाग क्षेत्र में जाम की समस्या को लेकर व्यापारिक संगठनों एवं नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बाईपास बनाने के लिए कई बार शासन एवं प्रशासन से मांग की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। जाम एवं लगातार सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत से आहत होकर भाजपा महामंत्री रायबरेली दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को स्थानीय व्यापारियों के साथ उप जिलाधिकारी डलमऊ रजति राम गुप्ता से मुलाकात की और जाम की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि डलमऊ गंगा तट पर बसा एक धार्मिक व आध्यात्मिक नगर है डलमऊ कस्बे में लगभग 15 हजार की आबादी स्थायी रूप से निवास करती है।यहां पर तहसील स्तर के सभी विभागों के मुख्यालय स्थित है यहां प्रत्येक मास की पूर्णिमा एवं अमावस्या को भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं साथ ही देश व प्रदेश के बड़े महानगरों से भारी वाहनों का अवागमन लगा रहता है।कस्बे में जाम की समस्या मुख्यतः ट्रेनों के आवागमन के समय रेलवे गेट बंद होने एवं विद्यालयों के अवकाश के समय तथा बाजार के दिन जाम अनियन्त्रित हो जाता है। इस संबंध में कई बार विभिन्न समाजिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा शासन व प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बाईपास या रिंग रोड की मांग की गई लेकिन इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नही किया गया।भाजपा महामंत्री दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि एसडीएम से मिलकर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बाईपास या रिंग रोड बनाने तथा तत्काल में भारी वाहनों के डायवर्जन एवं वैकल्पिक व्यवस्था के लिए बातचीत की गई है। एसडीएम ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलनात्मक कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी राजति राम गुप्ता ने बताया कि जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए डायवर्जन एवं वैकल्पिक व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा तथा बाईपास या रिंग रोड निर्माण के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर सुधीर जायसवाल, मनोज सोनकर, विनीत जायसवाल, गोविंद तिवारी, राजन अग्रहरि, जतन पाठक, नीरज जायसवाल(टीवीएस), प्रशांत शर्मा आर्यन गुप्ता, राजू गुप्ता, दीपांशु गुप्ता, गोविंद कौशल, अरविंद जायसवाल, राकेश शर्मा शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जीवन में उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है श्रीमद् भागवत कथा- संध्या भारद्वाज

स्वतंत्र प्रभात



**रायबरेली।** गुरबक्श गंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बींझे गांव में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। आपको बता दें कि, ग्राम सभा बींझे में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को सिधौना अमांवा से आई कथा व्यास श्री संध्या भरद्वाज ने भगवान श्री हरि विष्णू के 24 अवतारों की कथा अदभुत रुपो में प्रस्तुती की। कथा व्यास ने बताया कि,भगवान विष्णू हमेशा अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। भक्तों के कल्याण व दुष्टें के नाश के लिए ही भगवान विष्णु 23 वार अवतार ले चुके हैं। कथा व्यास ने समस्त श्रोताओं को बताया कि भगवान विष्णु अर्जुन को कुरुक्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का ज्ञान देते हुए कहते हैं कि, हे अर्जुन मैं अजन्मा और अविनाशी स्वरूप होते हुए भी तथा समस्त प्राणियों का ईश्वर होते हुए भी अपनी प्रकृति को अधीन करके अपनी योग माया से प्रकट होता हूं हे अर्जुन जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म की बृध्य होती है तब तब मैं ही अपने रूप को रचता हूं अर्थात साकार रूप से लोगों के सनमुख प्रकट होता हूं हे अर्जुन मेरे जन्म लेने के तीन उद्देश्य होते हैं। पहला साधु पुरुषों का उद्धार करना, दूसरा पाप कर्म करने वालों का विनाश करना, तीसरा धर्म की अच्छी तरह से स्थापना करके मैं युग - युगांतर में प्रकट हुआ करता हूं। कथा व्यास संध्या भारद्वाज द्वारा विभिन्न प्रसंगों को सुनकर पांडाल में बैठे हजारों श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

आपको बताते चलें कि, कथा व्यास ने यह भी बताया कि श्री कृष्ण के रूप में जब उन्होंने अवतार लिया था तो उन्होंने कंस का वध किया। जिसके बाद महाभारत में उन्होंने गीता का संदेश दिया जो मानव जीवन की सच्चाई है। अगर हम भागवत गीता में निहित ज्ञान को जान ले तो हमें मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब जब पृथ्वी पर संकट आता है तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेते हैं। 23 अवतारों में से भगवान विष्णु के कुछ अवतार इस प्रकार हैं। जिसमें मत्सय अवतार, वराह अवतार, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, परशुराम अवतार, राम अवतार, कृष्ण अवतार इत्यादि। कलयुग के बाद कल्कि अवतार होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में ईश्वर की भक्ति अवश्य करनी चाहिए। ईश्वर की भक्ति करने से न केवल मन की शांति मिलती है बल्कि मानव का कल्याण भी होता है। इस मौके पर यज्ञशाला के प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, अरुण कुमार त्रिपाठी, आनंद मिश्रा, यजमान विश्वनाथ सिंह सपत्नीक सुशीला सिंह सहित करुणा नाथ सिंह, रणविजय सिंह, पारसनाथ सिंह, योगेंद्र नाथ सिंह, सतीश नाथ सिंह, गजेंद्र नाथ सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, वीरेंद्र नाथ सिंह,औतंश नाथ सिंह, दीपांशू सिंह, हिमांशू सिंह, जितेंद्र सिंह, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पीएम श्री विद्यालयों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में आज पीएम श्री विद्यालयों की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का प्रथम जनपदीय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी चतरा अरविंद कुमार और जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) जय किशोर वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद, अतिथियों ने क्रीड़ा ध्वज फहराया और क्रीड़ा शपथ दिलाई, जिससे खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई।प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में खंड शिक्षा अधिकारियों धनंजय सिंह (रॉबर्ट्सगंज), अरविंद कुमार सिंह (चतरा) और राकेश कुमार पांडे (करमा) ने निर्णायक मंडल सदस्यों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे।बालिका संवर्ग 100 मीटर दौड़ कुमारी पूजा (कंपोजिट विद्यालय सरवट) - प्रथम, कुमारी चांदनी (कंपोजिट विद्यालय बहुअरा) - द्वितीय। गोला प्रक्षेपण, कुमारी प्रतीक्षा (कंपोजिट विद्यालय सरवट) - प्रथम, कुमारी अर्चना (कंपोजिट विद्यालय मगरदहा) - द्वितीय।लंबी कूद, मनीषा (कंपोजिट विद्यालय सरवट) - प्रथम, कुमारी खुशबू (कंपोजिट विद्यालय पलहारी) - द्वितीय।पोस्टर प्रतियोगिता, कुमारी इच्छा (कंपोजिट विद्यालय घोरावल) - प्रथम, कुमारी अंजलि (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) - द्वितीय। लोकगीत प्रतियोगिता, कंपोजिट विद्यालय मगरदहा - प्रथम, कंपोजिट विद्यालय हिनौता - द्वितीय।बालक संवर्ग,100 मीटर दौड़ मनोज कुमार (कंपोजिट विद्यालय जड़ेरुआ)- प्रथम, अंशु कुमार (कंपोजिट विद्यालय घोरावल) - द्वितीय।गोला प्रक्षेपण, मनोज कुमार (कंपोजिट विद्यालय जड़ेरुआ) प्रथम, विराट कुमार (कंपोजिट विद्यालय हिनौता)- द्वितीय।लंबी कूद, शिवम कुमार (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) - प्रथम, आशीष कुमार (कंपोजिट विद्यालय सरवट)- द्वितीय।पोस्टर प्रतियोगिता, रवि किशन (कंपोजिट विद्यालय घोरावल) - प्रथम, मोहम्मद अयान (कंपोजिट विद्यालय हिनौता) - द्वितीय। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस विशिष्ट आयोजन में एसआरजी विनोद कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सैय्यद अनवर हुसैन, नंदकिशोर (ब्लॉक स्काउट शिक्षक रॉबर्ट्सगंज), मदन लाल (ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रॉबर्ट्सगंज), एआरपी हृदेश सिंह, केसर सिंह, उमा सिंह पटेल, वरुण त्रिपाठी और मंच संचालक आनंद प्रकाश त्रिपाठी सहित खेल शिक्षकों, अनुदेशकों और विभिन्न विकास खंडों के प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया।

### ओबरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दुष्कर्म और एससी/एसटी मामले में वांछित अपराधी गिरफ्तार



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीना के निर्देशानुसार, जनपद में फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, ओबरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बृजेश यादव पुत्र महेन्द्र यादव, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 22 वर्ष।22 मार्च 2025 को सुबह 9ः05 बजे ओबरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बृजेश यादव को गिरफ्तार किया।यह गिरफ्तारी मु0अ0सं0-57/25 धारा 69, 88, 351(3), 352 बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध व 3(1)(ड्) से सम्बन्धित प्रकरण में की गई है।गिरफ्तार अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।गिरफ्तारी टीम,उ0नि0 धर्मनारायण भार्गव, थाना ओबरा।हे0का0 आशीष कुमार पटेल, थाना ओबरा।का0 युवराज यादव ,यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीना, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई है।

### सोनभद्र जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने शुक्रवार, 22 मार्च 2025 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज के मूल्यांकन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूल्यांकन कर रहे परीक्षकों से बातचीत की और केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा की कॉपियों के मूल्यांकन में लगे सभी अधिकारी नियमित रूप से केंद्रों का निरीक्षण करें।उन्होंने मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मूल्यांकन केंद्रों की निरंतर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रॉबर्ट्सगंज में हाई स्कूल की 90,000 कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है।राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की लगभग 46,000 कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है।उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर दी गई हैं और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है।जिलाधिकारी का यह औचक निरीक्षण बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था।

### रामपुर बरकोनिया पुलिस ने चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत रामपुर बरकोनिया पुलिस ने चोरी के एक मामले में सफलता हासिल की है।गिरफ्तार अभियुक्त,विजय खरवार पुत्र गोपाल खरवार, निवासी ग्राम बैजनाथ, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 20 वर्ष। 22 मार्च 2025 को रामपुर बरकोनिया पुलिस ने विजय खरवार को ग्राम बैजनाथ में एक अर्धनिर्मित खाली मकान से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया।अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। बरामद सामान, एक सोने का मंगलसूत्र। सोने का छोटा लॉकेट, नारंगी रंग के धागे में बंधा हुआ।एक सफेद धातु का छोटा जूतिया।एक लाल रंग का मोतियों का गुच्छा, जिसमें सोने की तीन गुरिया मोती हैं। सफेद धातु की दो हाथ की शंकर (मेंहदी)।सफेद धातु की एक जोड़ी पायल।सफेद धातु की एक जोड़ी बिछिया की लर।सफेद धातु का एक सिक्का जैसा लॉकेट। गिरफ्तारी टीम,थानाध्यक्ष कमल नयन दूबे, थाना रामपुर बरकोनिया।उपनिरीक्षक सुक्खू राम यादव, थाना रामपुर बरकोनिया। हेड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह यादव, थाना रामपुर बरकोनिया। हेड कांस्टेबल विक्रम प्रताप सिंह, थाना रामपुर बरकोनिया।

## विकसित भारत के निर्माण में शिक्षित युवा मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय लालगंज प्रतापगढ़ में आयोजित विकसित 'भारत युवा सांसद 2025' कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतापगढ़ जनपद के 90 छात्रों ने प्रतिभा करते हुए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी प्रतिभागियों ने संपूर्ण देश में प्रत्येक स्तर के चुनाव एक साथ कराए जाने के समर्थन में अपने तर्क प्रस्तुत किया तथा वर्तमान निर्वाचन प्रणाली के दुष्परिणामों पर राय व्यक्त किए। 10 प्रतिभागियों में कौशिकी सिंह को प्रथम, आदर्श पाण्डेय को द्वितीय एवं आकांक्षा सुल्तानपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में %एक राष्ट्र एक चुनाव% विषय को प्रतिभागियों के समक्ष स्पष्ट करते हुए युवाओं से देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी तक पहुंचाने हेतु उनके पूर्ण समर्थन का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि शिक्षित युवा ही विकसित भारत का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए भारत की युवा वर्ग को अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूर्ण समर्पण भाव से करना होगा। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में सर्वश्री आरबी सिंह प्रो.किरण मिश्रा प्रो. विजय कुमार मिश्रा प्रो. पीयूष कांत शर्मा एवं डॉ. अनीता पांडे ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ राजकुमार पांडे इंजी0 जितेंद्र त्रिपाठी प्रो. राजेंद्र प्रसाद मिश्र. प्रो.ऋचा कुमार सुकुमार डॉ सीमा त्रिपाठी डॉ निशांत पांडे डॉ वाचस्पति मिश्र डॉ संतोष मिश्रा डॉ श्याम नारायण त्रिपाठी डॉ शिव कुमार यादव डॉसत्यम तिवारी एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में नेहरू हुआ केंद्र के एपीए विनय कुमार मिश्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संपूर्ण कार्यक्रम डॉ.फणींद्र नारायण मिश्र, जिला नोडल अधिकारी एनएसएस प्रतापगढ़ के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर शहीद उद्यान में 25 मार्च से त्रिदिवसीय मेले का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष तथा केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25, 26 एवं 27 मार्च को शहीद उद्यान में आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव/जनपद के नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के साथ कार्यक्रम स्थल शहीद उद्यान का स्थलीय निरीक्षण स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने कहा कि 25 से 27 मार्च तक शासन की 8 वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जाय।उन्होने कहा कि त्रिदिवसीय मेले में अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से लेकर समाज कल्याण,पेंशन, राशन आदि के क्षेत्र में सम्बन्धित क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया जाय। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, ऋण/टूलकिट योजना आदि से अनाच्छादित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाय। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश व अधिवक्ता न्यायिक निर्णय के दो पहिए

**● -हाईकोर्ट न्यायमूर्ति ने किया पारिवारिक न्यायालय का भूमिपूजन**





**कानपुर।** न्यायाधीश और अधिवक्ता,दोनों ही वादकारी के हित में न्यायिक निर्णय की मंजिल तक शीघ्र पहुंच बनाने वाले रथ के दो पहिए की तरह है, यह बात कानपुर देहात प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद रजनीश कुमार ने पारिवारिक न्यायालय की भूमि पूजन और शिलान्यास के दौरान बार पदाधिकारियों व बार सदस्यों से कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कि आज के समय में रिश्तों को बहुत बचा कर और संभाल कर चलना होता है और सिर्फ पति या सिर्फ पत्नी की यह कर्तव्य नहीं है कि वह रिश्ते को निभाएं बल्कि पति पत्नी दोनों ही रिश्ते में शामिल हैं। इसलिए दोनों का यह फर्ज बनता है कि वह अपने रिश्ते को बनाकर रखें। इस मौके पर विधि विधान से भूमि पूजन किया गया कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी चेयरमैन वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे और संबोधित किया था वर्चुअल शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान और जिला बार महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने जिला जज के माध्यम से प्रशासनिक न्यायमूर्ति रजनीश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि 35वर्ष पूर्व निर्मित जीर्णशीर्ण निष्प्रयोज्य अधिवक्ता भवन के जीर्णोद्धार में हो रहे धन के दुरुपयोग की जांच कराई जाए रिक्त न्यायालयों व कार्यालयों को भरा जाए। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि पारिवारिक न्यायालय पति-पत्नी के टूटते रिश्तों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं. इसमें न्यायालय के साथ अधिवक्ताओं की भी अहम भूमिका होती है। इस दौरान अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान जिला बार महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने प्रशासनिक जज रजनीश कुमार को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला जज जय प्रकाश तिवारी प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश जगदीश प्रसाद अपर जिला जज रजत सिन्हा दुर्वेश कुमार पूनम सिंह शरद कुमार त्रिपाठी सीजीएम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी व जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी गण तथा जिला बार माती मुख्यालय महामंत्री अरविन्द कुमार कुशवाह सर्वेंद्र सिंह यादव महेंद्र सिंह जिला बार पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र सिंह गौर एस पी पांडे राघवेन्द्र सिंह रंजीत सिंह आदि रहे।

# कानपुर में जेप्टो के इंवार्ज ने 4 लाख लूट की दी फर्जी सूचना

**● -फजलगंज में दो पक्षों में लड़ाई को बता दिया चार लाख की लूट**



स्वतंत्र प्रभात


**कानपुर।** जेप्टो का डिलीवरी मेन की बाइक एक दूसरी बाइक से टकरा गई और दोनों में कहासुनी तथा मारपीट हो गई। यह मामला फजलगंज थाना क्षेत्र का था। और इसी बीच जेप्टो के डिलीवरी इंचार्ज ने पुलिस को सूचना दी कि उनके कर्मचारी के साथ 4 लाख की लूट हो गई। जब पुलिस वहां पहुंची तो पूरा मामला प्रकाश में आया। प्रभारी निरीक्षक फजलगंज द्वारा अवगत कराया गया कि-पीआरवी की सूचना पर मैं प्रभारी निरीक्षक फजलगंज व चौकी प्रभारी ई स्टेट लोकेंद्र सिंह के साथ मौके पर पहुंचा एवं जांच की तो पाया कि जेप्टो कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी अनुराग पुत्र मुकेश विश्वकर्मा डिलीवरी देने के लिए अपनी बाइक से जा रहा था कि सीएल चौराहा पर बाइक एक अज्ञात आदमी से टकरा गई और दोनों लोगों में कहां सुनी व गली गलौज हो गई दोनों पक्ष के लोगों ने अपने-अपने पक्ष के आदमी बुला लिया वह मारपीट हो गई। तभी पुलिस को जल्दी बुलाने के लिए zepto के राइडर शिफ्ट इंचार्ज के द्वारा 112 पर चार लाख लूट की सूचना दी गई जो झूठी व फर्जी है।वादी व प्रतिवादी दोनों को पकड़कर थाना फजलगंज लाया गया है। झगड़े के बारे में जाँच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। चार लाख लूट के संबंध में दी गई सूचना झूठी व निर्थक हैं।

# बिठूर महोत्सव का शानदार समापन समारोह आज



**● -तीन दिन चले बिठूर महोत्सव में महाराष्ट्र की कला को दिया रंग**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम, भजन व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के आयोजनों को कराकर बिठूर महोत्सव का आज समापन समारोह होगा जिसमें सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भाग लेंगे। बिठूर महोत्सव कुछ वर्षो से सन् 1857 की क्रांति के नायक नाना राव की याद में मनाया जाता है। नाना राव मराठा साम्राज्य के अंतिम पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र थे 1857 के भारतीय विद्रोह में एक महत्वपूर्ण नेता थे। नाना राव ने कानपुर में विद्रोह का स्थान बनाया था और नेतृत्व किया था। उन्हीं की याद में बिठूर में एक पार्क का निर्माण किया गया है। बिठूर के विधायक और युवा जनप्रिय विधायक अभिजीत सिंह सांगा के कठिन प्रयासों से बिठूर महोत्सव हर बार अच्छा होता जा रहा है। विधायक सांगा के ही प्रयास से आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिठूर महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

# 21 रमजान शहादत मौला अली पर गोष्ठी का आयोजन

**● -क्या शान है हजरत अली की काबे में विलादत मस्जिद में शहादत**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** आज दिनांक 22 मार्च 2025 यानी 21 रमजान उल मुबारक को कुल हिंद जमीअतुल आवाम द्वारा शहादत ए मौला अली करम अल्लाह वजहुल करीम के मौके पर कुली बाजार स्थित कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दामाद अमीरुल मोमिनीन इस्लाम के चौथे खलीफा हजरत अली को याद किया गया और उनके द्वारा इस्लाम के लिए की गई। खिदमात और उनके मर्तबे पर रोशनी डाली गई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कारी आरिफ रजा कादरी ने बताया कि इराक के शहर कूफ़ा मे 19 रमज़ान को मस्जिद-ए-कूफ़ा में फ़ज्र की नमाज़ में मौला ए क़ायनात हजरत अली पर अब्दुल रहमान इब्ने मुल्ज़िम मलाऊन ने ज़हर से आलूद तलवार से (हमला किया) जिसकी वजह से 21 रमज़ान को आप हज़रत अली की शहादत हुई थी यह दिन दुनिया भर में बहुत अदब से याद किया जाता है लोग फातिहा खानी और मौला अली को याद करके उनके फजएल और बहादुरी के किस्से सुनते हैं हमको भी इस दिन हजरत अली की शहादत और उनकी इस्लामी जिंदगी से सबक लेना चाहिए और उनके बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए!

वक्ताओं ने यह भी कहा कि हजरत अली और उनकी औलादो का दीन ए इस्लाम पर बहुत बड़ा एहसान है जिसको हमेशा याद किया जाएगा इस्लाम की इफ्तिदा से लेकर और दुनिया ए आखिरत तक उनके घर वालों ने इस्लाम को अपने खून से सींचा है जिसकी कोई मिसाल नहीं है हम सबको पैगंबरे इस्लाम के लाए हुए दीन पर अमल करते हुए हजरत अली की तालीमात को आम करना है तभी हम दुनिया और आखिरत में कामयाब होंगे गोष्ठी में मुख्य रूप से कारी आरिफ रजा कादरी, नायब सदर कुल हिंद जमीअतुल आवाम महामंत्री महबूब आलम खान, हाजी सलाउद्दीन, मौलाना जाकिर हुसैन, इम्तियाज मदनी, हाजी एतिसायम, वसीम अहमद खान, राशिद खान, शारिक सिद्दीकी, अफजल खान, मोहम्मद सरताज आदि मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने किया थानों का निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 22 मार्च को पुलिस आयुक्त कानपुर नगर अखिल कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना हरवंशमोहाल व कोतवाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने के अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस व त्यौहार रजिस्टर एवं बैरक आदि चेक किये गये तथा थाना प्रभारी हरवंशमोहाल व कोतवाली से क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति व निगरानी के बारे में जानकारी करते हुए समाधान दिवस के अवसर पर जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कमिश्नरेट के सभी थाना प्रभारियों के लिए कहा कि क्षेत्र में निकलकर स्थानीय लोगों से ज्यादा से ज्यादा संवाद स्थापित करें।

# ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में यासिर इमाम ने हासिल की सफलता परिवार और शुभचिंतकों में हर्ष

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** नगर के ख्वाजा दोस्त निवासी यासिर इमाम ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (AIBE) में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। घोषित परिणाम के अनुसार, यासिर इमाम ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जिससे उनके परिवार, शुभचिंतकों और कानूनी जगत से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**प्रतिष्ठित परिवार से रखते हैं ताल्लुक-** यासिर इमाम नगर के एक प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते हैं। वे शमशीर हसन के सबसे छोटे पुत्र हैं। उनका परिवार सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज़ और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष पत्रकार तामीर हसन शीबू उनके बड़े भाई हैं। परिवार में शुरू से ही शिक्षा और सामाजिक सेवा को प्राथमिकता दी गई है, जिसका प्रभाव यासिर इमाम की सफलता में भी साफ झलकता है।

**कानूनी क्षेत्र में नई शुरुआत**

बार काउंसिल परीक्षा पास करने के बाद अब यासिर इमाम पूरी तरह से विधि क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। उनकी इस सफलता को कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी सराहा है। क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**परिवार और शुभचिंतकों में हर्ष-** यासिर इमाम की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनका परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रिश्तेदारों, दोस्तों और शुभचिंतकों ने मिठाइयां बांटकर उनकी इस सफलता का जश्न मनाया। इस मौके पर यासिर इमाम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाइयों और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि "यह मेरे परिवार और गुरुजनों की दुआओं और मार्गदर्शन का ही नतीजा है कि मैं इस मुकाम तक पहुंचा। अब मेरा लक्ष्य न्याय के



क्षेत्र में लोगों की सेवा करना और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना है।"

**शुभचिंतकों ने दी बधाई** उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी खुशी जाहिर की। कांग्रेस नेता, अधिवक्ताओं, पत्रकारों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यासिर इमाम की सफलता यह साबित करती है कि यदि मेहनत और लगन से प्रयास किया जाए, तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जौनपुर में गर्व का माहौल है।

## पूर्व एमएलसी ने विधायक के भाई के निधन पर जताया गहरा शोक

**रमेश सिंह के आवास पहुँचकर मंत्रियों जनप्रतिनिधियों का श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी**



**शाहगंज,जौनपुर।** विधायक शाहगंज के छोटे भाई तथा पूर्व सांसद प्रतापगढ़ कुंवर हरिवंश सिंह के पुत्र दुर्गेश सिंह के गत दिनों मुंबई में हुए असामयिक निधन पर शुक्रवार देर शाम तक व शनिवार को उनके पैतृक आवास बस्ती बंदगान पहुंचकर जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों समेत विशिष्टजनों का सिलसिला जारी है। शनिवार को पूर्व एमएलसी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराज मेहंदी ने स्वजनों को ढांढस बंधाया। दिवंगत को श्रद्धांजलि देते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव असलम इराकी,प्रधानाध्यापक अनिल कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## समाजसेवी अतुल ने जन्म दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया



**जौनपुर** जफराबाद क्षेत्र के निवासी, अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री व आम आदमी पार्टी जौनपुर के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) ने 21 मार्च को अपने जन्मदिन के दिन लगभग ढाई सौ (250) लंच, भोजन पैकेट बनवाकर और साथ में मीठा व फल जरूरतमंद लोगों को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्वयं दिए। जन्मदिन के दिन समाजसेवी अतुल तिवारी ने समस्त भारतवासियों से यह अपील किए कि सभी भारतीय नागरिकों को अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष कम से कम एक बार हर साल अपने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाना चाहिए अर्थात सभी लोगों को अपने जन्मदिवस के दिन जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करके इस शुभ दिन को सेवा दिवस के रूप में मनाकर यादगार बनाएं। समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि वह हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करते रहते हैं, लेकिन इसी के साथ साथ उन्होंने अपने जीवन में यह वचन लिया है कि वह अपने जन्म दिवस को हर साल सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे, इसी संदर्भ में वह पूर्व से ही अपने जन्मदिन के दिन विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य जैसे वृद्ध आश्रम में भोजन का प्रबंध, रक्तदान तथा जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद करने जैसा कार्य करते हैं, समाजसेवी अतुल ने कहा कि उक्त सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा उन्हें उनके माता-पिता व परिवार के सदस्यों से मिला है।

# गौराबादशाहपुर में होली मिलन समारोह- अबीर-गुलाल संग उमड़ा भाईचारे का रंग

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर द्वारा नगर के एक प्रतिष्ठित लॉन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, संगठन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी एकत्रित हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरा माहौल भाईचारे और सौहार्द से सराबोर हो गया।

**होली सिर्फ पर्व नहीं, एक उत्सव है - विवेक सिंह-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सौहार्द और आपसी प्रेम को बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम है। ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर जाफराबाद के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक एकता और सौहार्द का अद्भुत उदाहरण है।

**गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बनी होली-** कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक नेता रमेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन ने गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की है। यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को एक साथ लाने का कार्य करता है और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ग्रामोदय इंटर कॉलेज के प्राचार्य विनोद राय ने भी मंच से सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं।

**संगीतमय प्रस्तुतियों से झूम उठा माहौल-** होली के इस उत्सव को और भी यादगार बनाने के लिए पूर्वांचल के प्रसिद्ध गायक अवनींद्र तिवारी और उनकी टीम ने संगीतमय प्रस्तुति दी। उनके द्वारा गाए गए फाग, लोकगीत और होली के पारंपरिक गीतों ने समां बांध दिया। उपस्थित लोग झूमने पर मजबूर हो गए और रंगोत्सव में संगीत का जादू बिखर गया।

**राजनीति और व्यापार जगत की गणमान्य हस्तियां रहीं उपस्थित**

कार्यक्रम में भाजपा सांगठनिक जिला मछलीशहर के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभावती पाल, सुप्रभावती चिल्ड्रन एकेडमी के प्रबंधक सुभाष पाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष एवं उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष विमल सिंह, सहकार भारती के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह रिंकू, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री आशीष चौरसिया, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, जौनपुर नगर अध्यक्ष सर्वेश जयसवाल, नगर युवा अध्यक्ष अमित जायसवाल, नगर युवा महामंत्री योगेश साहू, हेमंत सिंह सोनू, दुर्गा पूजा महासमिति के महासचिव मनीष गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, पत्रकार विष्णुदत्त तिवारी, सुरेंद्र सिंह, धनंजय राय अर्जुन,



लायंस क्लब गोमती के पदाधिकारी डॉ. राजेश मौर्य, नवीन मिश्रा, गौरव श्रीवास्तव, स्कंद पटेल, जलालपुर इकाई के अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य, तथा क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

व्यापारी वर्ग और गणमान्य नागरिकों का किया गया स्वागत

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता, महामंत्री धर्मेंद्र जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक अजीत सोनकर, सर्वेश अग्रहरि, संदीप जायसवाल, आमोद गुप्ता, युवा अध्यक्ष प्रियांशु साहू, युवा महामंत्री तनशीत शानू सहित संगठन के पदाधिकारियों ने समारोह में आए सभी अतिथियों, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों का अबीर-गुलाल लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

**व्यापारी समाज का जबरदस्त उत्साह-** कार्यक्रम में नवीन साहू बबलू, पप्पू चौरसिया, ओमप्रकाश जायसवाल, बेचन जायसवाल, सभापति जी, रमेश पाल, राजेंद्र गुप्ता लल्लू, सजरंगी, अमित प्रजापति, ओम प्रकाश साहू, डॉ. संग्राम, डॉ. साहबलाल प्रजापति, आदिल अहमद, जावेद आलम हाशमी, नदीम अहमद, टीटू जायसवाल, सुभाष सेठ, सन्नी साहू, आकाश सेठ, बलिराम सोनकर, ऋषभ जायसवाल, नबी अहमद, बंटी सेठ, पिंटू प्रजापति, राहुल गुप्ता, धर्मेंद्र साहू, अमित गुप्ता, गिरजा शंकर, राजेंद्र सोनकर, संतोष कुमार, शीशवंश सिंह, सतीश साहू, मो. मारूफ, राजकुमार सेठ, संजय साहू, सत्य प्रकाश जायसवाल, संजय जयसवाल, राजू जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, गणेश साहू, अमन साहू, सुजीत सोनकर, राहुल सिंह, रिंकू सिंह, विक्की साहू, लेखु जायसवाल, अंकित जायसवाल, विष्णु मोदनवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी और नागरिक उपस्थित रहे।

**भाईचारे और सौहार्द का संदेश लेकर संपन्न हुआ कार्यक्रम-** समारोह का समापन हर्षोल्लास और उमंग के साथ हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने रंगों से सराबोर होकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और इस पर्व को आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतीक के रूप में मनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सौजन्य से न केवल एक रंगोत्सव बना, बल्कि समाज में एकजुटता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दे गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## चकेरी थाने में डीसीपी पूर्वी द्वारा की गई जन सुनवाई



**कानपुर।** आज दिनांक 22.03.2025 को थाना चकेरी पर समाधान दिवस के दौरान पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा जन-सुनवाई की। जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसीपी पूर्वी द्वारा जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। ?शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें। आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए, और बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक और धैर्यपूर्वक सुना जाए व शीघ्र निस्तारण किया जाए। स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर में



**कानपुर।** कल यानि आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया जाना हैं, इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आज चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बिठूर महोत्सव के समापन समारोह में भी उपस्थित होने की उम्मीद है।

## जिलाधिकारी ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का किया निरीक्षण



**कानपुर।** कानपुर मेट्रो की भूमिगत लाइन मोतीझील से घंटाघर तक तैयार है और शीघ्र ही इसका शुभारंभ होगा। कल मुख्यमंत्री द्वारा चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया जाना हैं, इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आज चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## मुख्यमंत्री के आगमन पर डीसीपी सेंट्रल ने की बैठक



**कानपुर।** आज दिनांक 22 मार्च को पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) दिनेश त्रिपाठी द्वारा मुख्यमंत्री उ0 प्र0, योगी आदित्यनाथ के जनपद कानपुर नगर में आगमन, भ्रमण के दृष्टिगत मर्चेंट चैंबर के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कानपुर नगर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल, अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि उनकी यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके।

## बच्चों के विवाद को लेकर माँ-बेटी को पीटा मुकदमा दर्ज

**जौनपुर सिरकोनी।** जफराबाद थाना क्षेत्र के मोथहां गांव में बच्चों के विवाद को लेकर एक युवक ने माँ-बेटी को पीट दिया। तहरीर मिलने पर जफराबाद थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मोथहां गांव निवासी सोनी देवी पत्नी सोहन निषाद का आरोप है कि बीते वृहस्पतिवार को बच्चों के झगड़े को लेकर गांव का ही एक युवक लालबाबू व उसकी मां रेखा देवी ने मिलकर उन्हे और उनकी बेटी विशाखा को मारने पीटने लगे। किसी तरह से घर में भाग कर अपनी जान बचायी। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि इस मामले में शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया गया है, अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## सिचाई के उपकरण चोरी, 17 दिन बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जौनपुर जफराबाद।** थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में एक किसान के सिचाई के उपकरण बीते 5 मार्च को चोर चोरी कर ले गये। घटना के 17 दिन बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी प्रदीप पाल ने अपने खेत में सिचाई के उपकरण लगा रखे हैं। जिससे कि वे अपने खेतों की सिचाई करते हैं। आरोप है कि बीते 5 मार्च की रात्रि गांव के ही शिवम निषाद पम्पिंग सेट के मकान का दरवाजा तोड़कर उसमें रखा स्टेपलाइजर और पाइप चोरी कर ले गये। आरोप है कि सामान वापस मांगने पर गाली- गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाता है। थाना प्रभारी जफराबाद जय प्रकाश यादव ने बताया कि नामजद तहरीर के आधार पर शिवम निषाद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## धमकी देकर किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 12 घन्टे के अन्दर किया गिरफ्तार

**जौनपुर जफराबाद।** पुलिस ने शनिवार को हौज तिराहे के पास से एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी से धमकी देकर छह माह से दुष्कर्म करने के आरोपी को तहरीर मिंलने के बाद 12 घन्टे के अन्दर ही तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की देर शाम को किशोरी के परिजनों ने घटना की तहरीर दिया था। उक्त 16 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही एक 22 वर्षिग छह महीने पूर्व गांव के बाहर स्थित बगीचे में जबरदस्ती युवक द्वारा दुष्कर्म किया गया।उसके बाद किशोरी की माँ को मारने की धमकी देकर गांव के बाहर स्थित आम।के बगीचे में उससे अक्सर बुलाकर दुराचार करने लगा।होली के दिन लड़की के माँ को कुछ शक हुआ।उन्होंने पुत्री पर दबाव बनाया तो वह सच्चाई बता दी।जिसके बाद माँ की तबियत खराब हो गयी।उसे अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया।किशोरि का पिता सऊदी अरब रहता है। उससे राय करके शुक्रवार को आरोपी युवक के विरुध्द मुकदमा दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव व एस आई धनुषधारी पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली के आरोपी हौज तिराहे पर है।उसे मौके पर जाकर गिरफ्तार कर लिया।थानाप्रभारी ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर चालान सम्बन्धित न्यायालय को भेज दिया गया है। तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकडे गये युवक पर पुर्व में भी जफराबाद थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा भी दर्ज है।


## सब्जी मंडी में दुकान लगाने को लेकर खूनी संघर्ष

**सात महिलाओं सहित सोलह घायल, दो गंभीर**

**खुटहन, जौनपुर।** पटैला बाजार स्थित सब्जी मंडी में शुक्रवार को दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। जमकर चले लाठी डंडा और ईट पत्थर में दोनों पक्षों से सात महिलाओं सहित सोलह लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार सीएससी पर किया गया। दो की हालत गंभीर देख उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। दोनों पक्षों से थाने में दी गई नामजद तहरीर में दो दर्जन लोगों को आरोपित बनाया गया है। गांव निवासी राम मूरत मौर्या का उनके पट्टीदार राम मिलन मौर्या से भूमि विवाद की रंजिश चली आ रही है। सब्जी मंडी में भी दोनों अगल बगल दुकानें लगाते हैं। राममूरत का आरोप है कि वह जिस स्थान पर दुकान लगाते चले आ रहे हैं, शुक्रवार को उक्त स्थल पर जबरन राममिलन अपनी दुकान लगाने लगे। जिसको लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के राम मूरत मौर्या, सुरेश, सुरेंद्र मौर्या, अंकिता, वंदना मौर्या और दूसरे पक्ष से राममिलन मौर्या, संजय मौर्य, मनोज, छोटेलाल, दुर्गेश, राम प्रताप, कंचन देवी, अनीता, गुड़िया, शिवांगी, बेबी मौर्या को चोटें आईं। मारपीट में संजय मौर्य और मनोज मौर्या को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## राज्य सूचना आयुक्त ने विधायक के भाई के निधन पर जताया गहरा शोक

**रमेश सिंह के आवास पहुँचकर मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों का श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी**



**खेतासराय(जौनपुर)** विधायक शाहगंज के छोटे भाई तथा पूर्व सांसद प्रतापगढ़ कुंवर हरिवंश सिंह के पुत्र दुर्गेश सिंह के गत दिनों मुंबई में हुए असामयिक निधन पर शुक्रवार देर शाम तक व शनिवार को उनके पैतृक आवास बस्ती बंदगान पहुंचकर जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों समेत विशिष्टजनों का सिलसिला जारी है। राजयसूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने स्वजनों को ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि देते हुए उनकी दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी, कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, राकेश प्रताप सिंह विधायक गौरीगंज अमेठी, वीर विक्रम सिंह विधायक शाहजहांपुर, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, पूर्व सांसद लालगंज नीलम सोनकर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (ब्रज प्रदेश) के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह, राज्य महिला आयोग सदस्य गीता बिंद, राघवेंद्र सिंह प्रबंधक टी डी कालेज जौनपुर, डॉ रणजीत कुमार पांडेय प्राचार्य जी एस पीजी कालेज समोधपुर, भाजपा नेत्री अनिता रावत, डॉ अंजना सिंह आदि प्रमुख रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तेज आंधी में उड़ी टीन सेट ईट गिरने से महिला की मौत

टीन सेट के नीचे काम कर रहे थे पति-पत्नी

**शाहजहांपुर**/शनिवार को तेज आंधी के चलते जलालाबाद क्षेत्र में टीन सेट उड़ जाने के कारण गिरी ईट से घायल होकर एक महिला की मौत हो गई वहीं उसका पति बुरी तरह घायल हो गया है मिली जानकारी के अनुसार जलालाबाद क्षेत्र के अमापुर अमेला गांव में मकान के आगे पड़ी तीन सेट के नीचे नेतराम अपनी पत्नी संगीता के साथ काम कर रहा था इसी बीच अचानक तेज आंधी आ गई और आंधी में टीन सेट उड़ गया जिसके कारण एट गिरने से नेतराम की पत्नी संगीता की मौत हो गई वहीं पति नेतराम घायल हुआ है ग्रामीणों की माने तो नेतराम की यह तीसरी शादी हुई थी इससे पहले नेतराम की दो पत्नी बीमारी के चलते पहले ही मृतक हो चुकी है मृतक संगीता के पांच छोटे-छोटे बच्चे है

### मैगलगंज कोतवाली में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज मे थाना समाधान दिवस तहसीलदार दिनेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। थाना समाधान दिवस में प्रार्थियों की सुनी गई जन समस्याएं कुछ मामलों का मौके पर किया गया निस्तारण, कई टीमें निस्तारण के लिए रवाना कि गयी। थाना समाधान दिवस में इंस्पेक्टर अपराध अवधराज सिंह, आर आई कमल कुमार सिंह लेखपाल जीवन लाल, राजकुमार, अरुण चौधरी, सुशील कुमार, सुनील कुमार कृष्ण कुमार सरोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### हैदराबाद पुलिस टीम ने शान्ति भंग में दो एक वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के आदेशनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना हैदराबाद पुलिस टीम ने शान्ति भंग करने वाले दो अभियुक्त एक वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । प्रभारी निरीक्षक प्रवीर गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले दो अभियुक्त एक वांछित अभियुक्त मस्तान अली पुत्र कमाल अहमद निवासी ग्राम चौधकपुर थाना नीमगाँव, अनुराग पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम अशर्फीगंज थाना हैदराबाद गिरफ्तार कर अतंर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत एवं दूसरी घटना में थाना हैदराबाद व गोला की सयुंक्त पुलिस टीम द्वाराअभि0 मो0 महताब उर्फ जफरू उर्फ दरोगा पुत्र अब्बास अली निवासी ग्राम चऊआ बेगमपुर थाना महोली जनपद सीतापुर पता ग्राम चौधकपुर थाना नीमगाँव जिला सीतापुर सम्बन्धित धारा 2(ख)(द्ब)/3 उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना हैदराबाद खीरी को ग्राम जडौरा मोड से गिरफ्तार कर थाना हैदराबाद में विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया । पुलिस टीम मे उ 0नि0 हेमन्त कटियार ,का0 महेश कुमार दूसरे मामले में क्राइम इंस्पेक्टर रवीन्द्र कुमार पाण्डेय थाना गोला ,उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना गोला उ0नि0 जय प्रकाश यादव आदि थाना हैदराबाद पुलिस टीम शामिल रही।

### टूटी सड़कों पर हिचकोले खाने को मजबूर हैं देवरी गांव के लोग



**बेहजम खीरी।** बेहजम ब्लॉक से ताल्लुक रखने वाले ग्राम देवरी को जाने वाला मार्ग जर्जर है और खस्ताहाल होने से लोग हिचकोले खाने को मजबूर हैं,सड़कों के निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सड़कों की बदतर हालत के चलते यहां से निकलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नीमगांव से देवरी जानें वाली सड़कों पर इतने गढ्ढें हो गए है कि वाहन सड़कों पर रेंगकर चलने को मजबूर हो रहे हैं। सड़कों पर गुजरने वाले वाहन चालकों को हर समय हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। खासकर रात के समय तो दुपहिया वाहन चालकों के लिए सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है।

**क्या बोले ग्रामीण**- देवरी गांव के रहने वाले पृथ्वीपाल सिंह कहते की लोक निर्माण विभाग, अगर नए सिरे से तत्काल सड़कों का निर्माण नहीं करा सकता है तो कम से पैच वर्क तो कराया ही जा सकता है। वर्तमान समय में बेहजम ब्लॉक क्षेत्र के देवरी गांव की अधिकांश सड़कें बुरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। कई स्थानों पर तो स्थिति इतनी बदतर हो गई कि सड़क पर गढ्डे ही गढ्डे दिखाई दे रहे हैं। यहां से वाहन ले जाना तो दूर पैदल चलना भी अब तो मुश्किल हो गया है। सड़कों की खस्ता हालत के चलते आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। रात के समय अंधेरे में दुर्घटना होनी की संभावना अधिक हो जाती है।

## ग्राम पंचायत बड़ागांव के भ्रष्ट कोटेदार की मनमानी से कार्डधारक परेशान

● घटतौली का विरोध करने पर कार्डधारकों के साथ होती है अभद्रता व मारपीट...!!!

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** जनपद की विकास खंड नकहा की ग्राम पंचायत बड़ागांव में सरकारी राशन वितरण प्रणाली पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। बड़ागांव ग्राम पंचायत के भ्रष्ट कोटेदार अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गांव के कार्डधारकों का आरोप है कि कोटेदार राशन वितरण में जमकर घटतौली करता है, अगर कोई कार्डधारक घटतौली का विरोध करता है तो दबंग कोटेदार कार्डधारक के साथ अभद्रता करने के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। भ्रष्ट कोटेदार के इस रवैए के गांव के सैकड़ों कार्डधारक परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक नकहा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव में रेखा चौरसिया नाम की महिला कोटेदार है। सरकारी राशन की इस दुकान को कोटेदार रेखा चौरसिया के पति छोटे लाल चलाते हैं। आरोप है कि कोटेदार का पति छोटे लाल चौरसिया राशन वितरण करने में घटतौली कर अपनी मनमानी करता है। अगर कोई कार्डधारक घटतौली को लेकर कोटेदार का विरोध करता है, तो कोटेदार रेखा चौरसिया का पति छोटे लाल चौरसिया कार्डधारक के साथ अभद्रता करने के साथ मारपीट भी कर देता है। बड़ागांव ग्राम पंचायत की इस दुकान पर आये दिन घटतौली को लेकर विवाद होता रहता है। लेकिन कोटेदार की दबंगई के सामने गरीब कार्डधारक की एक नहीं चलती। गरीब कार्डधारक अपने परिवार का पेट भरने के लिए कोटेदार के हर जुल्म को सहने को विवश हो रहा है।

बड़ागांव ग्राम पंचायत में कोटेदार द्वारा घटतौली व अभद्रता को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है, लेकिन विभाग के अफसरों ने कार्डधारकों की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की है, जिसके चलते कोटेदार के हौसले और बुलंद हो गये है। गांव की ही एक महिला कार्डधारक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें प्रति यूनिट 5 किलो राशन की जगह महज 4 किलो राशन दिया जाता है, अगर हम घटतौली को लेकर शिकायत करते हैं तो कोटेदार गाली गलौज करते हुए कहते हैं कि फ्री के राशन में नखरे मत करो, नहीं तो तुम्हारा राशनकार्ड निरस्त करा दूंगा, फिर जो थोडा बहुत मिलता है, उसको भी तरस जाओगे। एक अन्य कार्डधारक ने बताया कि कोटेदार छोटे लाल चौरसिया सरेआम कार्डधारकों को कहता है कि राशन उठान करने में गोदाम प्रभारी से लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर समेत सभी अफसरों को हर महीने चढावा चढाना पड़ता है, तब जाकर राशन आ पाता है, अगर थोडी बहुत घटतौली नहीं करूंगा, तो मेरा परिवार कैसे चलेगा।



फिलहाल बड़ागांव ग्राम पंचायत के भ्रष्ट कोटेदार द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की उड़ाई जा रही है, जबकि विभाग के अफसर व भ्रष्ट कोटेदार बंदरबांट कर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं।

गांव के गरीब कार्डधारकों ने मांग की है कि भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाये, जिससे गरीब कार्डधारकों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले पूरा राशन मिल सके। अब देखना यह है कि जिले के आलाधिकारी बड़ागांव ग्राम पंचायत के भ्रष्ट कोटेदार के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं ?

## वीरों की समाधि पर लगने वाले मेले की जमीन पर कब्जे को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**निगोही- शाहजहांपुर/** वाराहराना विवाद के मामले में एक पक्ष से वार्ता करने पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता नाराज हो गए। ब्लाक में एकत्र होने के बाद जुलूस के रूप में थाने पहुंचे। एसडीएम और सीओ को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। पूर्वजो के अनुसार निगोही के वाराहराना मोहल्ले में वारह वीरो की समाधि है।यहां हर बर्ष मेला लगता है। इलाके के हजारो लोग आज भी जात के मेले में मां दुर्गा की पूजा आराधना के बाद यहां प्रसाद चढ़ाने आते है। इस ऐतिहासिक स्थल की जमीन पर कब्जा कर कुछ लोग वाउन्ड्री बनाकर गेट लगाने का प्रयास कर रहे थे।16 फरवरी को विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने सर्वेश त्रिपाठी के नेंतत्व में विरोध दर्ज करा काम बंद करा दिया था। पुलिस ने कल शाम एक पक्ष को वार्ता के लिए बुलाया था। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओ को जब इस बात की जानकारी



हुई, तो आज सैकड़ौ की तादात में कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। एसडीएम और सीओ के सामने हुई वार्ता में कार्यकर्ताओ ने चार मांग रखी। जिनमें वाराहराना के पास स्थित सरकारी जमीन खाली कराने,यहां लगने बाली मीना बाजार बंद कराने,ऐताहासिक स्थल पर कब्जा करने बाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने की मांग की गई। इस अवसर पर राजकुमार सिंह,कौशल सिंह, प्रिंस गौड़, अजीत सिह,आकाश तिवारी, दीपक, शिवहरि, छत्रपाल,रनधीर सिंह,शोविन्दर सिंह, अमित वर्मा, सुधांशू विश्वकर्मा, सुनील शर्मा, श्याम कुमार दुवे, वीरेन्द मिश्रा, राजू सक्सेना, कार्तिक वर्मा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता साथ रहे।

## मानवता सेवा करना मेरा उद्देश्य- डॉ विजय जौहरी

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर**/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही ने इंडिया रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से मालब्रोस इंटरनेशनल में कर्मचारियों का किया निशुल्क मेडिकल चेकअप इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह ने निशुल्क मैडिकल कैंप का फीता काटकर किया शुभारंभ उन्होंने कहा कि यह बड़े हर्ष की बात है कि हमारे क्षेत्र में फैक्ट्री द्वारा क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिल रहा है इसके साथ-साथ राजस्व भी बढ़ रहा है यह बड़े गौरव की बात है इसके साथ-साथ फैक्ट्री कर्मचारियों के हित के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आज निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नितिन कुमार ने बदलते मौसम के बारे में लोगों को जागरूक किया उन्होंने कहा संचारी रोग जैसे मलेरिया फाइलेरिया इत्यादि जो की मच्छर जनित होते हैं गर्मी में इनके अधिक होने की संभावना बढ़ जाती है अतः अपने आसपास साफ सफाई करे जल भराव न होने दे घरों में साफ सफाई आदि का ध्यान रखें पूरी आस्तीन के कपड़े पहने मच्छरदानी का प्रयोग करें हाथ धोने को बाद खाना खाएं तथा अधिक पानी पिए वह जरूर होने पर



बाहर धूप में निकले फैक्ट्री के एचआर मैनेजर ने कहा हमारा प्रयास है कि हमारे यहां जो भी कर्मचारी काम कर रहे हैं वह स्वस्थ रहें तभी हमारी फैक्ट्री का उत्पादन बढ़ सकता है इसी उद्देश्य से आज जो निशुल्क कर्मचारियों कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप और दवाई वितरण का कार्य किया गया है वह बहुत ही सराहनीय है इसके लिए मैं रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ विजय चौधरी को धन्यवाद देता हूं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शिक्षा अधिकारी डॉक्टर नितिन कुमार को बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने अपनी टीम को लाकर यहां पर जांच की दवाई दी और हमारे कर्मचारियों का स्वास्थ्य अच्छा हुआ मेरा प्रयास है इसी तरह के कैंप आगे भी लगते रहे इस अवसर पर जीशान खान पातीराम दीक्षित अवनीश सक्सेना साजिद हुसैन डॉक्टर विनीत कौशल हर पवन गुप्ता सुनील कुमार दिलीप सिंह यादव उपाध्यक्ष फैक्ट्री सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे सभी मेडिकल कैंप की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो हम लोग 25 जून 2025 महा आंदोलन करेंगे



**बेहजम खीरी।** 20 मार्च 2025 को बहुजन महापंचायत लखीमपुर खीरी के बिलोबी मैदान में संपन्न हुई जिसमे राष्ट्रीय संयोजक दलित पैंथर मनोज भारती जी ने उपजिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि जिले के जितने भी अंबेडकर पार्क हैं सभी अंबेडकर पार्कों को दबंगों द्वारा किए गए कब्जे हटवाए जाएं एवम् बौद्ध कथाओं को कराने के लिए परमिशन के लिए प्रशासन के द्वारा टाल मटोल न किया जाए और हमारे परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी प्रतिमाएं जो भी थानों में गैर संवैधानिक तरीके से बंद हैं उनको तत्काल प्रभाव से रिलीज किया जाए और सभी अंबेडकर पार्कों की बाउंड्री कराई जाए व प्रतिमा स्थापित कराई जाए अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो हम सभी संगठन के लोग 25 जून 2025 को एक विशाल महा आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी साशन प्रशासन की होगी।

## विश्व जल दिवस व गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर**/मेरा युवा भारत अन्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र एवं जिला गंगा समिति शाहजहाँपुर के संयुक्त तत्वावधान में विनोबा भावे सेवा आश्रम परिसर स्थित अहिंसा पुस्तकालय में विश्व जल दिवस व गंगा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भईया से अपने आशीवर्चन देकर किया व विशिष्ट अतिथि विमला बहन जी ने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर जुड़कर कार्य करने हेतु सभी को प्रेरित किया व विश्व जल दिवस पर पुरस्कृत हुये विजेताओं को आशीष देते हुये भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़ने की अपील की।

कार्यक्रम अन्तर्गत जल संवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताआ का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण युवाओं व विद्यालयी युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता अन्तर्गत कक्षा 8 की छात्रा क्षमा सिंह ने प्रथम, शिवानी ने द्वितीय व



मोहिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सौम्या सिंह व रोहित को सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी डा0 विनय कुमार सक्सेना ने वर्ष 2025 की थीम ग्लेशियर संरक्षण पर चर्चा करते हुये डिजिटल माध्यम से युवाओं को ग्लेशियर के बारे में विस्तृत रूप से बताया जिसमे सभी ने रूचिपूर्ण हिस्सा लिया साथ ही उन्होने बताया कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उ0प्र0 द्वारा चलाये जो रहे गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में नदियों सहित समस्त जल श्रोतों को संरक्षित करने की शपथ ग्रहण कराई। विनोबा सेवा आश्रम इण्टर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक राजीव कुमार ने मीठे जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुये छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से जल संरक्षण की बात की। अध्यापक कृष्णपाल सिंह ने जल ही जीवन है पर चर्चा करते हुये मानव जीवन हेतु जल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा निरन्तर परिवर्तित हो रहे मौसम में ग्लेशियर की क्या भूमिका है इस पर चर्चा की। युवा स्वयंसेवी हिमांशू सक्सेना ने खेल के साथ शिक्षा के उद्देश्य से पर्यावरण एवं जल संरक्षण की सांप-सीढ़ी युवाओं द्वारा खेली गई संरक्षण हेतु जिसमे क्या करें व क्या ना करें? जैसे बिन्दुओं को समझाया गया। कार्यक्रम संवाद अन्तर्गत सभी ने अपने विचार रखें व आयोजकगणों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। विशेष सहयोग श्री प्रभारी खादी विभाग अखिलेश उपाध्याय व कृष्णपाल सिंह का रहा।

## दुर्घटना में मौत समझकर अंतिम संस्कार किया

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। परिजनों ने ट्रक की टक्कर से मौत की बात समझकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। इधर मौके से बरामद हुए मोबाइल फोन से परिजनों को कुछ रिकॉर्डिंग मिली तो परिजन हैरान रह गए।

**फोन रिकॉर्डिंग के आधार पर हुई जाँच**- परिजनों ने एक ही इंसान के कई बार फोन करने और लोकेशन पूछने की बात पुलिस को बताई तो सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने घटना की जांच शुरू की, सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि, कॉल डिटेल और रिकार्डिंग जैसे तथ्यों को आधार बनाते हुए कड़ी से कड़ी जोड़ी गई तो इस घटना का पर्दाफाश हो गया। जांच में पुलिस ने पाया कि संतोष फोन कर सुधीर की लोकेशन ले रहा है। और जानकारी गांव के प्रधान पुत्र जगत नारायण को दे रहा है। जगत नारायण उसी ट्रक के ड्राइवर के संपर्क में था, जिससे सुधीर का हादसा हुआ था। पुलिस ने



हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने जुर्म कबूल किया, घटना में प्रधान पुत्र जगत नारायण, संतोष, ट्रक चालक सहित एक अन्य के शामिल होने की बात पता चली है, पुलिस ने संतोष को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

**घपले की शिकायत करता था मृतक सुधीर**- पुलिस के अनुसार, मृतक सुधीर और प्रधान पुत्र के बीच विवाद था, मृतक प्रधान के कार्यो की लगातार अधिकारियों से शिकायत कर रहा था. इन्हीं शिकायतों और जांच को लेकर प्रधान पुत्र रंजिश मानता था, माना जा रहा है कि इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने एक साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। घटना सड़क हादसे जैसी प्रतीत हो, इसको लेकर काफी दिनों तक मंथन किए जाने की बात भी सामने आई है। एक दिन पहले हत्या की बनाई थी योजना। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि सुधीर की हत्या करने से पहले प्रधान पुत्र सहित अन्य आरोपियों के सीतापुर स्थित प्रधान पुत्र के घर पर बैठक करते हुए साजिश रची थी। आरोपियों ने हर छोटी बात पर चर्चा की, लेकिन इसके बाद भी वह योजना में सफल नहीं हो सके।

**सीओ मितौली पहुंचें थें मौके पर**- हादसा दुर्घटना जैसा लगे, इसके लिए प्लानिंग के तहत हत्या कराई गई. घटना के समय सबसे पहले मैं ही मौके पर पहुंचा था। मोबाइल की रिकॉर्डिंग ने पूरा राज खोल दिया। एक आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। बाकी अन्य की तलाश की जा रही है।

## शाहजहांपुर पहुंचे पंचायतीराज प्रमुख सचिव ने अधिकारियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम में प्रस्तावित तीन दिवसीय कार्यक्रमों के संबंध में प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा पंचायती राज विभाग श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया । बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों से कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों के संबंध में प्रमुख सचिव को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक प्रतिदिन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

प्रमुख सचिव ने एक एक कर संबंधित विभागाध्यक्षों से वार्ता कर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी



ली। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा अपनी उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी भव्य रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिस संबंध में डीएम व सीडीओ द्वारा संबंधित विभागों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 25, 26 एवं 27 मार्च, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक प्रतिदिन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में भव्य रूप से विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग गंभीरता से कार्यक्रमों को भव्य रूप से आयोजित कराएं। सभी विभाग जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचाएं। सरकार का उद्देश्य इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों नीतियों और योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना है जिससे प्रदेश में सेवा, सुरक्षा और सुशासन को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक आयोजन कराएं तथा इसका प्रचार प्रसार अच्छे से करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक राजेश एस, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडे, सीडीओ अपराजिता सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कमीशन खोरी के चलते पंचायत सचिव व रोजगार सेवक हो रहे मालामाल

● ग्राम प्रधान के परिवार व प्रधान के करीबी घर बैठ कर मनेरगा का निकाल रहे रुपए।

स्वतंत्र प्रभात

**निघासन खीरी** निघासन ब्लॉक मे महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में विकास क्षेत्र निघासन में जमकर हो रहा घोटाला आरटीआई के तहत जनहित में मांगी जाने वाली सूचना रद्दीकरण का काम कर रही हैं।और संबंधित अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से लेकर रोजगार सेवक तक कमीशनखोरी की आकंठ तक डूब चुके हैं।जो कल फकीर थे,आज सरकारी पैसों से ठेकेदार व करोड़ों के मालिक बन बैठें हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास क्षेत्र निघासन की ग्राम पंचायत दौलतापुर मे मनरेगा द्वारा कराए गए समस्त कार्यों में काम करने वाले मजदूरों की सूची पंचायत भवनों व प्राईमरी स्कूलों पर चस्पा करवा दी जाये तो हकीकत खुद ब खुद सामने आ जायेगी,हो सकता हैं कि उक्त गांव के गरीब ग्रामीण इसका मुंह तोड़ जवाब ग्राम रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान को जरुर देंगे।पर ऐसा जब किसी सरकार में नहीं हुआ हैं तो इस सरकार में होने की संभावनाएं न के बराबर हैं।जो कल फकीर थे आज वह ठेकेदारी में भी अच्छी खासी कमाई अर्चित कर चुके हैं ओर अधिक अर्चित करने में लगे हुए हैं। गौरतलब बात यह हैं कि मनरेगा के तहत घर बैठें बिना काम करे केवल कमीशन पर पुरुष व महिलाएं भी ग्राम रोजगार सेवकों की मेहरबानी से बीसी/बैंकों के माध्यम से धका-धक रुपयें निकाल रही हैं।सूत्र बताते हैं कि ग्राम रोजगार सेवक जब से बने हैं,तबसे और अब तक इनकी सम्पत्ति लाखों से लेकर करोड़ों तक हो गई। इसकी जांच हो जाये तो प्रदेश सरकार में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की आंखें खुली की खुली रह जायेगी।किंतु यह भी मुमकिन नहीं होगा।कुल मिलाकर मनरेगा से ग्राम रोजगार सेवक से लेकर ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों के घर महात्मा गांधी घर की तिजोरियों में बराबर विराजमान हो रहे हैं।

## गोला के इतिहास में पहली बार डी डी उत्तर प्रदेश टीवी चैनल के 'वंस मोर' एपिशोड में काव्य पाठ होगा

शिवम् दिल्ली दूरदर्शन स्तव ने काव्य पाठ कर अपने जनपद लखीमपुर-खीरी बढ़ाया मान।

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** दिल्ली दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के वंस मोर शूटिंग पूरी होने के उपरांत अति शीघ्र एपिसोड का प्रसारण डीडी उत्तर प्रदेश पर होने से एक बार पुनः जनपद लखीमपुर खीरी का नाम रोशन होगा। मालूम हो कि ग्राम हैदराबाद गोला निवासी शिवम् श्रीवास्तव इससे भी पूर्व में कई बार अपने जिले के स्थानीय कवि सम्मेलन एवं अन्य कई बड़े जिले में काव्य पाठ कर चुके हैं। अभी हाल ही में साधना टी.वी चैनल के 'सतमोला कवियों की चौपाल' में भी शिवम् काव्य पाठ कर चुके हैं। कवि शिवम् श्रीवास्तव की कविताओं का स्वर अब देश के प्रतिष्ठित एवं सरकारी चैनल डीडी उत्तर प्रदेश पर दिखाई देगा ! ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े शिवम् श्रीवास्तव वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय से परा स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं।




शिवम् श्रीवास्तव के पिता रवीश कुमार श्रीवास्तव पेशे से अध्यापक हैं। शिवम् ने संघर्ष कर काव्य जगत में अपना लोहा बनवाया है। शिवम् के स्वर का जादू अब टीवी पर भी दिखेगा ! दिल्ली दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के 'वंस मोर' में शिवम् की शूटिंग पूरी हो चुकी है, शीघ्र ही इस एपिसोड का प्रसारण डीडी उत्तर प्रदेश पर होगा ! शिवम् की इस उपलब्धि से परिवार जनों में खुशी का माहौल है ! और शिवम् को चारों से बधाइयाँ मिल रही हैं।

## गैगरेप रेप के आरोपी ने किशोरी से की छेड़छाड़, एसपी से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात

**खीरी टाउन-खीरी-** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि कानून प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा प्रदान करेगा तो वही राह चलती बेटी के साथ किसी ने छेड़छाड़ करके उसकी सुरक्षा में सेंध लगाने का काम अगर किसी ने किया तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार यमराज कर रहा होगा। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तमाम बयानों के बावजूद भी शोहदों का आतंक लगातार जारी है। ताजा मामला लखीमपुर खीरी के कस्बा खीरी का है जहां दसवीं की छात्रा ने छेड़छाड़ व शोहदे से परेशान होकर एसपी दरबार पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।आरोप है कि कस्बा खीरी निवासी खातिब अहमद उर्फ शालू अपराधिक किस्म का व्यक्ति है। बताया जाता है कि इसके ऊपर गैंगरेप वह मारपीट के मुकदमे भी दर्ज हैं।आरोपी खतीब अहमद उर्फ शालू अपने गैंग के चार या पांच साथियों के साथ कस्बा खीरी स्थित सैकरोसेंट पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली दसवीं की छात्रा का आए दिन पीछा करता है अश्लील कमेंट करता है। पीड़ित छात्रा का कहना है कि इस पूरे मामले को लेकर वह खीरी पुलिस चौकी पर शिकायत करना चाहती थी लेकिन उक्त दबंग लोग खीरी पुलिस चौकी पर बैठकर पुलिस के साथ हंस हंस कर बात करते देखे गए इसके बाद पीड़ित छात्रा ने न्याय की उम्मीद लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है।और कस्बा खीरी निवासी ख़तीब अहमद उ़र्फ़ सालू पुत्र वकील खा, अबरार पुत्र इसरार, मोबीन खा पुत्र अज्ञात व दो अज्ञात लोगों की लिखित शिकायत की।

पीड़िता ने बताया कि की उसे स्कूल आते जाते समय ख़तीब अहमद उ़र्फ़ शालु वा उसके साथी उसे परेशान करते है अश्लील कमेंट करते है जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।लिखित प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने कहा है कि दिनांक 19-03-2025 की रात उसकी तबीयत खराब थी वह रात के समय अपने पिता के साथ कस्बा खीरी शाही किला रोड स्थित नेशनल पाली क्लिनिक दवा लेने जा रही डाक्टर की क्लिनिक बन्द थी वह अपने पिता के साथ वापसी कर रही थी तभी ख़तीब अहमद उ़र्फ़ शालु अपने साथी मोबीन अबार तथा दो अज्ञात लोगों के साथ वहा आ गया और उसका रास्ता रोक कर उससे छेड़छाड़ करने लगा पिता के विरोध करने पर ख़तीब के बाकी साथयो ने पीड़िता के पिता को पकड़ लिया अपनी पुत्री को मुसीबत में देख कर पिता ने शोर मचाना शुरू किया तो ख़तीब अहमद उर्फ शालु व इसके बाकी साथी जान से मार देने की धमकी देते हुए




वहा से फरार हो गये।

फिलहाल देखने वाली बात होगी कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था को लेकर खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मंच से बड़े-बड़े दावे करते है तो वही जिले के सुस्त पुलिस अफसर की कार्यशैली के चलते महिलाओं व छात्राओं का निकलना दुश्वार है। इस पूरे मामले से पंद्रह वर्षीय किशोरी सदमे में है साथ ही मानसिक पीड़ा से उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही पीड़िता का कहना है की ख़तीब अहमद उर्फ शालु व उसके बाकी के साथियों से उसे व उसके छोटे भाई तथा पिता को जान का खतरा बना हुआ है।चुकी ख़तीब अहमद उ़र्फ़ शालु स्कूल जाते समय भी पीड़िता से कहता था कि यदि तुम या तुम्हारे पिता हमारे वह हमारे साथियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्वाई करेंगे तो वह उन्हें जान से मार देगा।


## मानव कल्याण समिति का होली मिलन समारोह आज

सरेनी विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ अजय राजा समारोह में बतौर मुख्यातिथि रहेंगे मौजूद

**लालगंज रायबरेली** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बाबा बाल्हेश्वर महादेव धाम ऐहार में 23 मार्च रविवार को अपराह्न 01 से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा श्री मानव कल्याण समिति द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया यह जानकारी शिवबरन वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरेनी विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ अजय राजा होंगे कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह एवं फांग गायन का आयोजन किया गया सम्मानित सभी क्षेत्रवासियों को टेलीफोन और आमंत्रण पत्र के माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### विश्व जल दिवस के अवसर पर जनजागरूक्ता कार्यक्रम



आज विश्व जल दिवस के अवसर पर वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज और मानव संसाधन एवम महिला विकास संस्थान के सयुंक्त तत्वाधान मे छनौरा गांव के बिंद बस्ती में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के 225 से अधिक महिलाओं, किशोरी और बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए रीनू सोनी जी सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा की 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है जिसे मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य है की ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली,महिलाओं को जल के महत्त्व और जल संकट के बारे में जागरूक करना।ग्राह श्री दीनानाथ सरोज जी ने बताया की हमे जल का सरक्षण करना होगा ताकि आने वाले समय मे हमारे बच्चो को जल के लिए कठिनायिओ का सामना ना करना पड़े। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की पुष्पा देवी समूह सखी जी ने कहा की आज भी स्वास्थ में पानी की भूमिका बहुत ही महत्त्व है जल है तो कल है महिलाओं को रूढ़िवादी सोच को बदलना होगा की जल को बचाना है और जल संचय करने के बारे में जागरूक किया। आने वाले समय में जल संकट के बारे में भी चर्चा किया गया। गांव में रहने वाली महिलाओं को बताया की स्वच्छ पेयजल संरक्षण पर चर्चा किया गया इस कार्यक्रम में महिला और किशोरियों के स्वास्थ्य के विषय पर विचार, संस्कृतिक एवं खेल संबंधी गतिविधियों के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर संस्था से उमाशंकर, केशा, मीरा, सीमा मौर्य, इत्यादि ने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का संचालन उमा शंकर जी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन केसा देवी ने किया।

### नगर पंचायत सुरियावा की बोर्ड बैठक संपन्न



**भदोही/सुरियावा** शनिवार 22 मार्च 2025 को भदोही जनपद स्थित नगर पंचायत सुरियावा कार्यालय के सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरियावां विनय चौरसिया एवं अधिशासी अधिकारी सुजीत कुमार की मौजूदगी में वोट बैठक का आयोजन शुरू हुआ जिसमें आगामी ग्रीष्मकालीन को देखते हुए पेयजल तथा प्रकाश साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष पर चर्चा किया गया तथा नगर पंचायत में अर्ध निर्मित परियोजनाओं की को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा और शासन द्वारा दो तालाबों को सुंदरीकरण एवं जल निकासी हेतु प्राप्त धनराशि से समुचित कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया जिस पर उपस्थित सभी सभासद द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत प्रस्ताव का समर्थन किया इस मौके पर सभी सभासद तथा नगर पंचायत से विजय उपाध्याय आलोक मिश्रा रतन बाबू दान बहादुर सहित नगर पंचायत करउपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई आयोजित



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलीय अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यकम/लेखा प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकरी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला कार्यकम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, एच0एम0आई0एस0 कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा, क्वालिटी एश्योरेंश कार्यकम, राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यकम, एन0सी0डी0, संचारी रोग अभियान एवं 100 दिवस टी0बी0 अभियान के उपलब्धियों की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ, डब्लू0एच0आो0 एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए, कम प्रगति वाले बिन्दुओं पर अप्रसन्नता करते हुए, 15 दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि हीटवेब के दृष्टिगत समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता तथा अन्य व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल व दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2025 तक चलाया जाएगा अभियान

**● अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधितों की होगी अहम भागीदारी- डीएम**

**संचारी व दस्तक अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 22 मार्च 2025:-** जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में 01 से 30 अप्रैल 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल 2025 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2025 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी डीघ को निर्देश दिया कि गंगा के किनारें सभी गॉवों का अभियान चलाकर दूषित पानी वाला सेलों हैण्डपम्पों का ग्राम पंचायत अधिकारियों से चिन्हित कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने नगर पंचायतों में हैण्डपम्पों की पानी टेस्टिंग कराने के साथ-साथ ओवर हेड टैंको की सफाई कराये। सभी अधिकारियों को यह भी हिदायत दी की पिछले वर्ष से बेहतर कार्य कराये। संचारी अभियान में जो भी कार्य करायें व्हाट्एप्प ग्रुप में भेजें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह में माईक्रोप्लान जिला मलेरिया अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराये।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आई0 सी0 डी0 एस0, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा अन्य सभी सबंधित विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की के संबंध में कार्यवाही करें। बैठक मे सीडीओ डॉ शिवाकांत द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा, परियोजना निदेशक आदित्य कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे, डीसी मनरेगा राजा राम, संबंधित चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

## आगामी पर्वो- ईद उल फितर, नवरात्रि व रामनवमी आदि को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



आज दिनांक-22.03.2025 को उप जिला अधिकारी भदोही श्याम मणि त्रिपाठीक्षेत्राधिकारी भदोही अशोक कुमार मिश्रा एवं थाना अध्यक्ष सुरियावा अजीत कुमार श्रीवास्तवद्वारा थाना सुरियावा पर विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं, सम्भ्रांत/गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों व डिजिटल वॉलिंटियर के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई।

बैठक में प्रतिभाग करने वाले लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये। उपस्थित लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस नहीं निकाला जाएगा। सड़क बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न करने हेतु हिदायत दिया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा जारी किये गये गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ अपना अपना त्योहार मनाएं। असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, यदि किसी व्यक्ति के संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत सम्बंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत सुरियावा अध्यक्षविनय चौरसिया शेषधर गुप्ता मोहम्मद इसराइल व हल्का लेखपाल रजनीश बघेल तथा सभासद तथा ग्रामीण क्षेत्र से ग्राम प्रधान एवं गणमन व्यक्तियों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ग्रो सेफ फूड़ अभियान-नकली,मिलावटी, घटिया, अपंजीकृत व बिना लाइसेंस वाले कीटनाशकों से सावधान -जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 22 मार्च 2025**/कीटनाशकों के सुरक्षित और विवेकपूर्ण प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल से "ग्रो सेफ फूड" अभियान का क्रियान्वयन किया जाने के उद्देश्य से केन्द्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीयन समिति द्वारा अनुमोदित लेबल दावों के अनुसार कीटनाशकों का संस्तुति प्रयोग हेतु "ग्रो सेफ फूड" अभियान के अन्तर्गत कृषि निदेशालय (कृषि रक्षा अनुभाग) द्वारा प्रदत्त मुद्रित पोस्टर जनपद के सभी लाइसेन्सधारी कीटनाशी विनिर्माताओं / विक्रेताओं को विशाल सिंह, जिलाधिकारी एवं डॉ0 शिवाकन्त द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में निर्देश दिया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह की उपस्थिति में सभागार में इस अभियान की शुरूआत की गयी। शासन के मन्शा के अनुरूप जनपद में समस्त लाइसेन्सधारी गुणवत्तापूर्ण कृषि रक्षा रसायनों की बिक्री अपने प्रतिष्ठान से करें। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा जनपद के किसानों से आग्रह किया गया कि कीटनाशी लाइसेन्सधारी बिक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर "ग्रो सेफ फूड" अभियान के पोस्टर पर जो भी सूचनाएं अंकित है उसे अवश्य पढ़े तथा अमल लायें। इस अवसर पर रत्नेश कुमार सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी भदोही द्वारा जनपद के सभी कीटनाशी बिक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया गया कि उक्त अभियान द्वारा पोस्टर तत्काल कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी से प्राप्त करते हुए अपने प्रतिष्ठान में लगाना सुनिश्चित करें अन्यथा सम्बन्धित प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस अभियान के अवसर पर कृषि विज्ञान बेजवां के प्रभारी डॉ0 विश्वेन्दु द्विवेदी एवं कृषि विभाग के डॉ0 आदित्य कुमार मिश्रा एवं डॉ0 अवधेश कुमार सन्त उपस्थित रहें।

### उपजिलाधिकारी (न्यायिक)की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित



**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली चुनार में उपजिलाधिकारी ( न्यायिक ) संजीव यादव की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आज समाधान दिवस में कुल सात प्रार्थना पत्र आए जिसमें किसी का भी निस्तारण नहीं हो पाया। सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को जांच कर निस्तारण हेतु अग्रसारित कर दिया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य,अदालपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह,हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह,विनय कुमार राय,कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह सहित राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## न्यायालय आपके द्वार के अन्तर्गत डीएम ने रास्ते के निर्माण कार्य में आ रही रूकावटों को स्थलीय निरीक्षण कर किया निर्णय

**● त्वरित व शुचितापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने आज 01 मुकदमें का किया स्थलीय निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 22 मार्च 2025:-**'न्यायालय आपके द्वार' अभियान के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह ने शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया, जिससे विवादित प्रकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील ज्ञानपुर के प्रार्थीगण राधेश्याम मिश्र, प्रमोद कुमार मिश्र, पुत्रगण स्व0 कमला शंकर मिश्र व दिलिप कुमार मिश्र पुत्र स्व0 सुरेश चन्द्र मिश्र व सकुन्तला देवी पत्नि स्व0 विनोद कुमार मिश्र व कन्हैया लाल मिश्र, जगन्नाथ मिश्र पुत्र स्व0 अम्बा प्रसाद मिश्र, मुन्नी देवी पत्नि शेषमणि मिश्र, मुकेश कुमार मिश्र पुत्र स्व0 भैयालाल मिश्र व प्रेमचन्द्र मिश्र व धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पुत्रगण स्व0 हरिशंकर मिश्र व भारती देवी पत्नि समीर कुमार मिश्र व रमेश चन्द मिश्र व अशोक कुमार मिश्र पुत्रगण स्व0 दयाशंकर मिश्र एवं समस्त निवासीगण चकसुन्दर ता0 कोढ तहसील ज्ञानपुर, थाना गोपीगंज, के विगत कई वर्ष पुराने प्रकरण सड़क के विवाद को मौके पर स्वयं लिखित सुलह समझौता कराकर चकसुन्दर पीच रोड से शंकर जी मन्दिर तक इण्टर लॉकिंक का कार्य चालू कराया गया। यह भी कहे कि सड़क होने से गॉव का विकास के साथ-साथ आपका विकास होगा। इसके साथ साथ रास्ते के मुकदमें को आपसी सहमति से निरस्त करने की सहमति बन गई है।

## डीएम ने निर्माणाधीन 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय के निरीक्षण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**● डीएम ने निर्माण कार्य को 30 सितम्बर, 2025 तक पूर्ण कर हैण्डओवर करने का निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही:-** जिलाधिकारी विशाल सिंह द्वारा पूर्वान्ह में निर्माणाधीन 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय केशवपुर, सरपतहां, ज्ञानपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बजट उपलब्ध होने के बावजूद कार्य न होना गम्भीर विषय है। पिछले निरीक्षण व आज के निरीक्षण की प्रगति कार्य अत्यन्त ही धीमी गति से होता हुआ पाया गया। मैनपावर की संख्या अन्यन्त ही न्यून थी, जिससे कार्य समय से पूरा हो पाना सम्भव नहीं है। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर राममनोहर त्रिपाठी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्लास्टर, रिपेयरिंग, खिड़की, टाईल्स, ग्रील, प्लम्बर, विद्युतीकरण के कार्य में कितने मैनपावर से कार्य करा रहे है। प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराये। अगले 15 दिवस के अन्दर मैं पुनः निरीक्षण करूगा, यदि कार्य में प्रगति नही मिली तो सम्बन्धित फर्म के खिलाफ ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही करने की चेतावनी दी। साथ ही प्रगति धीमी होने पर प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओं नोटिस जारी किया। जिलाधिकारी ने कार्य को 30 सितम्बर 2025 तक पूर्ण कराकर हैण्डओवर करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को कैम्पस में झाड़ियों की कटाई के साथ साफ-सफाई के कार्य को कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों का खुला पोल

**● बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा कनेक्शन धारी से बिना पूछे ही कामर्शियल कनेक्शन करके कनेक्शन धारी को किया जा रहा है परेशान**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मीरजापुर।** लालगज थाना क्षेत्र के बेलन बरौधा गाव निवासी किशन कुमार ने आरजीआरएस करके बिजली विभाग के भ्रष्टाचार अधिकारियों का पोल खोलते हुए बताया कि 1959 से हमारे यहां 2 किलो ही वाट का कनेक्शन किया गया था तब से लेकर अब तक लगातार चल ही रहा है लेकिन अब लग रहा है कि मैं इसे नहीं चला पाऊंगा क्योंकि विभाग की विशेष अनुकंपा मेरे कनेक्शन पर हो गई है और तो इतनी कृपा की मेरे 2 किलो वाट से इन्होंने पता नहीं कैसे परिवर्तित कर दिया इस प्रकार से मेरे कनेक्शन को घरेलू बिजली को कामर्शियल में बदल दिया ऐसा करके विभाग ने यह जाहिर कर दिया कि जो ईमानदार और सही रास्ते पर चल रहा है उसे मैं जीने नहीं दूंगा अब आप ही बताइए महोदय की मेरा कनेक्शन लाइट फैन से कामर्शियल करने की क्या जरूरत थी और किस आधार पर किया गया मैंने कौन सा ऐसा ही षड्यंत्र स्थापित कर दिया है जहां मुझे कामर्शियल कनेक्शन देने की विशेष अनुकंपा की गई है मेरे हिसाब से तो मेरे घर पर लाइट फैन फ्रिज और कुलर है क्या इसके लिए 2 किलो वाट का कनेक्शन काफी नहीं है और तो यही पावर हाउस बरौधा के बगल में अवैध न जाने कितने अवैध कनेक्शन चल रहे हैं वहां पर कोई जांच नही होती है और नहीं कोई कनेक्शन की बात करता है आप मेरे घर पर लोड की जांच कर लीजिए अगर आपको लगता है कि मुझे कामर्शियल लोड की आवश्यकता है तो आप मुझे खुशी-खुशी कामर्शियल कनेक्शन दे दीजिए अगर नहीं तो आप मेरे कनेक्शन को पूर्व की भांति में परिवर्तित कर दीजिए क्योंकि मैं कामर्शियल कनेक्शन का भरपाई नही कर



पाऊंगा जहां मैं 126 यूनिट का बिल 737 रुपए का भुगतान किया था वही मैं 117 यूनिट का बिल 1037 रुपया भुगतान किया हूं महोदय मेरे प्रकरण पर आप अपनी विशेष कृपा करिए और मेरे कामर्शियल कनेक्शन को पूर्व की भाती लाइट आए नहीं घरेलू कनेक्शन में परिवर्तित करने की कृपा करें साथ ही साथ किशन कुमार ने बताया कि दिसंबर महीने से हमें परेशान किया जा रहा है कई बार आरजीआरएस हमने किया लेकिन बिजली विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों के द्वारा कई बार फर्जी रिपोर्ट लगाकर भेज दिया गया।

### नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने सीसी रोड का किया लोकार्पण



**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर के विकास को ओर आगे बढ़ाते हुए नगर के स्टेशन वार्ड के लक्ष्मणपुरम कॉलोनी में नवनिर्मित सीसी सड़क एवं संकटमोचन वार्ड के वासलीगंज रोड पटरी पर नाली कवर,मरम्मत एवं इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण किया।इस नवनिर्मित सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों ने खुशी ज़ाहिर की है।नपाध्यक्ष ने कहा कि जनता की मांग पर सड़क निर्माण और अन्य कार्य को कराया गया है,सीसी सड़क बनने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा और कॉलोनी निवासियों को भी राहत मिलेगी।इस अवसर पर सभासद विजय प्रजापति, आरती मोदनवाल, उपाध्यक्ष अजय मोदनवाल, पंकज सिंह चंदेल, श्याम सिंह,सनत केशरी, सुनीता शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने थाने पर आए फरियादियों की सुनी जन समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर. पी. सिंह के साथ जनपद मीरजापुर के थाना कोतवाली देहात पर समाधान दिवस में उपस्थित होकर आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुना गया तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व/पुलिस विभाग के अधिकारी को मौके पर जाकर शिकायतों को शत-प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने इस मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरियें इसके लिए उनकी शिकायतों, समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनता जनार्दन को थाना स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। जनता की शिकायतों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए । थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए जिससे आम-जनमानस को बिना बजह परेशान न होना पड़े। इस दौरान आईजीआरएस सन्दर्भो व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर एवं अद्यावधिक कराते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं का फिडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के भी निर्देश दिये गये।

## शीतलाष्टमी पर अदलपुरा शीतला मंदिर परिसर में शीतला धाम महोत्सव का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** शनिवार को अदलपुरा शीतला माता मंदिर पर शीतलाष्टमी के पावन पर्व पर भव्य शीतला धाम महोत्सव का आयोजन किया गया।मां का विभिन्न प्रकार के फूलों, व पंखुड़ियों से श्रृंगार किया गया जो मां के मूर्ति को दिव्य स्वरूप प्रदान कर रहा था। विगत कई वर्षो से मन्दिर समिति के लोगों द्वारा शीतलाष्टमी के दिन शीतला धाम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।इस दिन मां का भव्य रूप से श्रृंगार किया जाता है रात्रि में देवी जागरण के साथ साथ भण्डारें का आयोजन भी किया जाता है।इस दिन धाम पर दूर दराज के भक्तो द्वारा मां के आलौकिक स्वरूप का दर्शन करते हैं मन्नतें मांगते हैं और भण्डारें का प्रसाद ग्रहण कर देवी जागरण का लुफ्त उठाते हैं। मन्दिर के पुजारी सोनू, पंकज, विजय, अनिल,धनी, गुरु पुजारी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी एक सप्ताह पहले से मन्दिर परिसर की साफ सफाई व बिजली पानी की व्यवस्था मन्दिर समिति द्वारा किया गया है। शनिवार को भी भोर से ही मां के धाम में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर रात्रि तक चलता रहा। देवी जागरण मे गायक कलाकार धीरज त्रिपाठी, मुस्कान ने अपने एक से बढ़कर एक भक्ती गीत लोक गीत



कहरवा सुनाकर श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबूर किया।वहीं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह मय पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

## चैती महोत्सव की तैयारी में जुटा संस्कार भारती

**● नगर के पक्का घाट पर 28 मार्च को आयोजन, जुटेंगे प्रदेश के दिग्गज कलाकार**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** नगर के पक्का घाट पर संस्कार भारती के तत्वावधान में चैती महोत्सव का आयोजन 28 मार्च को किया गया है। जिसकी तैयारी बैठक संस्कार पब्लिक स्कूल सभागार में किया गया। में कार्यक्रम संयोजक डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी ने बताया कि नूतन वर्षाभिनंदन एवं चैती महोत्सव में प्रदेश के नामी कलाकार शामिल होंगे। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी प्रस्तुति किया जायेगा। पतित पावनी माँ गंगा के तट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को पूर्व की भाँति भव्य स्वरूप देने के लिए कार्य का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि भारतीय संस्कृति में नव वर्ष का आगमन चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ होता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है। जिसके चलते संघ की आनुषांगिक शाखा संस्कार भारती और भव्य स्वरूप में मना रही हैं। इस मौके पर गंगा नदी के तट पर बने बेजोड़ पक्का घाट की सजावट और लाइटिंग किया जायेगा। बताया कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले नृत्य एवं गायन के कलाकार अपनी उम्दा प्रस्तुति देंगे।

संस्कार भारती की जिलाध्यक्ष पदमश्री उर्मिला श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में चर्चित कार्यक्रम में सबकी सहभागिता आवश्यक है। नव वर्ष के स्वागत में किया जाने वाला कार्यक्रम हम सबका धरोहर हैं। जिसे निरंतर भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही इसे भावी पीढ़ी तक सहेज कर सौंपने की जरूरत है। बैठक में चैती महोत्सव के सह संयोजक का दायित्व संतोष तिवारी को दिया गया। बैठक में संदीप कुमार



जैन, डॉ नीरज त्रिपाठी, संदीप कुमार श्रीवास्तव, शिवराम शर्मा, डॉ संदीप श्रीवास्तव, अरविंद अवस्थी, सोमेश्वर पति त्रिपाठी, अश्विनी कुमार पांडेय, केदारनाथ सविता, अमरनाथ सिंह, प्रोफेसर नम्रता मिश्रा, रेखा गौड़, सुनैना यादव, राम नारायण यादव, राकेश कुमार वर्मा, लव कुश पांडेय, अनंत राज भंडारी, गोपाल कृष्ण गोस्वामी, शिव कुमार मुंदड़ा, बच्चा लाल श्रीवास्तव, अंबुज, अनिल यादव एव रमेश बाबू गुप्ता आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे। अध्यक्षता पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव एवं संचालन कृष्ण मोहन गोस्वामी ने किया।

## प्रमाण पत्र वितरण के साथ योग कार्यशाला का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवम् मां बलिराजी योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में चुनार के कोलना स्थित आदर्श जनता महाविद्यालय में चल रहे , पांच दिवसीय योग कार्यशाला के समापन अवसर पर दिन योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने अभ्यर्थियों को पेट के बल लेटकर करने वाले आसनों में मकरासन शलभासन भुजंगासन धनुरासन विपरीत नौकासन जैसे आदि आसनों का अभ्यास कराते हुए कहा कि कमर दर्द से परेशान साधक इनका अभ्यास कर हर प्रकार की कमर दर्द की समस्याओं से मुक्त हो सकता है। एवम् जिन्हें एल फोर एल फाइव की समस्याएं हैं ,उनके लिए यह रामबाण औषधी हैं।

समापन अवसर पर योग गुरु अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि पांच दिनों तक तक योग की अभ्यास में अपने को अभ्यस्त कर चुके साधक एवम् साधिकाओं घर पर रोज नियमित रूप से इसका अभ्यास करते रहे , तभी जीवन विकारों और व्याधियों से मुक्त



होगा। इस अवसर पर योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने प्रतिदिन बहुत अच्छा योग कर रहे अभ्यर्थियो को आयुर्वेद पुस्तके भी वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया , जिसमें अमीषा पटेल प्रथम प्रज्ञा पाठक द्वितीय एवम् जया मौर्या तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सीमा सिंह ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच दिवसीय योग कार्यशाला में जो कुछ आसन प्राणायाम क्रिया बंध एवं मुद्राओं का अभ्यास कराया व सिखाया गया है , उसे आप सभी हमेशा करते रहे और स्वस्थ सकुशल और सप्रसन्न रहे। इस अवसर पर समा परवीन प्रीति पाल साधना सिंह संध्या सिंह अंजलि मिश्रा सीमा मिश्रा सुधा सरोज सिंह जया मौर्या प्रीति पाठक उषा कुमारी प्रज्ञा पाठक वंदना पटेल सोनी उर्मिला सिंह प्रियंका सिंह मनोज कुमार शिवम् विश्वकर्मा अलंकृत मिश्रा प्रदीप पटेल आदि अभ्यर्थियों के साथ साथ उप प्राचार्य श्री प्रदीप सिंह रविंद्र सिंह शिवपूजन श्याम सिंह दिनेश सिंह अनिता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज की टीम मुरादाबाद को हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 21 से 23 मार्च, 2025 तक ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता आज दूसरे दिन प्रयागराज, गाजीपुर, देवरिया एवं गोरखपुर में अपने-अपने पूल के मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। आज दिनांक 22 मार्च, 2025 को खेले गये मैच का परिणाम निम्नवत है– आज प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ब्लू व्हेल पब्लिक स्कूल के संस्थापक संदीप कुशवाहा को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमा के द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया इंदु खुराना, अमित सिंह को प्रयागराज खो खो सचिव अरुण प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्हित भेंट किया। प्रयागराज ने मुरादाबाद को, गोरखपुर ने मेरठ को, देवरिया ने झांसी को, गाजीपुर ने लखनऊ को हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया कल दिनांक 23 मार्च, 2025 को प्रातः 08.00 बजे से सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगें उक्त प्रतियोगिता में श्री प्रकाश मिश्रा लखनऊ (प्रतियोगिता मैनेजर), श्री अजीत सिंह यादव लखनऊ, श्री रंजीत चौरसिया प्रयागराज, श्री अंकित कनौजिया प्रयागराज, श्री राधेश्याम मौर्य प्रयागराज, श्री आकाश पटेल रायबरेली, श्री विकास यादव प्रयागराज, श्री संजय भारद्वाज मेरठ, श्री यशदीप शर्मा लखनऊ, श्री रोहित शर्मा लखनऊ, श्री निखिल कुमार सिंह लखनऊ, श्री योगेश कुमार लखनऊ ने ऑफिसियल की भूमिका नभाई। इस अवसर पर श्री संदीप गुप्ता, कीड़ाधिकारी, श्री देवी प्रसाद उप कीड़ाधिकारी, श्री एम0एच0 चौधरी सेवा निवृत्त कीड़ाधिकारी, श्री सत्येन्द्र सिंह, श्री अतुल कुमार सोनकर, श्री अंकित तिवारी, श्री आशीष कुमार यादव, सुश्री सुप्रिया रानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवाबगंज में उपद्रवियों ने किया हमला एसीपी की मौजूदगी में जमकर तांडव, नहीं दिखा पुलिस का कोई खौफ

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज ।** हथीगंहा गांव में सड़क चौड़ीकरण में तोड़ी गई मंदिर की जगह दूसरी मंदिर का होना है निर्माणलेकिनआरोप है एक व्यक्ति भूमि को अपनी जगह बता कर अवैध कब्जा,कर लिया।जब अतिक्रमण हटवाने सभी अधिकारी पहुंचे तो घटना में सूत्रों के अनुसार महिला पुलिसकर्मी और लेखपाल संघ अध्यक्ष राजकुमार सागर ग्राम प्रधान सहित कई लोग चूटहिल और कई गंभीर रूप से घायलहो गए। बड़े-बड़े आला अधिकारी की मौजूदगी में विवादित भूमि बनी कुरुकछेत्र /रण भूमि का मैदान। एक महिला को घसीटते दिख रहे लोग। एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव एसडीएम सोरांव हीरालाल सैनी तहसीलदार सोरांव बृजेश कुमार की मौजूदगी में मंदिर निर्माण की जगह बनी रणभूमि तीनों आलाधिकारी दिखे लाचार घटनास्थल पर जमकर चले ईंट पत्थर, हो सकता था बड़ा हादसा जा सकती थी किसी की भी जान बड़ा सवाल आखिर इतने बड़े मामले में नवाबगंज पुलिस एसीपी के घटनास्थल पर मौजूद होने के बाद क्यों नहीं थी मौजूद अकेले पहुंचे एसीपी जंगबहादुर यादव ईंट पत्थर चलाते देख खुद को सुरक्षित करते दिखाई दिए एसीपी जंग बहादुर यादव आरोप है तथाकथित किसान यूनियन के लोगों ने भी मचाया तांडव हाथों में लेकर आए थे लाठी डंडे,किसान यूनियन क्यों गए थे डंडा लेकर। इतने लोगों के जमा होने के बावजूद आखिर प्रशासन को क्यों नहीं लग सकी इसकी भनक।

# सहारनपुर में भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को मारी गोली, तीनों की मौत, पत्नी गंभीर

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहारनपुर जनपद के गंगोह में सांगाखेड़ा ने एक भाजपा नेता ने पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। हमले में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। भाजपा जिला कार्यसमीति के सदस्य योगेश रोहिला ने अपनी पत्नी पत्नी नेहा (32), शिवांश (4), देवांश (7), श्रद्धा (8) को गोली मार दी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज सुनकर व शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। भाजपा नेता ने घर के भीतर ही इस वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि चारों के सिर में गोली मारी गई है। हालांकि आरोपी भाजपा नेता को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। यह भी जानकारी मिली है कि भाजपा नेता कुछ दिनों से मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं चल रहा था। उसके पास लाइसेंसी पिस्टल बताई गई है जिससे उसने पत्नी और बच्चों को गोली मारी है। सभी का अस्पताल ले जाया गया। पुलिस आरोपी को थाने ले गई है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है। घायल बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा की अस्पताल में मौत हो गई है जबकि पत्नी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। बताया गया कि भाजपा नेता के मानसिक रोग का उपचार करा रहा है।

# भगवान ही बचाए इस देश को, रेप पर इलाहबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी से भड़के कपिल सिब्बल

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** यौन अपराध से जुड़े एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी की कानून विशेषज्ञों ने शुक्रवार (22 मार्च, 2025) को निंदा की है. हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था कि किसी लड़की के निजी अंग को पकड़ना और उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास का मामला नहीं माना जा सकता. सीनियर एडवोकेट और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भगवान ही इस देश को बचाए, क्योंकि पीठ में इस तरह के न्यायाधीश विराजमान हैं! सुप्रीम कोर्ट गलती करने वाले जजों से निपटने के मामले में बहुत नरम रहा है.कपिल सिब्बल ने कहा कि जजों, खासकर हाईकोर्ट के जजों को ऐसी टिप्पणियां करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे समाज में गलत संदेश जाएगा और लोगों का न्यायपालिका पर से भरोसा उठ जाएगा. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस तरह की विवादास्पद टिप्पणी करना अनुचित है, क्योंकि मौजूदा समय में न्यायाधीश जो कुछ भी कहते हैं, उससे समाज में एक संदेश जाता है. अगर न्यायाधीश, खासतौर पर हाईकोर्ट के जज, इस तरह की टिप्पणियां करते हैं, तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा और लोगों का न्यायपालिका पर से भरोसा उठ जाएगा. कानून विशेषज्ञों ने जजों से संयम बरतने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणियों से ज्यूडिशियरी में लोगों का भरोसा कम होता है. सीनियर एडवोकेट और पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता पिंकी आनंद ने कहा कि मौजूदा दौर में, खासतौर पर सतीश बनाम महाराष्ट्र राज्य जैसे मामलों के बाद, इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले ने बलात्कार के प्रयास जैसे जघन्य अपराध को कमतर करके आंका है, जो न्याय का उपहास है. पिंकी आनंद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, लड़की के निजी अंगों को पकड़ने, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ने, उसे घसीटकर पुलिया के नीचे ले जाने की कोशिश करने और सिर्फ हस्तक्षेप के बाद ही भागने जैसे तथ्यों के मद्देनजर यह मामला पूरी तरह से बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में आता है, जिसमें 11 साल की लड़की के साथ बलात्कार की मंशा से हर संभव हरकत की गई. उन्होंने कहा कि अब पुनः जागृत होने का समय आ गया है. पिंकी आनंद ने कहा, कानून का उल्लंघन करने वालों और महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जा सकता और यह फैसला स्पष्ट रूप से गलत है, क्योंकि यह इस बात को नजरअंदाज करता है. मुझे पूरा भरोसा है कि इस तरह के फैसले को उचित तरीके से पलटा जाएगा और न्याय होगा. सीनियर एडवोकेट विकास पाहवा ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की व्याख्या, बलात्कार के प्रयास की संकीर्ण परिभाषा देकर एक चिंताजनक मिसाल कायम करती प्रतीत होती है. विकास पाहवा ने कहा, इस तरह के फैसलों से यौन हिंसा के पीड़ितों की सुरक्षा के प्रति न्यायिक प्रणाली की प्रतिबद्धता में जनता का विश्वास कम होने का खतरा है. ऐसे फैसले पीड़ितों को आगे आने से भी हतोत्साहित कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें डर होगा कि उनके साथ हुई हरकतों को कमतर आंका जाएगा या खारिज कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि न्यायपालिका अधिक पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाए और यह सुनिश्चित करे कि दुष्कर्म की मंशा दर्शाने वाली हरकतों को उचित रूप से पहचाना जाए और उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाए, ताकि न्याय प्रणाली में लोगों का विश्वास बना रहे और संभावित अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके. विकास पाहवा ने कहा कि समन जारी करने के चरण में अदालतें आमतौर पर सबूतों के विश्लेषण पर गहराई से विचार किए बिना यह आकलन करती हैं कि आरोपों के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं. उन्होंने कहा, इस प्रारंभिक चरण में अपराध की प्रकृति का पुनर्मूल्यांकन करके हाईकोर्ट ने अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण किया है, क्योंकि इस तरह का मूल्यांकन आमतौर पर सुनवाई के चरण में होता है. वरिष्ठ अधिवक्ता पीके दुबे ने विकास पाहवा की राय से सहमति जताते हुए कहा कि इस तरह की व्याख्या उचित नहीं थी. उन्होंने कहा, न्यायाधीश के निजी विचारों के लिए कोई जगह नहीं है और उन्हें स्थापित कानून और न्यायशास्त्र का पालन करना चाहिए. पीके दुबे ने कहा कि यौन अपराधों से जुड़े मामलों में इस बात पर विचार किया जाता है कि क्या किसी भी रूप में यौन मंशा जाहिर हुई, साथ ही यह तथ्य भी देखा जाता है कि उक्त कृत्य से क्या पीड़ित को चोट पहुंची. उन्होंने कहा, %यौन प्रवेशन जरूरी नहीं है और इस तरह की हरकतें भी यौन कृत्य के बराबर हैं, जिनके लिए व्यक्ति को सजा दी जा सकती है. पीड़िता के निजी अंग को छूना ही काफी है और यह बलात्कार के बराबर है. मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज में 11 साल की एक लड़की से जुड़ा है, जिस पर 2021 में दो लोगों ने हमला किया था. इलाहाबाद हाईकोर्ट की जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की बेंच ने फैसला सुनाया कि केवल निजी अंगों को पकड़ना और पायजामा का नाड़ा तोड़ना बलात्कार के अपराध की श्रेणी में नहीं आता है, बल्कि ऐसा अपराध किसी महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला करने या आपराधिक बल प्रयोग के दायरे में आता है।

# जायद फसलों में अधिक से अधिक नैनो उर्वरक का प्रयोग करे : अभिमन्यु राय

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज स्थित बहादुरपुर प्रखंड के नैनो क्लस्टर गांव उमरी में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय उप महाप्रबंधक डॉक्टर आर के नायक के साथ उप महाप्रबंधक प्रबंधक प्रयागराज एस सी मिश्रा ने भ्रमण किया। गांव के किसानों से वार्ता की एवं नैनों के प्रचार प्रसार के बारे में सलाह देते हुए कहा आगामी जायद सीजन में लगने वाली फसलों उड़द, मूंग व सब्जियों में अधिक से अधिक नैनो डीएपी व नैनो यूरिया का प्रयोग करे जिससे उनको लाभ मिल सके। उक्त अधिकारियों ने किसानों को रासायनिक उर्वरक से होने वाले पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के नुकसान के बारे में जागरूक कराया एवं साथ ही नैनो के प्रयोग से भारत सरकार द्वारा उर्वरकों पर दी जाने वाली अनुदान राशि मैं कटौती होने से राष्ट्रीय बचत से भी अवगत कराया। किसानों ने आने वाली फसलों में ज्यादा से ज्यादा नैनो उर्वरकों के प्रयोग की एवं इसके बढ़ावा हेतु आसपास के किसानों के बीच प्रचार प्रसार करने की अपील की। इफको द्वारा क्लस्टर योजना में अंगीकृत गांव के किसानों से नैनो युरिया, नैनो डीएपी एवं सागरिका में केवल 75त्न का अंश ही किसानों से लिया जाता है बाकी 25 परसेंट इफको द्वारा वहन किया जाता है जिससे कि यह किसानों के बीच में ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय एवं प्रचारित हो सके। उहोंने किसान को उक्त कृषि उत्पादों को स्प्रे करने के लिए ड्रोन की सेवा, मैन्युअल स्प्रे की सेवा भी प्रदान की जा रही है जिस के लिए बहुत ही नॉमिनल चार्ज ही किसानों से लिया जाता है, जिसके कारण धीरे-धीरे यह उर्वरक किसानों के बीच में लोकप्रिय हो रहे हैं एवं रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग भी धीरे-धीरे कम हो रहा है।

# दुर्गा वाहिनी हमारी चेतना और शक्ति का प्रतिबिम्ब

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** विश्व हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी की एक बैठक मूरतगंज विकास खण्ड के बलकरनपुर गांव में आहूत की गई बैठक का संयोजन दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका सोनिया राजपूत के द्वारा किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला तो विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि दुर्गा वाहिनी हिन्दू बहनों का एक गतिशील संगठन है। किसी भी राष्ट्र की शक्ति या ऊर्जा का केन्द्र उसकी युवा शक्ति होती है। क्योंकि यह युवा शक्ति ही है जो अपने प्राणों की आहुति देकर भी समाज और राष्ट्र को उन्नति की ले जाती है। यही कारण है कि सभी समाज और संस्थाएं अपने साथ युवा शक्ति को जोड़ने का सदैव प्रयास करती हैं। इस मौके पर उन्होंने सभी बहनों से दुर्गा वाहिनी में जुड़कर संगठन को आगे बढ़ने काआह्वान किया। इस मौके पर बोलते हुए संगठन के संहमंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि जिस तरीके से आज हिन्दू धर्म को चोट पहुंचाने के लिए हमें निशाना बनाया जा रहा है वैसे में मातृशक्ति व बहने अपने घर में बच्चों को हिंदुत्व और सनातन की सही शिक्षा देकर राष्ट्र को मजबूत रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस मौके पर बोलते हुए दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका सोनिया राजपूत ने कहा कि जिले की बहने जा चुकी है और जिले में आज जिस तरीके से तेजी से दुर्गा वाहिनी बढ़ रही है आने वाले दिनों में गांव-गांव में दुर्गा वाहिनी की समितियां होगी। बैठक का आयोजन प्रखण्ड की सरिता देवी और शिव कुमारी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से परमीना, मंजू, बबीता, कलावती, सुनीता, बोल देवी, उर्मिला, सीता देवी, माधुरी, रिंकी, रश्मि, सुनीता, गुड्डी, रनिया, पुष्पेंद्र पाण्डेय, दीपक मौर्य, संदीप शुक्ला, टीकम चौरसिया, कार्तिकेय मिश्रा, महेन्द्र पासी, प्रिंस शुक्ला, धीरज पटेल, अजय पासी शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दामाद की हत्या के आरोप में फरार चल रहे 25 हजार इनामिया आरोपी को दोनाली बन्दूक के साथ किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जनपद में सराय अकिल थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे 25 हजार के इनामिया आरोपी को दोनाली बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है, पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सराय अकिल थाना पुलिस ने शनिवार को सुबह 6 बजे मुखबिर की सूचना पर नन्दा का पुरवा पीपा पुल के पास चौरहा पर कामता प्रसाद तिवारी नाम के आरोपी को दो नाली बन्दूक के साथ गिरफ्तार कर लिया।आरोपी कामता प्रसाद के ऊपर अपने ही दामाद की हत्या करने का धारा 103(1)/352 बीएनएस व3/30 आर्म्स एक्ट का आपराधिक मुकदमा दर्ज है एवं 25 हजार का इनामिया वांछित भी है। पुलिस ने लिखापढ़ी कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नारा, शमसाबाद में नए विद्युत उपकेन्द्र, विद्युत आपूर्ति और लटकते जर्जर तारों की समस्या को लेकर अधिक्षण अभियन्ता विद्युत को सौंपा मांग पत्र

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में शनिवार 22 मार्च को पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में जिले की जर्जर विद्युत तारों के कसाव और मरम्मत, विद्युत आपूर्ति में सुधार और नारा एवं शमसाबाद में नए विद्युत उपकेन्द्र की मांग को लेकर अधिक्षण अभियन्ता (विद्युत) श्याम नारायण को एक मांगपत्र सौंपा गया। सौंपे गये मांगपत्र में जिले की ग्रामीण एवं कस्बाई विद्युत आपूर्ति में सुधार, जर्जर तारों की कसावट और सिराथू ब्लॉक के नारा और शमसाबाद बाजार में नए विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किये जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि गर्मी का समय शुरू होते ही विद्युत कटौती शुरू हो गई है जिससे अभी से लोग विद्युत से परेशान होने लगे है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लटकते जर्जर तारों से कभी भी किसानो के खेतों में आग लग सकती है जिससे किसानो की फसलों का नुकसान हो सकता है इसके लिए तत्काल लटकते जर्जर विद्युत तारों को कसाव एवं मरम्मत करने की जरूरत है। इसी के साथ ही अजय सोनी कहा कि घाटमपुर विद्युत उपकेन्द्र से किसानो को रोस्टर से विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है जिससे किसानो की गेहूं की फसल सूख रही है और किसान त्राहि त्राहि कर रहा है। साथ ही नारा और शमासाबाद क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र न होने से आसपास के गांवो में विद्युत की समस्या बनी रहती है जिससे ग्रामीण परेशान रहते हैं। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जनहित किसानहित की अनदेखी की गई तो सैकड़ों किसानो के साथ सड़क पर उतरकर आन्दोलन किया जाएगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, राजकुमार साहू, अशोक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्जनपदीय पुलिस कलस्टर प्रतियोगिता 2025 का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।**28 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस कलस्टर प्रतियोगिता वर्ष - 2025 प्रयागराज जोन, प्रयागराज का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी में दिनांक 22.03.2025 से 24.03.25 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी 08 जनपद के टीमों के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज दिनांक 22.03.2025 को पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सभी टीम के कैप्टन तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई गई तथा प्रतियोगिता को खेल की भावना से सम्पन्न कराने की अपेक्षा की गई। सर्वप्रथम सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा अपने-अपने ध्वज लेकर बैण्ड की ध्वनि के साथ कदम से कदम मिलकर मार्च पास्ट किया गया तथा सभी टीमों के लीडरों द्वारा ध्वज को झुकाकर मुख्य अतिथियों का अभिवादन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा क्षेत्राधिकारी चायल, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

# विद्यालयों में बच्चों के नामांकन पर ध्यान देने की जरूरत : बीईओ

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर ।** जिले के बर्डपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र के अंतर्गत विद्यालयों के प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को बुद्ध विद्या पीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार द्वारा किया गया । प्रशिक्षण का आयोजन खंड संदर्भदाताओं ने विद्यालय प्रबंध के संरचना, गठन,कार्यकाल और उनके कार्य एवं दायित्वो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही निपुण भारत मिशन, गुणवत्ता शिक्षा, बालिका शिक्षा और प्री प्राइमरी एजुकेशन पर चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय स्तर पर मासिक बैठकों के आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने शारदा कार्यक्रम, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रशिक्षण और नामांकन पर विशेष ध्यान देने को कहा। ऑपरेशन कायाकल्प में एस एम सी की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में अध्यक्षों एवं अध्यापकों ने भी अपने अनुभव भी साझा किए। नए शैक्षिक सत्र में स्कूल चलो अभियान, नए नामांकन, स्वक्षता और मध्यान्ह भोजन योजना में सहयोग के लिए आह्वान किया।कार्यक्रम में संदर्भदाता शफीकुर्रहमान,अशोक चौधरी, संदीप प्रभाकर, मशहूर आलम, एआरपी एशोसिएशन के अध्यक्ष हरिमोहन सिंह,सुनील गौतम,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री कलीमुल्लाह, अटेवा के मंडल अध्यक्ष बलवंत चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, सुरेंद्र कुमार, जयेंद्र यादव, रामप्रकाश यादव, विजय चौधरी, विनोद बजाज, इश्तियाक अहमद,अमित श्रीवास्तव,अभिनव श्रीवास्तव, शैहला परवीन, सावित्री चौधरी,नगमा बानो आदि उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में एसओ कोखराज ने सुनी फरियादियों की समस्या

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** समाधान दिवस पर एसओ कोखराज ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और लगातार राजस्व के बढ़ते विवाद को संज्ञान में लेकर राजस्व कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी विवाद जमीनी बढ़ता है तो इसके जिम्मेदार क्षेत्रीय लेखपाल होंगे शिकायत के बाद एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने कहा कि मौक़े पर राजस्व व पुलिस संयुक्त टीम जा कर मौके से विवादित मामलों का निस्तारण कर सूचना दे कर समाधान दिवस कि शिकायत निस्तारण करने के बाद जानकारी दे मौके 10 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज करायी जिसमें एक का मौके निस्तारण किया गया बाकी मामलों में राजस्व टीम व पुलिस बल को मौके पर भेजा गया मौके पर लेखपाल,लोकनाथ पाण्डेय, देवेन्द्र सिंह,अमन सिंह,उमेश केशरवानी,जगदीश कुमार, पवन सिंह,नित्या पाल, अनुराधा वर्मा आदि लोगों की उपस्थिति में समस्यओं को सुना गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हल्की बारिश के बाद खिली धूप, बाजारों में ईद की रौनक



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया प्रखंड में 20 और 21 मार्च को हुई हल्की बेमौसम वर्षा से मौसम सुहावना हो गया। इस बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं फसलों को आंशिक रूप से लाभ और नुकसान दोनों हुए। हालांकि, किसी बड़े जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। 22 मार्च को सुबह हल्के बादलों के बीच ग्यारह बजे के बाद धूप खिलने से जनजीवन सामान्य हो गया। इसी बीच ईद के पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग सेवइयों, वस्त्रों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में व्यस्त नजर आ रहे हैं। पाकुड़िया बाजार की चहल-पहल देखते ही बन रही है, और लोगों के चेहरे पर उत्साह झलक रहा है। फिलहाल, मौसम सुहावना होने से बाजारों में भीड़ बढ़ रही है, और लोगों में ईद की खुशियों की झलक साफ देखी जा सकती है।

### गर्मी की छुट्टी में बेंगलुरु में झारखंड महोत्सव की धूम



**रांची, झारखंड-** इस बार की गर्मी की छुट्टियों में द आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल आश्रम बेंगलुरु में झारखंड की कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन होगा। पूरे झारखंड से लोग जा रहे हैं जहां वे एडवांस मेडिटेशन कोर्स के माध्यम से अध्यात्म की गहराइयों का आनंद लेने के साथ ही क्षेत्र की कला एवं संस्कृति को लोगों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। झारखंड के विशेष पकवान, परंपरागत नृत्य-कला, पहनावा, संगीत आदि की तैयारी अभी से चल रही है। द आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के दर्शन, आशीर्वाद एवं सानिध्य हेतु लोगों में विशेष उत्सुकता है।

### रक्तदान की मिसाल- कृष्णा मुरारी ने ब्लड कैंसर पीड़ित महिला की बचाई जिंदगी

**चंदवा, झारखंड-** मानवता की मिसाल कायम करते हुए चंदवा लोहरसी निवासी कृष्णा मुरारी ने रांची सदर अस्पताल में भर्ती ब्लड कैंसर से जूझ रही मुन्नी देवी (52 वर्ष) के लिए O-negative रक्तदान किया। जैसे ही उन्हें पता चला कि जमीरा, चंदवा निवासी मुन्नी देवी को तत्काल रक्त की जरूरत है, वे बिना देर किए लंबी दूरी तय कर रांची पहुंचे और रक्तदान किया। नियमित रक्तदाता कृष्णा मुरारी हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान करते हैं और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उनके इस निःस्वार्थ सेवा कार्य के लिए मरीज के परिवार ने आभार व्यक्त किया और समाज में इस पहल को प्रेरणादायक बताया। कृष्णा मुरारी का यह प्रयास "रक्तदान - महादान" की भावना को साकार करता है और समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करता है।

### शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**हजारीबाग, झारखंड-** देश ने हमें बहुत कुछ दिया है, लेकिन हमने देश को क्या दिया? स्वतंत्रता के लिए कई वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। 23 मार्च 1931 को लाहौर में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। उन्हीं की स्मृति में हर वर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज (सदर अस्पताल) के ब्लड बैंक में प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एसोसिएशन के सहयोग से बड़का गांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्पिंग हेड संस्था द्वारा भी सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कि हमें देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीरों को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने एक स्वस्थ, समृद्ध और स्वच्छ भारत की कल्पना की थी, लेकिन आज भी रक्त की कमी के कारण कई लोगों की असमय मृत्यु हो जाती है। रक्तदान करके हम अनेक जीवन बचा सकते हैं। हमारा एक छोटा सा योगदान किसी के जीवन की डोर को थाम सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करने और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया।

# मेहनती किसानों की मेहनत रंग लाई- सिंचाई की कमी के बावजूद सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भरता की ओर

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** पाकुड़िया प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में किसान वर्षों से वर्षा आधारित खेती पर निर्भर रहे हैं। मुख्य रूप से धान की खेती करने वाले ये किसान अब सब्जी उत्पादन की ओर भी बढ़ रहे हैं। हालांकि, सिंचाई की स्थायी व्यवस्था न होने के कारण कृषि कार्य में कठिनाइयाँ आती हैं, फिर भी उनकी मेहनत और सरकारी योजनाओं के आंशिक लाभ से अब सब्जी उत्पादन में वृद्धि देखी जा रही है।

झारखंड राज्य गठन के बाद तालाबों, सिंचाई कूपों और चेक डैमों के निर्माण से किसानों का कृषि की ओर रुझान बढ़ा है। अब वे खरीफ फसलों के अलावा सरसों, मक्का, टमाटर, लाल आलू, बैंगन, करैला, भिंडी, गोभी, खीरा, ककड़ी, प्याज, मिर्च और नींबू जैसी सब्जियां भी उगा रहे हैं। इससे न केवल किसानों को आर्थिक लाभ हो रहा है, बल्कि स्थानीय बाजारों में सस्ती दरों पर ताजा सब्जियां उपलब्ध हो रही हैं।

**स्थायी सिंचाई की कमी, फिर भी बढ़ती खेती**

बसंतपुर पंचायत के बख्तरपुर गांव में वर्षों पहले एकमात्र आर्टिजन कूप की व्यवस्था तत्कालीन उपायुक्त द्वारा की गई थी, जिससे किसानों को कुछ राहत मिली। यदि इस क्षेत्र के चार पाताल कूपों का निरीक्षण कर स्थायी जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, तो यह किसानों के लिए बेहद लाभकारी होगा। बनो, सोल्ला और अन्य गाँवों में भी सिंचाई की सुविधा सीमित होने के बावजूद किसान सब्जियों की खेती में लगे हुए हैं। इससे दूर के शहरों से मंगाए जाने वाले महंगे सब्जियों की तुलना में स्थानीय उपज सस्ती दरों पर मिल रही है। उदाहरण के तौर पर, हाल ही में पाकुड़िया बाजार में बाहरी बैंगन ?80-?100 प्रति किलो बिक रहा था, जबकि स्थानीय बैंगन मात्र ?10-?20 प्रति किलो मिल रहा था।

**कृषकों की मांग- सिंचाई और फसल संरक्षण की सरकारी सुविधा मिले**

किसानों का कहना है कि यदि खेतों में स्थायी सिंचाई व्यवस्था के साथ-साथ फसल संरक्षण की सरकारी सुविधाएं मिलें, तो वे बड़े पैमाने पर उत्पादन कर अपने उत्पादों को निकटवर्ती बड़े बाजारों में निर्यात कर सकते हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी और क्षेत्र में कृषि को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

# रांची बंद- हेमंत सरकार पर विजय शंकर नायक का तीखा हमला

स्वतंत्र प्रभात



**रांची, झारखंड-** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने रांची की ऐतिहासिक बंदी को हेमंत सरकार के लिए कड़ा संदेश बताया। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज की भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है और उनकी मांगों पर कोई गंभीरता नहीं दिखा रही। सरकार पर गंभीर आरोप लगाते सरकार को आंख मूंदे धृतराष्ट्र करार दिया, जो आदिवासी समाज के मुद्दों से बच रही है। कहा कि तीन महीने से जारी आंदोलन के बावजूद सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा जा रहा है, उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। सिरम टोली के मुख्य द्वार पर फ्लाईओवर से रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज ने मानव श्रृंखला बनाई। सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये से नाराज होकर आदिवासी विधायकों और भाजपा सांसद-विधायकों के पुतले जलाए गए। हेमंत सोरेन ने सदन में सिर्फ सरहुल पर्व की बात की, लेकिन रैंप हटाने के मुद्दे पर चुप्पी साध ली। आदिवासी समाज ने दी चेतावनी। अगर सरकार तुरंत कार्रवाई नहीं करती, तो समाज डायरेक्ट एक्शन मोड में आ जाएगा। सरहुल से पहले फ्लाईओवर से रैंप नहीं हटा, तो आदिवासी समाज खुद कदम उठाएगा। विजय शंकर नायक ने कहा कि सरकार आदिवासी धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ बंद करे, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## हेसला नूरी मस्जिद में तरावीह की तकमील और मिलाद शरीफ का आयोजन

**● हाफिज गुलाम हैदर नमाजी ने की कुरान की तकमील, कमेटी ने किया जोरदार स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात



**हेसला, झारखंड-** शुक्रवार को नमाज-ए-ईशा के बाद हेसला नूरी मस्जिद में तरावीह की तकमील और मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। इस दौरान हाफिज जनाब गुलाम हैदर नमाजी द्वारा कुरान शरीफ की तकमील की गई। कार्यक्रम का आयोजन ख़तीबे ईमाम आलम राजा नूरी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर हेसला अंजुमन कमेटी के सदर, सेक्रेटरी, खजांची सहित खान मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला और नूर मोहल्ला के सैकड़ों लोग मौजूद थे। हाफिज गुलाम हैदर नमाजी ने सभी के हक में दुआ की और अमन-चैन की कामना की। हेसला अंजुमन कमेटी की ओर से हाफिज गुलाम हैदर नमाजी का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान माहौल लब्बैक या रसूल अल्लाह और नारे तकबीर, अल्लाह हू अकबर के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर कमेटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राजा खान, कलाम अंसारी, खुशामुद्दीन अंसारी उर्फ बबलू, सम्मू खान, अकबर खान, पिंटू अंसारी, शालू खान, असगर अली, पपला खान, मोहम्मद खुर्शीद, रिकी खान, पम्मू खान, तबरेज अहमद, अरमान खान, सोनू खान, सीकू खान, सनी खान, दानिश खान, बबी खान, नेहाल अशरफ, साकिब खान, आकिब खान, आर्यन खान, सज्जाद खान, किटी खान, सुड्डू खान, अमन खान, मदन खान और मुजम्मिल खान सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। यह आयोजन सामूहिक एकता और धार्मिक भावना को मजबूत करने का प्रतीक बना।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाया सूखे पेड़ों की समस्या और सड़क सुरक्षा का मुद्दा

**● सूखे पेड़ों की अविलंब कटाई हो, सड़क सुरक्षा और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए- प्रदीप प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से सदन में उठाया। सत्र की शुरुआत से ही वे क्षेत्रीय समस्याओं को मुखर रूप से सदन के पटल पर रख रहे हैं। शनिवार को उन्होंने झारखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ों और उनकी उचित कटाई-छंटाई न होने से उत्पन्न हो रहे खतरों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में कहा कि झारखंड के विभिन्न शहरी व ग्रामीण इलाकों में सड़क किनारे कई पेड़ पूरी तरह सूख चुके हैं और संबंधित विभाग द्वारा उनकी समुचित कटाई, छंटाई और रखरखाव का कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके कारण आंधी-तूफान के दौरान ये पेड़ गिरकर सड़क यातायात बाधित कर देते हैं, बिजली के तारों एवं पोलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे न केवल दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं बल्कि कई क्षेत्रों में घंटों तक बिजली भी बाधित रहती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण कई इलाकों में सूखे पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में 24 घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ और व्यापारिक गतिविधियाँ भी ठप हो गई।

**सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग-** विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन के माध्यम से राज्य सरकार और संबंधित विभाग से तत्काल इस समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि सभी सूखे पेड़ों की तत्काल चिन्हित कर उनकी कटाई और छंटाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। बिजली विभाग एवं वन विभाग के समन्वय से इन पेड़ों के आसपास की विद्युत लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, जिससे आंधी-तूफान की स्थिति में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। रोड सेफ्टी के तहत उचित संकेतक और सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं, जिससे सड़क पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को किसी भी अप्रिय घटना से बचाया जा सके। रात के समय सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उचित लाइटिंग व्यवस्था की जाए, जिससे वाहन चालकों को बेहतर विजिबिलिटी मिले और सूखे पेड़ों के कारण कोई बाधा उत्पन्न न हो। सड़क किनारे वृक्षारोपण एवं रखरखाव की नियमित निगरानी की जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे और दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा की मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान निकाला जाए। यदि समय रहते सूखे पेड़ों की उचित कटाई और मेंटेनेंस का कार्य नहीं किया गया, तो यह बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रण देगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों से जल्द ही बैठक करेंगे और इस दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## युवाओं के उम्मीदों को लगा पंख, उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**● चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु 182 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** सुनहरे भविष्य का इंतजार कर रहे युवाओं के उम्मीदों पर पंख लगा, जब माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने चौकीदारी के रिक्त पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र मिलते हीं अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठें और वे खुशी से झूम पड़े। नौकरी पाकर उत्साहित युवाओं ने एक स्वर में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त नैंसी सहाय सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में 182 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय व उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चौकीदार नियुक्ति समिति ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि आप सब की नियुक्ति तीन चरणों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद की गई है। आप सबों का आवेदन अप्लाई करने के बाद दौड़, लिखित परीक्षा और शारीरिक जांच की प्रक्रिया से गुजरने के बाद आप सभी का चौकीदार के पद के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपके दायित्व और भूमिका के लिए बहुत जल्द आपको सूचित किया जाएगा। आप सभी का पोस्टिंग जिले के विभिन्न अंचलों व प्रखंडों में किया जाएगा जहां आप योगदान देंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण करने में जिला प्रशासन, चौकीदार नियुक्ति समिति का सहयोग व मेहनत सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सदर एसडीओ सह डीटीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सना उस्मानी सहित कई अन्य पदाधिकारी,अभ्यर्थी व कर्मी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**● यह रथ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लाभुकों को जागरूक करने का काम करेगी**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से आपूर्ति विभाग के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में घूम-घूम कर लोगों को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक करने का काम करेगी। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि यह रथ लाभुकों के बीच ई-केवाईसी करवाना, अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान, वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत सुविधा, ऑनलाइन आवेदन की सुविधाएं, पीजीएमएस पोर्टल के बारे में जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा संचालित योजनाएं जैसे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के बारे में भी जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आच्छादित लाभुक (गुलाबी एवं पीला कार्डधारी) दिनांक 27.03.2025 तक अपने नजदीकी डीलर के पास जाकर ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे एलआरडीसी राजकिशोर प्रसाद, आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, डीपीआरओ रोहित कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## विवाहिता को मार-पीट कर किया घायल




**प्रतापगढ़।** मामूली बात को लेकर सास ससुर देवर ननद आदि ने विवाहिता को मार पीट कर घायल कर दिया। घायल विवाहिता मायके वालों के साथ कोतवाली आई पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सराय पैडमिन गांव निवासी रंजू पत्नी प्रवीण वर्मा ने शुक्रवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह सुबह लहसुन लेने खेत में गई हुई थी। लहसुन की पत्तियां लेकर जैसे ही वह घर लौटी की उसके देवर, ननद, सास, ससुर एक राय होकर उसे गिरा गिरा कर मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोटे आई। घायल विवाहिता ने अपनी मां को अपनी व्यथा बताई। विवाहिता की मां और बहन उसकी ससुराल आकर घायल विवाहिता को लेकर शुक्रवार को दिन दोपहर में कोतवाली आए। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घायल विवाहिता को इलाज के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में एआई और रोबोटिक्स वर्कशॉप, भविष्य की ओर एक कदम

**● रांची से आए विशेषज्ञों ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स की बारीकियां समझाईं**

**श्रीदस में इस सत्र से एआई, रोबोटिक्स, कानून और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है- रोहित सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-**बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और रोबोटिक्स पर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में कक्षा 7 से 10 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक तकनीक की दुनिया को करीब से जाना। इस वर्कशॉप का संचालन रांची से आए एआई और रोबोटिक्स विशेषज्ञ श्रीकांत और उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को न केवल रोबोट्स को देखने और उनके कार्य करने के तरीकों को समझने का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं के समाधान भी प्राप्त किए। विशेषज्ञों ने एआई टूल्स के माध्यम से छात्रों को यह बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन को सरल बना रहा है और भविष्य में इसकी क्या संभावनाएं हैं। छात्रों ने रोबोट्स के प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों को भी करीब से समझा। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि इस सत्र में एआई, रोबोटिक्स, कानून और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे आधुनिक विषयों को पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है, ताकि छात्रों को बहुमुखी विकास के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि यह वर्कशॉप छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मददगार साबित होगी। इस वर्कशॉप में विद्यालय के शिक्षक दिवाकर राणा और शिवशंकर यादव भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में छात्रों को नई-नई खोजों और इनोवेशन के लिए प्रेरित करना बेहद जरूरी है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल की यह पहल छात्रों के समग्र विकास और उनके तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह वर्कशॉप न केवल तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देगी, बल्कि छात्रों को भविष्य में इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करेगी। विद्यालय प्रबंधन ने आने वाले समय में और भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकों की बेहतर समझ मिल सके और वे भविष्य के लिए खुद को तैयार कर सकें।

## बरही में नेहरू की प्रतिमा टूटने के बाद प्राथमिकी दर्ज, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने उपायुक्त से पुनर्स्थापना की मांग की

स्वतंत्र प्रभात



**बरही, झारखंड-** बरही के माधोपुर चचरो पार्क में स्थापित देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कड़ी निंदा करते हुए बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मामले में बरही थाना में कांड संख्या 99/25 के तहत धारा 324(3) और 353(3) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने की मूर्ति पुनर्स्थापना की मांग-** इधर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त प्रतिमा को शीघ्र पुनर्स्थापित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि चचरो पार्क हजारीबाग का एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तिलैया डैम की आधारशिला रखी थी। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक बल्कि एक प्रमुख दर्शनीय स्थल भी है। श्री वारसी ने आग्रह किया कि आगामी 27 मई से पहले मूर्ति का पुनर्निर्माण कराया जाए, क्योंकि इस दिन पंडित नेहरू की पुण्यतिथि है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि इस महत्वपूर्ण अवसर से पहले मूर्ति की पुनर्स्थापना कर जनता की भावनाओं का सम्मान किया जाए।

## नवसाक्षर की परीक्षा आज, 292 परीक्षा केंद्र तैयार

स्वतंत्र प्रभात

**लातेहार, झारखंड-** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत 23 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन जाँच परीक्षा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 292 परीक्षा केन्द्र के माध्यम से 30 हजार नवसाक्षर को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों के लिए बुनियादि साक्षरता एवं संख्यात्मक जाँच परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान हद्धहस्र द्वारा दिनांक 23.03.2025 को निर्धारित है। बताया गया कि इस परीक्षा में

वैसे व्यस्क जो पढना लिखना, हिसाब करना जानते हो परन्तु प्रमाण पत्र नहीं है जे0एस0एल0पी0एस0 समूह के नवसाक्षर दीदी, विद्यालय प्रबंधन समिति के नवसाक्षर सदस्य, माता समिति के सदस्य, रसोईया आदि व्यस्क सम्मिलित हो सकते हैं। इसके अलावे विद्यालयी शिक्षा पूरी किए बिना विद्याालय छोड़ चुके व्यस्क,, मनरेगा मजदूर नवसाक्षर, श्रमिक व्यस्क जो नवसाक्षर हो, स्वयं से बुनियादी शिक्षा प्राप्त किये व्यस्क भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता आकलन जाँच परीक्षा के लिए प्रखंड स्तर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (स्र्र) प्रभारी होगें। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले व्यस्क अपना पंजीयन प्राथमिक / मध्य विद्यालय में करवा सकते है। तथापि वैसे व्यक्ति जो अपना पंजीयन नहीं करा पायें हो वे परीक्षा तिथि 23.03.2025 को सीधे परीक्षा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीयन करा लेंगें एवं परीक्षा में सम्मिलित हो जायेगें।

## डुमरियाडीह मस्जिद में तरावी व जश्न-ए-मिलाद का आयोजन, अमन-शांति के लिए मांगी गई दुआ

स्वतंत्र प्रभात



**बरही झारखंड-** बरही प्रखंड के डपोक पंचायत स्थित गरजामु डुमरियाडीह मस्जिद में हाफिज और कारी तैयब साहब द्वारा खत्म तरावी पढ़ाया गया। इसके उपरांत जश्न-ए-मिलाद का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान गांव और देश में सुख-शांति और अमन के लिए अल्लाह से विशेष दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में हाफिज और कारी तैयब साहब एवं मौवज्जिन कादिर साहब को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें बुके, माला, अंगवस्त्र और सलामी देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी को मिलकर समाज में शांति और एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जनाब अब्बास अंसारी, जनाब मंसूर आलम, डॉ. खलील साहब, जलील अंसारी, मो. सिकंदर, हाजी हाशिम साहब, इमाम हाफिज कौशर साहब, आजाद अली, अकबर मियां, समसुद्दीन अंसारी, फिरोज अंसारी, साबिर अंसारी, दौलत मियां, वाली मोहम्मद, बबून मियां, अनवर अंसारी, मो. उस्मान, शरीफ उद्दीन, नासिर उद्दीन, अजीज मियां, जहीर अंसारी, सराज अंसारी, मुस्तफा अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान अमित शाह को शक्ति प्रदान करें

मैं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मुंह में घी-शक्कर भर देना चाहता हूँ, क्योंकि उन्होंने संसद में अहम घोषणा करते हुए कहा कि 31 मार्च 2026 से पहले देश के सभी हिस्सों से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। 375 दिन में नक्सली खत्म, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की इस गारंटी को पूरा करने में सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के जवान जुट गए हैं।गूगल की परिभाषा के मुताबिक नक्सलवाद साम्यवादी क्रान्तिकारियों के उस आन्दोलन का अनौपचारिक नाम है जो भारतीय कम्युनिस्ट आन्दोलन के फलस्वरूप उत्पन्न हुआ।

सब जानते हैं कि नक्सलवाद से अकेले छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु ओड़िशा,महाराष्ट्र और झारखण्ड भी बुरी तरह प्रभावित रहा है। चूंकि ये एक सुव्य संगठित आंदोलन है इसलिए इसके समर्थक भी हैं और ये विचार जंगलों से चलकर शहरों तक आ चुका है इसीलिए शहरों में रहकर काम करने वाले नक्सलियों को % अर्बन नक्सली % कहा जाने लगा है ,हालांकि ये एक गलत परिभाषा है। क्योंकि शहरी नक्सलियों के पास बंदूकें नहीं किताबें और बुद्धिबल होता है।

बहरहाल देश को नक्सलियों से मुक्ति दिलाने की बात हो रही है । देश में यदि सरकार चाहे तो कोई भी वाद समाप्त किया जा सकता है ,वो भी बिना बन्दूक के। लेकिन हर सरकार नक्सलवाद से बन्दूक से निबटती आयी है। नकसलवाद के खिलाफ लड़ते हुए सरकारों ने अपने तमाम अर्धसैन्य बल को खपाया हा। बड़ी तादाद में हमारे जवान मारे गए हैं ,नक्सल विरोधी अभियान में जितने नक्सली मारे गए उससे ज्यादा वे आदिवासी मारे गए जो एक तरफ नक्सलियों से परेशान होते हैं और दूसरी तरफ पुलिस से। नक्सलियों के नाम पर निर्दोष आदिवासियों को फर्जी मुठभेड़ों में मरने की सैकड़ों वारदातें देश में हो चुकी हैं।

सवाल ये है कि क्या सचमुच नक्सलवाद समाप्त हो जायेगा। यदि सरकारी दावों को सही माना जाये तो गृह मंत्री की इस मुहिम का असर दिखने लगा है। घने जंगल में और नक्सलियों के गढ़ में पहुंचकर सीआरपीएफ व दूसरे बलों के जवान 48 घंटे में 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' स्थापित कर रहे हैं। अब इसी एफओबी के चक्रव्यूह में फंसकर नक्सली मारे जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने ऐसा जाल बिछाया है कि जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प बचते हैं। एक, वे सरेंडर कर दें और दूसरा, सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में गोली खाने के लिए तैयार रहें।

अधिकारिक जानकारी के मुताबिक नक्सलियों के गढ़ में अभी तक 290 से ज्यादा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं। 2024 में 58 कैंप स्थापित हुए थे। इस वर्ष 88 कैंप यानी एफओबी स्थापित किए जाने के प्रस्ताव पर काम शुरु हो चुका है। ये कैंप नक्सल के किले को ढहाने में आखिरी किल साबित हो रहे हैं। जिस तेजी से %फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस% स्थापित हो रहे हैं, उससे यह बात साफ है कि तय अवधि में नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। सुरक्षा बल, नक्सलियों के गढ़ में जाकर उन्हें ललकार रहे हैं।

इस साल जनवरी में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर क्षेत्र, गरियाबंद में ऑपरेशन ग्रुप ई30, सीआरपीएफ कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन और एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) की संयुक्त पार्टी के साथ हुई एक बड़ी मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए थे। भारी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। उस ऑपरेशन में एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली जयराम चलपती भी ढेर हुआ था। फरवरी में बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में हुई मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे।नक्सलियों के हमलों में भी बड़ी संख्या में नागरिक और पुलिस तथा अर्धसैन्य बल के जवान भी मारे जाते रहे हैं।



एक जमाने में मध्यप्रदेश और बिहार में डाकुओं का आतंक भी ठीक वैसा ही था जैसा इन राज्यों में डकैतों का था । मप्र में डकैत उन्मूलन 2006 में पूरा हो गया। अब चम्ब्ल के बीहड़ सूने पड़े हैं। चंबल में आखरी सूचीबद्ध डाको गिरोह जे जे उर्फ़ जगजीवन परिहार का मारा गया था अब पुलिस रिकार्ड में सूचीबद्ध गिरोह हैं लेकिन बराये नाम। डाकुओं की तरह नक्सलियों का खतम आसान नहीं है क्योंकि नक्सली एक राजनीतिक विचारधारा से जुड़े हैं। डाकुओं की कोई राजनीतिक विचारधारा नहीं थी इसलिए उनका खात्मा आसान रहा है। नक्सलियों के साथ ऐसा नहीं है। लेकिन यदि सरकार चाहे तो नक्सल समस्या का हल हो सकता है। लेकिन देश के वनवासी इलाकों के लिए जिस तरह की नीतियां सरकार बनाती है उनसे नक्सलवाद का सामना करना आसान नहीं है ।यदि होता तो नक्सलवाद अब तक समाप्त हो चुका होता।

आपको बता दें कि नक्सलियों से निबटने के लिए हर सरकार ने काम किया फिर चाहे वो कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की या वामपंथियों की सरकार। सबने नक्सल्वाद को बन्दूक से समाप्त करने की कोशिश की। मैंने अपने छात्र जीवन में पढ़ा था कि नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा अभियान स्टीपेलचेस अभियान था वर्ष 1971 में चलाया गए इस इस अभियान में भारतीय सेना तथा राज्य पुलिस ने भाग लिया था। अभियान के दौरान लगभग 20,000 नक्सली मारे गए थे।लेकिन इस महा अभियान के बाद भी नक्सलवाद समूल समाप्त नहीं हुआ। दूसरा बड़ा अभियान वर्ष 2009 में ग्रीनहंट के नाम से चलाया गया। । इस अभियान में पैरामिलेट्री बल तथा राष्ट्र पुलिस ने भाग लिया। यह अभियान छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र में चलाया गया। कोई सात साल पहले 3 जून, 2017 को छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों द्वारा अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'प्रहार' को प्रारंभ किया गया। किया गया।एके जमाने में हमारे मित्र और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी केएस शर्मा ने भी इस अभियान को गांधीवादी तरिके से समाप्त करने की कोशिश की थी लेकिन उसे सरकारों का ज्यादा समर्थन नहीं मिला।

बहरहाल नक्सलवाद के खिलाफ जंगलों से लेकर शहरों तक में अभियान जारी है। अब देखना है की भाजपा इस मामले में मिटनी कामयाब होती है।

**राकेश अचल**

## संपादकीय

# नैतिक सिद्धान्तों पर भारी भौतिकवाद

**(संस्कारों से परे होता समाज)**

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींद्य यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया,जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए उपहार के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भव सागर में कूद पड़ता है।

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैद्य प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैद्य भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैद्य व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैद्य समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

**संजीव ठाकुर**

# कब रुकेगा यह शर्मसार करने वाला दौर?

**[ यौन हिंसा के विरुद्ध-शिक्षा, संस्कार और सशक्त कानून की पुकार ]**

यौन हिंसा एक ऐसा कोढ़ है जो मानवता के मस्तक पर स्याह कलंक बनकर मँडराता है। यह महज एक अपराध नहीं, बल्कि एक ऐसा गहरा घाव है जो समाज की संवेदनाओं को लहूलुहान करता है, संस्कृति की जड़ों को कुरेदता है और नैतिकता के पैरों तले जमीन खींच लेता है। इसकी पैठ इतनी गहरी है कि इसे उखाड़ फेंकना किसी एक कानून या सजा के बूते की बात नहीं। यह एक ऐसा तूफान है जिसके सामने खड़े होने के लिए समाज के हर कोने से जागृति की लहर उठनी होगी। हमें अपनी संस्कृति को नए सिरे से गढ़ना होगा, नजरिए को तपा हुआ सोना बनाना होगा और मानवता के प्रति एक ऐसी संवेदना जगानी होगी जो दिलों को झकझोर दे। हाँ, यह मुमकिन है, मगर इसके लिए एक ऐसी क्रांति चाहिए जो सिर्फ शब्दों तक सीमित न रहे–एक ऐसी आग जो मन के अंधेरों को जलाए, विचारों को पिघलाए और व्यवहार को नए सांचे में ढाले।

## शिक्षा- सम्मान और समता का पहला पाठ

यौन हिंसा का अंत वहीं से शुरू होता है, जहाँ मन एक कोमल मिट्टी की तरह गढ़ा जा सकता है–बचपन की उस नन्हीं उम्र से। शिक्षा को किताबों की धूल भरी अलमारियों तक कैद नहीं रखा जा सकता; इसे एक तलवार बनाना होगा, जो अज्ञानता के बंधनों को काटे और संवेदना की रोशनी बिखेरे। स्कूलों की चारदीवारी में बच्चों को सिर्फ अक्षरों का पहाड़ न रटाया जाए, बल्कि सम्मान की गहराई, सहमति की ताकत और समानता का सबक सिखाया जाए। उन्हें यह एहसास दिलाया जाए कि हर इंसान की इज्जत एक अनमोल रत्न है, जिसे ठेस पहुँचाना किसी सभ्य समाज की कल्पना के परे है। लड़कियों को उनकी भीतर की आग का अहसास कराया जाए, जो दुनिया को रोशन कर सके, और लड़कों को वह कोमलता दी जाए, जो दूसरों के दर्द को समझे। यह शिक्षा कक्षा की स्लेट से आगे बढ़े, घर की दहलीज पर जन्म ले–जहाँ माँ-बाप अपने बच्चों के हाथ में नैतिकता का वह दीया थमाएँ, जो अंधेरे को चीरता हुआ उजाले की राह बनाए। जब नन्हे मन यह सीख लेंगे कि हर भावना की कद्र और हर सीमा का सम्मान ही इंसानियत की नींव है, तो यौन हिंसा जैसी कालिमा की जड़ें अपने आप काँपने लगेंगी।

## कानून- न्याय की तेज धार

कानून वह आग बन जाए जो अपराधियों के मन में खौफ की लपटें भड़काए–एक ऐसा डर कि अपराध का खयाल भी उनके दिल को सौ बार कँपकँपा दे। इसके लिए कानून को सिर्फ सख्ती का लबादा नहीं ओढ़ाना होगा, बल्कि उसकी धार को इस कदर पैना करना होगा कि वह पल भर में न्याय का झंडा गाड़ दे। आज हाल यह है कि पीड़ित की पुकार अदालतों के गलियारों में सालों भटकती रहती है, और यह देरी अपराधियों के सीने में हिम्मत की हवा भर देती है। लिहाजा, न्याय का पहिया ऐसा चले कि वह तेज, पारदर्शी और अडिग हो। दुष्कर्मियों के लिए सजा ऐसी हो जो हड्डियाँ तक चटकाए, मगर उससे भी जरूरी है कि वह सजा फौरन अमल में आए–न कि कागजों में दफन हो जाए। जब समाज देखेगा कि अपराध की कीमत तुरंत और करारी चुकानी पड़ती है, तो यह हर सिर पर एक सबक लिख देगा। साथ ही, पुलिस और प्रशासन को संवेदना का कवच पहनाना होगा, ताकि पीड़ित की आवाज शिकायत के दहले पर काँपे नहीं, शर्माए नहीं।

## संस्कृति का परिवर्तन- नैतिकता का नया आलोक

हमारी संस्कृति की गहरी परतों में कभी-कभी पुरुषवादी सोच और लैंगिक भेद की कड़वी जड़ें यौन हिंसा को चुपके से हवा देती रही हैं। इस कालिख को मिटाने के लिए हमें घर की चौखट से लेकर समाज के चौपाल तक नैतिकता का एक नया सूरज उगाना होगा। पुरुषों के मन में यह बात गूँजनी चाहिए कि असली मर्दानगी ताकत के जोर में नहीं, बल्कि दूसरों की हिफाजत और इज्जत में छिपी है। महिलाओं को महज एक वस्तु की नजर से नहीं,



बल्कि बराबरी का हक रखने वाली हमसफर के रूप में देखने का नजरिया रचाना होगा। यह बदलाव कोई फूलों की सेज नहीं–यहाँ पीढ़ियों से जमी मान्यताओं के पत्थर तोड़ने पड़ेंगे, सोच के जंगल उजाड़ने होंगे। मगर अगर हम नन्हे कंधों पर यह संस्कार लाद दें कि हर आत्मा और देह एक अनमोल मंदिर है, तो यह बीज धीरे-धीरे समाज की नसों में रच-बस जाएगा।

## तकनीक- क्रांति का नया मंच

आज का दौर डिजिटल क्रांति का सुनहरा काल है–एक ऐसा समय जहाँ सोशल मीडिया और इंटरनेट हमारे हाथों में ताकत का वह जादुई डंडा थमा रहे हैं, जो समाज को नींद से झकझोर सकता है। इन डिजिटल मंचों पर यौन हिंसा के खिलाफ आवाज़ें बुलंद हों–प्रेरणा की बयार बहें, जागरूकता की लहरें उठें और सकारात्मक किस्सों की गूँज हर कोने को छू ले। कल्पना करें–ऐसी ऐप्स जो खतरे के पल में महिलाओं की पुकार को तुरंत मदद तक पहुँचाएँ; डेटा की गहराई और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चपलता से उन काले कोनों को उजागर करें जहाँ खतरा मँडराता है, और वहाँ सुरक्षा का पहरा बिठाएँ। ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर हिंसा की साँसें थामने के लिए नीतियाँ लोहे की तरह सख्त हों।

## पुरुषों की भूमिका- ढाल से दीपक तक

यौन हिंसा के खिलाफ जंग में पुरुष सिर्फ कवच नहीं, बल्कि बदलाव की मशाल बनें–यह उनकी असली पुकार है। उन्हें न केवल सहयोद्धा की तरह कदम बढ़ाना होगा, बल्कि परिवर्तन का वह प्रखर संवाहक बनना होगा जो समाज के हर कोने को रोशन कर दे। पुरुषों के कंधों पर यह जिम्मा है कि वे हर गली, हर चौपाल तक यह पैगाम पहुँचाएँ–हिंसा मन की कायरता है, सम्मान ही असली शौर्य का प्रतीक।

## एकता और संकल्प- अभिशाप को चूर करने की आग

यौन हिंसा का खात्मा किसी एक कंधे या एक झंडे के दम पर नहीं हो सकता–यह एक ऐसा युद्ध है जिसमें पूरे समाज को एक अटूट फौज बनकर उतरना होगा। सरकार की नीतियाँ, नागरिकों की हुंकार, शिक्षकों की सीख, कलाकारों की रचनाएँ, तकनीक के जादूगर–सबको कंधे से कंधा मिलाकर इस काले अभिशाप को रौंदने की कसम खानी होगी।

## आज की हुंकार, कल का सुनहरा सवेरा

यौन हिंसा को रोकना एक लंबा सफर है, मगर यह कोई दूर का ख्वाब नहीं। शिक्षा की रोशनी, कानून की तलवार, संस्कृति का आलम, तकनीक की ताकत और एकता का जोश–ये पाँच पहाड़ हैं जो इस परिवर्तन की चट्टान खड़ी करेंगे। हर कदम हमें उस सुनहरे कल की दहलीज तक ले जाएगा, जहाँ डर की परछाइयाँ गायब होंगी और शोषण का नामोनिशान मिट जाएगा। यह कोई हवाई सपना नहीं, बल्कि एक ऐसा मंजिल है जिसे हम सबके हाथों की लकीरें मिलकर लिख सकती हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# जिनकी मिट्टी से आज भी वतन की खुशबू आती है

23 मार्च 1931, शाम सात बजकर तैंतीस मिनट। लाहौर की सेंट्रल जेल के आसमान में "इंकलाब जिंदाबाद" के नारे गूंज रहे थे। वह एक ऐसा क्षण था जब भारत माता की धरती अपने सबसे लाडले सबसे प्यारे सपूतों की अंतिम पुकार सुन रही थी। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु–तीन नौजवान, जिनकी उम्र महज 23 साल के आसपास थी, उस दिन फांसी के फंदे पर झूल गए। यह फांसी 24 मार्च को होनी तय थी, लेकिन अंग्रेजों के मन में यह डर घर कर गया था कि कहीं आंदोलित भीड़ जेल पर हमला न कर दे। इस भय ने उन्हें सभी नियमों और आचार संहिताओं को ताक पर रखने के लिए मजबूर कर दिया। शाम के उस असामान्य समय में, जब सूरज ढल चुका था और अंधेरा धीरे-धीरे धरती को अपनी आगोश में ले रहा था, तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई। यह विश्व इतिहास में एक अनोखा और शायद अब तक का अंतिम उदाहरण है, जब किसी को शाम के वक्त फांसी के फंदे पर लटकाया गया हो।

लगभग एक घंटे तक उनके शरीर फंदे पर झूलते रहे। उस ठंडी हवा में, जो उनकी अंतिम सांसों को अपने साथ बहा ले गई थी, अंग्रेज अफसरों ने एक और क्रूर कदम उठाया। रात के अंधेरे में उनके शरीरों को टुकड़े-टुकड़े कर बोरियों में भरा गया। फिर रावी नदी के किनारे ले जाकर घासलेट डालकर जला दिया गया। उनकी राख को भी नदी के तेज बहाव में बहा दिया गया, ताकि कोई निशान न रहे, कोई सबूत न बचे। लेकिन क्या सचमुच अंग्रेज उनकी याद को मिटा सके? नहीं, वह राख भले ही नदी में बह गई, पर उनकी आत्मा उस मिट्टी में बस गई, जिसके लिए उन्होंने अपनी जान दी थी। समय की रेत पर उनके पांवों के निशान तब तक रहेंगे, जब तक यह देश रहेगा।

उस दिन भगत सिंह की लोकप्रियता ने महात्मा गांधी की प्रसिद्धि को भी पीछे छोड़ दिया था। लोग सड़कों पर थे–आक्रोशित, उद्वेलित, और दुखी। यह वह दौर था जब आजादी की लड़ाई अपने चरम पर थी, और इन तीनों नौजवानों ने अपने खून से इस आंदोलन को एक नई ताकत दी थी। 23 साल की उम्र–वह उम्र जब आज का युवा अपने भविष्य की राह तलाश रहा होता है, अपने सपनों को आकार देने की कोशिश कर रहा होता है। लेकिन इन तीनों ने उस उम्र में अपने जीवन का उद्देश्य न केवल तय कर लिया था, बल्कि उसे पूरा भी कर दिखाया था। क्या आज का युवा उस जज्बे की कल्पना भी कर सकता है?

यदि यह संसार एक रंगमंच है, जैसा कि शेक्सपियर ने कहा था, और हम सभी यहाँ अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाने आए हैं, तो भगत सिंह ने इस मंच पर जो किरदार निभाया, वह आज तक बेजोड़ है। सिनेमा में अभिनेता वेश बदलकर किरदार निभाते हैं, और गलती होने पर रीटेक का मौका मिल जाता है। लेकिन वास्तविक जीवन में, जहाँ हर कदम अंतिम होता है, वहाँ भगत सिंह ने जोखिम भरे हालातों में भी अपनी भूमिका को इतनी कुशलता से निभाया कि अंग्रेजों को भनक तक न लगी। एक ऐसी घटना जो आज भी सुनने वालों के रोंगटे खड़े कर देती है–जब भगत सिंह को पुलिस हर जगह ढूंढ रही थी, तब वे एक अंग्रेज साहब के वेश में, राजगुरु उनके नौकर के रूप में, और दुर्गा भाभी उनकी पत्नी के रूप में, अंग्रेज अधिकारियों के सामने से गुजर गए। कलकत्ता की ट्रेन में सवार होकर वे निकल गए, और अंग्रेज बस देखते रह गए। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, बल्कि हकीकत थी–एक ऐसी हकीकत जिसमें न कोई स्क्रिप्ट थी, न रिहर्सल, और न ही दूसरा मौका। इस घटना से पहले की एक और कहानी भगत सिंह के जज्बे को दर्शाती है। अंग्रेज के वेश में आने के लिए उन्हें अपनी दाढ़ी और केश कटवाने थे–एक सिख के लिए यह सबसे बड़ा त्याग था। वे एक नाई के घर छिपते हुए गए और अपने केश काटने को कहा। नाई ने हाथ जोड़कर माफी मांगी, कहा कि वह एक सिख के केश नहीं काट सकता। तब भगत सिंह ने जो जवाब दिया, वह उनके व्यक्तित्व की गहराई को उजागर करता है–"तुम केश की बात कर रहे हो, मैं देश के लिए अपनी गर्दन कटवाने को तैयार बैठा हूँ।" यह सुनकर नाई का हृदय पिघल गया, और उसने उनके केश काट दिए। यह छोटी-सी घटना बताती है कि भगत सिंह के लिए देश की आजादी हर व्यक्तिगत बंधन से ऊपर थी। भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं थे, वे एक विचारक भी थे। उनकी सोच उनकी उम्र से कहीं आगे थी। जेल में लिखे गए उनके लेख, उनके पत्र, और उनकी डायरी आज भी हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वाकई आजादी के मायने समझते हैं। वे समाजवाद में विश्वास रखते थे और मानते थे कि आजादी का मतलब सिर्फ अंग्रेजों का जाना नहीं, बल्कि हर तरह के शोषण से मुक्ति है। उन्होंने लिखा था, "मेरा कोई व्यक्तिगत लक्ष्य नहीं है। मैं चाहता हूँ कि मेरे देश के लोग सुखी हों, स्वतंत्र हों, और अपने भाग्य के मालिक हों।" यह विचारधारा ही थी जिसने उन्हें फांसी के फंदे तक पहुँचाया, और यह विचारधारा ही थी जिसने उन्हें अमर बना दिया।23 मार्च 1931 को जब वे फांसी पर चढ़े, तो उनके चेहरे पर कोई डर नहीं था। वे फांसी के तख्त तक मेरा रंग दे बसंती चोला गाते हुए आए और कहा जाता है कि उन्होंने हंसते हुए फंदे को चूमा और पूरे जोश से नारा लगाया, "इंकलाब जिंदाबाद"। उनकी शहादत ने न केवल अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया, बल्कि देश के हर कोने में आजादी की चिंगारी को और भड़का दिया। आज जब हम भगत सिंह को याद करते हैं, तो यह सवाल उठता है कि क्या हम उनकी कुर्बानी का मोल समझते हैं? आज का युवा सोशल मीडिया पर क्रांति की बातें करता है, लेकिन क्या वह उस जज्बे को जी सकता है जो भगत सिंह में था? उनकी शहादत हमें यह सिखाती है कि आजादी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी है अपने देश के लिए कुछ करने की, अपने समाज को बेहतर बनाने की। भगत सिंह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सोच, उनका साहस, और उनका बलिदान आज भी हमें प्रेरित करता है। वह एक व्यक्ति नहीं, एक विचार थे–एक ऐसा विचार जो कभी मर नहीं सकता। जब तक यह देश रहेगा, जब तक इंसाफ और आजादी की बात होगी, भगत सिंह का नाम गूंजता रहेगा। उनकी शहादत हमें याद दिलाती है कि जीवन का असली मोल तब है, जब हम इसे किसी बड़े उद्देश्य के लिए समर्पित कर दें। 23 मार्च 1931 की वह शाम केवल एक तारीख नहीं थी, बल्कि एक इतिहास था–एक ऐसा इतिहास जो हमें हर बार यह सिखाता है कि स्वतंत्रता की कीमत क्या होती है। भगत सिंह, सुखदेव, और राजगुरु ने अपने खून से उस कीमत को चुकाया, और हमें एक ऐसा देश दिया जिसमें हम आज साँस ले रहे हैं। उनकी कहानी आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। ठीक ही कहा था भगत सिंह जी ने "दिल से निकलेगी न मरकर भी वतन की उल्फत मेरी मिट्टी से भी खुशबू ए वतन आयेगी।"

**बलदेव राज भारतीय**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ला,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## गोरखपुर- पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग उपाध्यक्ष पहुँचे खिरकीटा दूबे गाँव, मृतक सत्यम के परिजनों से मिलकर जताई संवेदना



**गोल बाजार/गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के खिरकीटा दूबे गाँव में हुए जघन्य हत्याकांड के बाद भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक बेचनराम शुक्रवार शाम करीब चार बजे मृतक सत्यम के परिजनों से मिलने पहुँचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और भरोसा दिलाया कि सरकार इस दुखद घटना में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। परिजनों से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि इस घटना से सभी मर्माहत हैं और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि योगी सरकार पीड़ित परिवार को हरसंभव आर्थिक एवं न्यायिक सहायता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है और हम इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं। दोषियों को कठोर से कठोर सजा दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा।" गौरतलब है कि इस हत्याकांड को लेकर अब तक समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी के प्रतिनिधिमंडल भी परिजनों से मुलाकात कर चुके हैं। शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व आयोग के उपाध्यक्ष भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ गाँव पहुँचे और परिवार की पीड़ा को साझा किया। डाइनामाइट न्यूज संवादाता अनुसार इस मौके पर भाजपा नेता संतोष गौतम, संघ कार्यवाहक जयराम भट्ट समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पीड़ित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## योगी सरकार ने किसानों के लिये खोला खज़ाना- पवन

### जनपद के किसानों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से दिया धन्यवाद और बधाई

**देवरिया।** उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किसान कल्याणकारी बजट और योगी सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूरे होने पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जनपद के सभी विधानसभाओं में किसानों द्वारा पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और कृषि मंत्री को लिखे गए धन्यवाद और बधाई पत्र को किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने प्रधान डाकघर से भेजा। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि योगी सरकार ने वर्तमान बजट में किसानों के लिये खजाना खोल दिया है, बजट में सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के करीब 3 करोड़ किसानों को करीब 79,500 करोड़ रुपये देने का प्रावधान करने के साथ ही किसानों के सिचाई सुविधा को बेहतर बनाने के लिये पीएम कुसुम योजना के तहत 22,089 सोलर पंपों की स्थापना का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में सभी वर्गों का अभूतपूर्व विकास किया है। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, मुकेश राय, अरुण मिश्र, सुब्रत सिंह, डॉ विनोद पाण्डेय, सुधाकर गोंड़, प्रभुनाथ पाण्डेय, विनोद दूबे, सत्येन्द्र सिंह सोनू, मनोज सिंह उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष

### स्थानीय पुलिस अभियुक्त को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप टोला पेड़ारी निवासी रिजवान हासमी पुत्र हरुल ने अपने फेसबुक आईडी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति एक अवैध विडियो शेयर किया है। रिजवान हासमी द्वारा शेयर विडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टकला कहा जा रहा है इसके साथ ही अन्य अवैध व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। वहीं जब उक्त विडियो सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर निवासी भाजपा सेक्टर प्रभारी गिरजा शंकर पाण्डेय पुत्र जितेन्द्र नाथ पाण्डेय के हाथ लगी तो मामले में गिरजा शंकर पाण्डेय ने आनलाइन शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। वहीं उक्त विडियो से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। मामले में स्थानीय पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिजीत कुमार ने बताया कि अभियुक्त को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण का संदेश, विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी, गोरखपुर,** 22 मार्च 2025 - विश्व जल दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला, गोरखपुर द्वारा ए.टी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, टेकवार, खजनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, टेलीस्कोप की जानकारी और जल संरक्षण पर विशेष व्याख्यान शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आर.पी. ओझा, पूर्व विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, कृषि, उद्योग, शहरीकरण और ऊर्जा जरूरतों के कारण जल की मांग तेजी से बढ़ रही है। जल की महत्ता को समझाने और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

**न्यूक्लियर प्रदूषण और जल संकट पर चिंता-** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य, एम.जी.पी.जी. कॉलेज एवं ब्यूरो चीफ, साइंस ऑफ इंडिया ने जल संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "हमारे देश में न्यूक्लियर वेस्ट से जल प्रदूषण हो रहा है। अन्य देश भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। हमें समुद्र के जल को भी पीने योग्य बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए।" विज्ञान अधिकारी श्री महादेव पांडेय ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जल संकट के समाधान और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ÷जल प्रदूषण, जल संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करना ही विश्व जल दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य है।÷

**विज्ञान प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया कौशल**

इस अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें खुशी यादव ने प्रथम स्थान, प्रिया यादव ने द्वितीय स्थान और श्रेया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शालिनी और शिवांगी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अंकिता ग्रुप को प्रथम, कोलेदेव को द्वितीय, प्रिया ग्रुप को तृतीय स्थान मिला, जबकि परी ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

**प्रधानाचार्य ने दिया धन्यवाद, जल संरक्षण का किया आह्वान**

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नवीन कुमार दीक्षित ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "तेजी से बढ़ती जनसंख्या, कृषि, उद्योग और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की बढ़ती जरूरत को देखते हुए जल संरक्षण हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।" इस अवसर पर श्री वेद प्रकाश पांडेय, श्री सुरेश कुमार, श्री अशोक मिश्र, श्री पप्पू लाल, श्री जितेंद्र सिंह, श्री अमर पाल सिंह, श्री सचिन कुमार, श्री रचित पांडेय, श्री कमल किशोर और श्री आर.पी. तिवारी सहित विद्यालय के अध्यापकगणों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और जल बचाने के उपायों पर चर्चा की।

## गोरखपुर - नवनिर्मित अमरूद बाग पुलिस चौकी का एसएसपी ने किया उद्घाटन,चौकी बनने से सुरक्षा का माहौल, अपराध पर लगेगी लगाम -एसएसपी

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** राजघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवनिर्मित अमरूद बाग पुलिस चौकी का उद्घाटन शनिवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। एसएसपी ने बताया कि अमरूद बाग में चौकी न होने के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना रहता था, लेकिन अब चौकी बनने से पुलिस की सतर्कता और गश्त बढ़ेगी, जिससे अपराधों पर अंकुश लगेगा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी ईमानदारी और मेहनत से कार्य करें तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

**उद्योगपति प्रवीन मोदी और अमित मोदी ने जनहित में की पहल-** नवनिर्मित चौकी के निर्माण में मोदी केमिकल के डायरेक्टर प्रवीन मोदी और अमित मोदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चौकी निर्माण में सहयोग दिया।

**क्षेत्रवासियों में खुशी, पुलिस अधिकारियों ने जताई संतुष्टि-** अमरूद बाग पुलिस चौकी के बन जाने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। पुलिस अधीक्षक नगर अभिनय त्यागी ने कहा कि अब लोग अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकेंगे और पुलिस भी शीघ्र समाधान कर सकेगी।

**उद्घाटन समारोह में उपस्थित अधिकारी-** इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी, राजघाट थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा, चौकी प्रभारी अमरूद बाग ज्ञानेंद्र सिंह, एसएसआई जय प्रकाश यादव, पाण्डेय हाता चौकी प्रभारी पप्पू राय, टीपी नगर चौकी प्रभारी विजय प्रताप सिंह, सब-इंस्पेक्टर मनीष गिरी समेत कई पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मिलता है मोक्ष - अखिलेशनन्द महाराज

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी, गोरखपुर-** खजनी तहसील क्षेत्र के ग्राम वरीछहवन्दुआरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर अयोध्या धाम के महान यज्ञाचार्य एवं कथा व्यास अखिलेशनन्द महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परम मोक्षदायिनी है। उन्होंने बताया कि जैसे महाराज परीक्षित को मोक्ष प्रदान करने हेतु भगवान वेदव्यास ने भागवत कथा का श्रवण कराया था, वैसे ही जो भी इस कथा को सुनता है, उसका जीवन सफल और कल्याणकारी बन जाता है।

कथा व्यास महाराज ने अमर कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही कथा है, जिसे भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाई थी। उन्होंने बताया कि यह कथा सबके भाग्य में नहीं होती। जब भगवान शिव ने माता पार्वती को अमर कथा सुनाई, तब वे मध्य में निद्रा में चली गई, लेकिन शुक ने पूरी कथा सुन ली। इसी कारण जब भगवान शंकर ने शुक को मारने के लिए दौड़ाया, तो वे एक ब्राह्मणी के गर्भ में शरण ले ली। वर्षों बाद भगवान शंकर ने उन्हें मुक्त किया, और भगवान नारायण ने आश्वासन दिया कि वे माया से मुक्त रहेंगे। तभी शुक बाहर आए और वेदव्यास जी से ज्ञान प्राप्त किया।

कथा के दौरान महाराज ने महाभारत की घटना, विशेषकर द्रौपदी चीरहरण प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान में अटूट विश्वास ही जीवन का असली आधार है। जब तक व्यक्ति भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित नहीं होता, तब तक उसे सच्ची शांति नहीं मिल सकती। उन्होंने श्रोताओं को माता-पिता और गुरु की सेवा करने का संदेश दिया और कहा कि संतों का सानिध्य हृदय को पवित्र बना देता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान विष्णु देव त्रिपाठी सपत्नी सहित शर्मा रामजी, राम त्रिपाठी, गोरख राम त्रिपाठी, वशिष्ठ राम त्रिपाठी, तारकेश्वर त्रिपाठी, रमेश त्रिपाठी, मोलई त्रिपाठी, हौसला त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, रामसमुझ त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्य प्रकाश शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, पंडित गगन त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। कार्यक्रम के अंत में अखिलेशनन्द महाराज ने सभी श्रोताओं को गोविंद के भजन गाने और भगवान श्रीकृष्ण को अपना परिवार मानने का संदेश दिया।

## तहसीलदार की अध्यक्षता में थाने में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**खजनी गोरखपुर** खजनी थाने में आयोजित मार्च महीने के आखिरी समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार नरेंद्र कुमार के समक्ष कुल 5 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पेश हुए। जबकि एक महिला फ़रियादी ने समाधन दिवस का आयोजन खत्म होने बाद थाने के कार्यालय में पहुंचकर अपनी भूमि विवाद से संबंधित समस्या पेश की। समाधान दिवस में सांड के द्वारा गांव के लोगों पर हमला करने की शिकायत लेकर पहुंचे भरोहियां गांव के लोग को निराश लौटना पड़ा। सांड से बचाव के लिए किसी भी प्रकार से मदद करने में तहसीलदार एवं दिवस प्रभारी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अर्चना सिंह ने असमर्थता जताई। वहीं भगवानपुर गांव में दो भाईयों के बीच भूमि विवाद के मामले को सुलझाने में भी राजस्व और पुलिस विभाग असमर्थ रहा दोनों के बीच नोंक-झोंक बढ़ने पर उन्हें शांति भंग के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। शेष 4 मामलों में जांच के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक देवनारायण मिश्र,महेंद्र प्रताप सिंह, लेखपाल राम मिलन प्रजापति, अभिषेक कुमार दीक्षित, अरविंद कुमार, राजीव रंजन शर्मा, प्रेमलता सिंह, निशा यादव आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर- गैंग बनाकर गो-तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई, तीन अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर** पुलिस ने संगठित अपराधों पर शिकंजा कसते हुए गो-तस्करी में संलिप्त गिरोह के तीन अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में थाना बेलीपार पुलिस ने गिरोह के सरगना राजेश पुत्र चंददेव और उसके दो साथियों बाढ़ू अली व वसीम अहमद पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**गिरोह का आपराधिक इतिहास और गतिविधियां**

गिरोह लंबे समय से गो-तस्करी और पशु क्रूरता जैसे संगठित अपराधों में लिप्त था। इनके अपराधों से जनमानस में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। गिरोह के खिलाफ पहले भी गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी और हिंसा जैसे गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ गैंग चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद कार्रवाई की।

**गिरोह के सदस्यों पर दर्ज मामले-** डाइनामाइट संवादाता रिपोर्ट मुताबित गैंग लीडर राजेश पुत्र चंददेव (निवासी- कसिहार, थाना बेलीपार, गोरखपुर)गौ-हत्या, पशु क्रूरता, लूट, चोरी और अवैध हथियार रखने सहित 10 संगीन मुकदमे दर्ज **धाराएं-** गौहत्या निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, आईपीसी की विभिन्न धाराएं बाढ़ू अली पुत्र आबिद शाह (निवासी- अहिरौली दुबौली, गोपालगंज, बिहार) गौहत्या, पशु क्रूरता, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट और समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त कुशीनगर, गोरखपुर और देवरिया में 7 आपराधिक मुकदमे दर्ज वसीम अहमद पुत्र स्व. शकील अहमद (निवासी- मंडी समिति, रामपुर) गौ-तस्करी और पशु क्रूरता में संलिप्त गोरखपुर के बेलीपार थाना में मामला दर्ज है।

**पुलिस की कार्रवाई-** गिरोह पर मु.अ.सं. 85/2025, धारा 2ख (I)(XI)(XVII)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इन अपराधियों की संपत्ति कुर्क करने और गैंग के अन्य सदस्यों पर भी कार्रवाई करने की योजना बना रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संगठित अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और गोरखपुर में अपराध मुक्त माहौल सुनिश्चित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की घोषणा हुई हवा हवाई

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल चलाने हेतु चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में धरना 128 वें दिन जारी रहा । धरने पर जिले के कोने-कोने से आए किसानों ने भाग लिया किसानों ने एक स्वर से कहा कि अगर बैतालपुर चीनी मिल को चलाना नहीं था तो प्रदेश के मुख्यमंत्री ने देवरिया के चुनावी जनसभाओं में चार-चार बार घोषणा क्यों किया। एक आम आदमी तथा जिम्मेदार मुख्यमंत्री के घोषणा में भारी अंतर होता है। इस प्रकार सरकार के मनसा पर संदेह होना स्वाभाविक है अतः किसानों की अपील है सरकार से की इस संदेह का तत्काल निवारण करते हुए बैतालपुर चीनी मिल निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करें। धरने में समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि, त्रिपाठी विकास दुबे, राम प्रकाश सिंह, पंडित वेद प्रकाश, बकरी दन उर्फ बरकत अली, राम इकबाल चौहान विजय शंकर कर्मयोगी, रामनिवास पांडे ,जगदीश यादव, संजीव कुमार शुक्ला, विजय कुमार सिंह, बनारसी प्रसाद, शिव प्रसाद बारी, अशोक मालवीय, दीनदयाल शर्मा, रामकृपाल चौहान, रामलाल गुप्ता, ध्रुव देव यादव, हरि चौधरी, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 32 करोड़ का बजट पास

**● इंडोर स्टेडियम, पार्क व बारात घर का होगा निर्माण - अध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात




**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत रुद्रपुर के बोर्ड की आवश्यक बैठक अध्यक्ष सुधा निगम के नेतृत्व में शुक्रवार को संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं को लेकर 32 करोड रुपए का बजट पास किया गया। 16 वार्डों के सभासद व नगर पंचायत कर्मचारी के बीच आयोजित हुई बैठक में नगर के विकास हेतु तमाम प्रस्ताव पास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम ने कहा कि इस बार नगर वासियों को इनडोर स्टेडियम, पार्क व बारात घर की भी सौगात मिलने की संभावना है। भीषण गर्मी में बिजली की समस्या को देखते हुए एक और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की खरीद की जाएगी। वहीं फागिंग मशीन, सीवर सक्सन मशीन के साथ ही साथ बथुआ रिवर फ्रंट का विस्तार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न वार्डों में नाली और नाला निर्माण को प्रमुखता दी जाएगी जिससे जल निकासी की स्थिति बनी रहे। नगर पंचायत की सीमा में आने वाले सड़कों के मरम्मत का भी प्रस्ताव है जिससे नगर में आवागमन सुचारू हो सके। बैठक में अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव, लिपिक राम विनोद शुक्ला, सभासद उपेंद्र मास्टर, अजय जायसवाल, जय रतन चौरसिया, अंकित मणि त्रिपाठी, सुशील मद्धेशिया, सुशील निगम, पंकज पांडे, मुकेश विश्वकर्मा, अनिल पांडे, राजन चौधरी, नूरी खातून ,पुनीता भारती,भीम सोनकर व विजय यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शासन की मंशानुरूप भव्यता के साथ हो आयोजन-नोडल अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 22 मार्च।** देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के आठ वर्ष तथा केंद्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25, 26 एवं 27 मार्च को जनपद स्तर पर पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज सचिव, नगर विकास एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी अजय शुक्ला की अध्यक्षता में राजकीय आईटीआई ऑडिटोरियम में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी अजय शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन पूरी भव्यता और प्रभावशीलता के साथ संपन्न हो, जिससे अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जीआईसी परिसर में किया जाएगा, जहां 25 मार्च को प्रभारी मंत्री द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर विकास पुस्तिका का विमोचन होगा और महाकुंभ प्रयागराज 2025 पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।



**सचिव ने नगर निकाय, जल निगम एवं सीएनडीएस की समीक्षा बैठक**

**देवरिया।** सचिव नगर विकास अजय शुक्ला ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नगर निकाय, जल निगम (शहरी) एवं सीएनडीएस के कार्यों की समीक्षा बैठक की। कहा कि जनपद में संचालित समस्त निर्माण परियोजनाओं को शासन की मंशानुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। इस कार्य में तनिक भी कोताही न बरती जाए। अन्यथा उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जैनेंद्र सिंह, ईओ नगर पालिका देवरिया संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## हीटवेव से बचाव हेतु आयोजित की गई बैठक

**देवरिया 22 मार्च।** हीटवेव से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार वैश्य ने की, जिसमें समस्त उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में हीटवेव के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। डॉ. वैश्य ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे पशुओं के बीमार होने और उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाएगा। अत्यधिक गर्मी के कारण पशुओं को डिहाइड्रेशन, बुखार और गर्भपात जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी परिस्थितियों से बचाव के लिए पशुपालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। हीटवेव से बचाने के लिए पशुओं को ऐसी जगह रखना चाहिए जहां पर्याप्त छाया और हवा हो, जिससे वे गर्मी से राहत पा सकें। भैंसवंशीय पशुओं को शाम के समय नहलाना चाहिए और पशु बाड़ों में लगी टाट पर पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए, ताकि वहां ठंडक बनी रहे। पशुओं के लिए शुद्ध पेयजल, सूखा चारा और हरा चारा उपलब्ध कराना आवश्यक है। भार ढोने वाले पशुओं को दोपहर के समय काम में न लगाकर छायादार स्थान पर रखना चाहिए, ताकि वे गर्मी से प्रभावित न हों। यदि किसी पशु को लू लग जाए तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर उसके शरीर और सिर पर ठंडा पानी डालना चाहिए तथा भीगा हुआ कपड़ा बार-बार रखना चाहिए, जिससे उसे राहत मिले। यदि पशु चारा खाना बंद कर दे, सुस्त दिखाई दे या बीमार महसूस हो, तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क कर इलाज शुरू कराना चाहिए।

## भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे- पंडित जीवन बाबू

स्वतंत्र प्रभात



**गोंडा।** रुपईडीह ब्लॉक के भटपुरवा ग्राम पंचायत में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद प्रसंग का बखान किया गया। इसमें कथा व्यास पंडित जीवन बाबू महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया।इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

## बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में बच्चों को शिक्षा के साथ क्षेत्र में गरीब असहाय लोगों के लिए लगता है प्रतिवर्ष नेत्र शिविर

**वर्ष 2025 में फरवरी तथा मार्च में तीन नेत्र शिविर लगाए गए तथा 70 लोगों की आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया गया।**

**गोंडा।** बाबू बच्चा सिंह उर्फ रघुवीर शरण सिंह का जन्म कर्नलगंज तहसील के परसपुर ब्लॉक में कंडरू ग्राम सभा के दिकौली ग्राम में हुआ था बाद में गोंडा तहसील के रूपईडीह ब्लॉक के भटपुरवा रामनगर ग्राम में बतौर प्रधान लगभग 17 साल रहे उन्होंने जीवन पर्यंत गरीबों वंचितों के सहयोग व मदद में अपना पूरा जीवन समर्पित किया। शरीर की अस्वस्थता के कारण उन्होंने 65 वर्ष की आयु में अपना देह त्याग दिया ।उनकी इच्छा थी खरगूपुर जैसे पिछड़े इलाके में एक शिक्षण संस्थान चलाने की थी। उनकी इच्छा को उनके पुत्रों ने पूरा किया और बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज की आधारशिला 2008 में रखी गयी । प्रबंधक द्वारा बताया गया कि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई बहुत ही कम शुल्क में कराई जाती है तथा गरीब असहाय बच्चों को निशुल्क भी पढ़ाया जाता है और पढ़ाई के साथ-साथ गरीब असहाय वंचितों के लिए गोंडा से डॉक्टर पीके श्रीवास्तव को बुलाकर निशुल्क नेत्र से शिविर प्रतिवर्ष लगाया जाता है इस वर्ष 2025 में फरवरी तथा मार्च में तीन नेत्र शिविर लगाए गए तथा 70 लोगों की आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया गया।

# प्रधान मंत्री आवास योजना का समयानुसार कराए सर्वे

स्वतंत्र प्रभात



**मनकापुर गोण्डा-** शासन एवं प्रशासन द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी ग्राम पचायतो मे गरीब पात्र व्यक्तियों को आवास दिलाने हेतु विगत जनवरी माह से पात्र व्यक्तियों के सर्वे का काम निर्धारित सर्वेयर टीम द्वारा चल रहा हैं ताकि जो भी झुग्गी झोपडी या पल्ली लगाकर परिवार के साथ निवास कर रहे पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके इसके लिए शासन प्रसासन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी एवं उनके कर्मचारियों द्वारा प्रति मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर जनता को आवास सर्वे के लिए जागरूक किया जारहा हैं इसी क्रम मे खण्ड विकास अधिकारी ब भनजोत ओ पी सिंह यादव ने जानकारी देते हुए कहा सभी ग्राम पंचायत के गरीब पात्र व्यक्तियों से अपील किया जा रहा हैं कि 31 मार्च तक आवास का सर्वे का कार्य सर्वेयर टीम द्वारा जारी हैं जो गरीब पात्र व्यक्तियो का आवास सर्वे नहीं हो पाया हैं तो खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निर्धारित सर्वेयर टीम मे ग्राम प्रधान से लेकर पंचायत सचिव,रोजगार सेवक से 31 मार्च तक मिलकर सर्वे का कार्य पूरा कर ले क्योंकि 31 मार्च तक आवास सर्वे का कार्य बंद हो जाएगा।

ततक्रम मे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड के समस्त ग्राम प्रधान गणो, समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य गणो एवं समस्त जिला पंचायत सदस्य गणो एवं ब्लॉक प्रमुख से विन्रम निवेदन हैं कि विकास खण्ड मे जितने भी आवास विहीन, कच्चे मकान मे रहने वाले, छप्परो मे रहने वाले पात्र व्यक्तियों का अभी तक आवास मे सर्वे नहीं हो पाया हैं उनका 31 मार्च तक सर्वे का कार्य पूरा कराने मे अपना अमूल्य योगदान दें ताकि इस योजना से कोई गरीब पात्र परिवार आवास से वँचित न रहा सके।

# विकसित भारत के निर्माण में शिक्षित युवा मतदाताओं की महत्वपूर्ण

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय लालगंज प्रतापगढ़ में आयोजित विकसित 'भारत युवा सांसद 2025' कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतापगढ़ जनपद के 90 छात्रों ने प्रतिभा करते हुए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी प्रतिभागियों ने संपूर्ण देश में प्रत्येक स्तर के चुनाव एक साथ कराए जाने के समर्थन में अपने तर्क प्रस्तुत किया तथा वर्तमान निर्वाचन प्रणाली के दुष्परिणामों पर राय व्यक्त किए। प्रतिभागियों में कौशिकी सिंह को प्रथम, आदर्श पाण्डेय को द्वितीय एवं आकांक्षा सुल्तानपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय को प्रतिभागियों के समक्ष स्पष्ट करते हुए युवाओं से देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी तक पहुंचाने हेतु उनके पूर्ण समर्थन का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि शिक्षित युवा ही विकसित भारत का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए भारत की युवा वर्ग को अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूर्ण समर्पण भाव से करना होगा। इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में सर्वश्री आरबी सिंह प्रो.किरण मिश्रा प्रो. विजय कुमार मिश्रा प्रो. पीयूष कांत शर्मा एवं डॉ. अनीता पांडे ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ राजकुमार पांडे इंजी0 जितेंद्र त्रिपाठी प्रो. राजेंद्र प्रसाद मिश्र. प्रो.ऋचा कुमार सुकुमार डॉ सीमा त्रिपाठी डॉ निशांत पांडे डॉ वाचस्पति मिश्र डॉ संतोष मिश्रा डॉ श्याम नारायण त्रिपाठी डॉ शिव कुमार यादव डॉसत्यम तिवारी एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में नेहरू हुआ केंद्र के एपीए विनय कुमार मिश्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संपूर्ण कार्यक्रम डॉ.फणींद्र नारायण मिश्र, जिला नोडल अधिकारी एनएसएस प्रतापगढ़ के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### समारोह में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित छात्र रोहित कुमार एवं रजनी भारती को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

**पीलीभीत ।** खरोसा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान राजकुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । शनिवार को आयोजित किए गए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमो के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी । बच्चों की प्रतिभा को देखकर उनके अभिभावक भी आश्चर्य

छात्र रोहित कुमार एवं रजनी भारती को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूल के अन्य मेधावी छात्रों, शतप्रतिशत उपस्थिति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बच्चों और ईको क्लब में भाग लेने वाले बच्चों, मीना मंच की छात्राओं को भी विशेष रूप से प्रधानाध्यापिका अन्नपूर्णा विश्वकर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधान अध्यापक अन्नपूर्णा विश्वकर्मा ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम जब आयोजित होते हैं तो स्कूली बच्चों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी सामने को देखने को मिलता है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सदस्य के अलावा सहायक अध्यापक निशात बानो, तेजवहादुर सिंह, अनुदेशक शाहबाज, शिल्पी सक्सेना, संध्या पाल तथा ग्रामीण उपस्थित रह छात्र रोहित कुमार एवं रजनी भारती को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूल के अन्य मेधावी छात्रों, शतप्रतिशत उपस्थिति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बच्चों और ईको क्लब में भाग लेने वाले बच्चों, मीना मंच की छात्राओं को भी विशेष रूप से प्रधानाध्यापिका अन्नपूर्णा विश्वकर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधान अध्यापक अन्नपूर्णा विश्वकर्मा ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम जब आयोजित होते हैं तो स्कूली बच्चों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी सामने को देखने को मिलता है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सदस्य के अलावा सहायक अध्यापक निशात बानो, तेजवहादुर सिंह, अनुदेशक शाहबाज, शिल्पी सक्सेना, संध्या पाल तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिद्धार्थनगर:पुरानी रंजिश के चलते रिश्तों का कत्ल, बड़े पापा को भतीजे ने उतारा मौत के घाट

**सिद्धार्थनगर ।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पड़िया गांव में पुरानी रंजिश का एक मामला सामने आया है जिसके चलते भतीजे ने अपने बड़े पापा की हत्या कर दी है। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची त्रिलोकपुर पुलिस मौके पर जांच में जुटी हुई है। मृतक की पत्नी शांति देवी ने आरोप लगाया है कि मेरे पति जगराम उर्फ डेबई पुत्र सत्तन( 60 ) शुक्रवार की रात खाना खा पीकर घर से कुछ दूरी पर सामने एक छोटा सा छप्पर का मकान है ,उसी में सोए थे। रात में लगभग 10 बजे अजय उर्फ अभिषेक पुत्र जवाहर आया और उनको मारते पीटते हुए धारदार हथियार से गले पर वार कर दिया,चीख पुकार सुनाई पड़ी तो लोग इकट्ठा हुए, तब तक अजय वहां से भाग गया था। मृतक के बेटे सुभाष ने एंबुलेंस बुलाया कुछ देर में एंबुलेंस आई और जगराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया ले गए ।जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। की जाएगी।

### उधमियों ने जमकर खेली होली, भजनों व गीतों ने किया मंत्रमुग्ध

कानपुर। शहर में होली की धमक अभी तक है,जगह जगह होली के दिन से लगातार होली मिलन व मेले आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को दादा नगर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होली मेले में उधमियों ने जमकर होली खेली।भजन संध्या मे भजन गायकों ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दे लोगों का मन मोह लिया। दादा नगर कोपोस्टेट मे आयोजित होली मेले में शहर के उधमियों के साथ साथ बडी संख्या में व्यवसायी व आम लोग भी पहुंचे।यंहा कोपोस्टेट स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर व भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक अजय कपूर ने सभी आंगतुकों का चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया। कोपोस्टेट चेयरमैन विजय कपूर व उधमियों व आम लोगों ने फूलों की होली खेलकर व हर्बल गुलाल लगा गले मिलकर होली की बधाई दी। गीत संगीत व भजन संध्या में गायकों ने एक से बढकर एक भजनों एवं गीतों की प्रस्तुति की तो लोगों उसी मे खो गए।शहर के प्रतिष्ठित बैण्ड द राक ने शानदार गीत-संगीत प्रस्तुत किए तो युवाओं के साथ साथ बुजुर्ग भी झूमने को मजबूर हो गए।मेले मे विभिन्न व्यंजनों के अलग अलग स्टाल लगे थे।जिसका लोगों ने खूब लुफ्त उठाया।इस अवसर पर चेयरमैन विजय कपूर ने कहा कि होली एक पवित्र त्यौहार है।होली हमे बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को ग्रहण करने की प्रेरणा देता है।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा पुल निर्माण के काम में केवल तारीख पर तारीख! दुर्घटना की आशंका से स्थानीय लोग परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**असम श्रीभूमि [ करीमगंज ]।** वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गली-मोहल्लों में विकास कार्यों की बाढ़ आई है सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में सुधार के लिए गाइडलाइन के अनुसार गुणवत्ता मान बनाए रखने के काम के जरिए उच्च गुणवत्ता वाली सड़कें, पुल, एवं अन्य परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपये आवंटित किए जा रहे हैं। ताकि हर क्षेत्र में विकास हो। ताकि आम नागरिकों को यात्रा सहित अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े इस दृष्टिकोण से विभिन्न स्थानों पर काम किया जा रहा है। लेकिन असम श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा पुल की दयनीय स्थिति के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई हैं, अधिकारी ने सब कुछ जानने के बावजूद निर्माण का कार्य अभी भी नहीं हो रहा है। केवल आश्वासन और आश्वासन दिया जा रहा है, कुछ दिनों में होगा, लेकिन कई महीने बीत गए हैं, केवल तारीख और तारीखें। सुधार का कार्य कुछ भी नहीं हो रहा है। आम नागरिक समझ नहीं पा रहा है। रामकृष्णनगर विधानसभा के अंतर्गत दुल्लभछड़ा की सिंगला नदी का आरसीसी



पुल कई महीनों से जर्जर की स्थिति में है। जिसके मरम्मत का आश्वासन पिछले साल 2024 में दिया गया था, लेकिन कई टालमटोल के बाद शारदीय पर्व के पहले, दुर्घटनाओं से बचने के लिए पुल पर लोहे के खंभों के बैरिकेड लगाकर संकीर्ण किया गया था, ताकि यात्री बसें और ट्रक न चल सकें। हालांकि अन्य छोटी गाड़ियों का चलन जारी था। उस समय यात्री बसें या ट्रक रामकृष्णनगर क्षेत्र के विद्यानगर के माध्यम से यात्रा करने लगी थीं। इससे यात्री भाड़ा बढ़ना स्वाभाविक था। व्यापारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। लेकिन बंद पड़े पुल से कुछ दिनों बाद सभी प्रकार के वाहनों का चलन रहस्यमय तरीके से शुरू हो गया। इस बीच, इस वर्ष की 12 मार्च को दुल्लभछड़ा रामकृष्णनगर लोक निर्माण विभाग के टी आर सब डिविजन के सहायक कार्यकारी इंजीनियर सुभ्रत दास के बयान में बताया गया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आरसीसी पुल का निरीक्षण किया गया है और ढाई महीने के भीतर काम पूरा होगा और पुल का कार्य का सामान है इन दो-तीन दिनों में नवकरण का काम शुरू होगा। जिसके लिए जनता की आवाजाही की सुविधा के लिए सबवे का निर्माण किया गया है। इसलिए फिर से पुल पर लोहे की बैरिकेड लगाई गई है जिससे यात्री बसों और लोरियों को विद्यागनगर के रास्ते आवाजाही करनी पड़ रही है। साथ ही काम की प्रगति के लिए विभाग की ओर से जनता का सहयोग मांगा गया है। लेकिन आज तक पुल पर कुछ भी काम नहीं हुआ है। 12 मार्च को निरीक्षण के समय उनके साथ सहायक इंजीनियर अरुणोदय दास, पुल विशेषज्ञ अकबर खान और संबंधित ठेकेदार विनायक चक्रवर्ती सहित अन्य उपस्थित थे। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी इस समाचार के लिखने तक काम शुरू नहीं किया गया है। दूसरी ओर, बारिश के मौसम में सिंगला नदी के जल बहाव से सबवे के टूटने की संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसके बाद क्षेत्र के लोग पुल के निर्माण कार्य न होने के कारण किसी भी घटना के होने की चिंता में हैं। ऐसी स्थिति में जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसमें नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लंबे समय से लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और आवंटित ठेकेदार टालमटोल कर रहे हैं। इस मामले में प्रभावित लोग असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और रामकृष्णनगर विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित करते हैं कि ताकि विभागीय अधिकारी जनकल्याण कार्य में देरी न करें और जल्द से जल्द दुल्लभछड़ा पुल के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया जाए।

# मथुरा के असली कारागार में श्रीकृष्ण की 'आर्टिफिशियल जेल'

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** कान्हा की नगरी के असली कारागार में भगवान श्रीकृष्ण की आर्टिफिशियल जेल बनाई गई है। 3डी पिक्चर लगाकर इसे और आकर्षक बनाया जा रहा है। यह प्रयास कैदियों को मानसिक मजबूती देने के साथ ही उनके अंधर आध्यात्मिक भाव जगाने के लिए किया गया है। मथुरा जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को आपराधिक प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वह अपनी सजा काटने के बाद जेल से बाहर निकलकर मुख्यधारा से जुड़ कर एक बेहतर जीवन जी सकें और अपराध से दूर रहें। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया, जिसमें दोनों उच्च अधिकारियों ने 'वन जेल वन प्रोडक्ट' के अंतर्गत संचालित पोशाक सिलाई केंद्र का जायजा लिया। केंद्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों से जानकारी ली कि कौन से प्रोडक्ट बनाए जाते हैं, कार्य कर रहे व्यक्ति ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि भगवान जी की पोशाक, मुकुट, माला आदि का कार्य किया जाता है। उन्होंने एक विशेष जानकारी दी कि श्री कृष्ण जी की एक आर्टिफिशियल जेल बनाई गई है, जिसमें 3 डी पिक्चर लगाकर उसे आकर्षक बनाया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल के अंदर तैयार किये जा रहे प्रोडक्ट के लिए अच्छी व्यवस्था की जाए और उसे बेहतर साज सज्जा कर सुंदर बनाने पर जोर दिया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक ने चौधरी भरत सिंह स्वतंत्र संग्राम सेनानी कारागार चिकित्सालय में जाकर बंदी मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने पाकशाला में जाकर बंदियों के लिए बन रहे भोजन में दाल, रोटी, सब्जी आदि को देखा। उन्होंने कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण किया, कारागार में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से क्राइम और केस के बारे में जानकारी ली, जेल में सुविधा, असुविधा के बारे में पूछा, किस जिले से हैं आदि संबंधी पूछताछ की। जेल अधीक्षक से जानकारी ली कि कितने बंदी जेल में है, जिनमें महिला, पुरुष, बुजुर्ग, युवा और विदेशी बंदी कितने हैं।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं का हाई है जोश, पदाधिकारियों ने किया साष्टांग प्रणाम

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नए जिला और महानगर अध्यक्ष की घोषणा के बाद यह भाजपा का पहला कार्यक्रम था। कार्यक्रम में जहां जनपद में भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने एक मंच साझा कर एकजुटता का संदेश दिया वहीं कार्यकर्ताओं में जोश भरने का हर संभव प्रयास किया गया। गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत सम्मान समारोह रखा गया था। पार्टी में कार्यकर्ताओं की अहमियत बताने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ताओं का लेटकर साष्टांग प्रणाम किया तो हॉल तालियों से गूंज उठा और कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, महापौर विनोद



अग्रवाल, पूर्व मंत्री रविकान्त कांत गर्ग, महानगर अध्यक्ष राजू यादव, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करती सांसद हेमा मालिनी ने कहा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। इसलिए वे सदैव सम्मान के पात्र होते हैं। कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी को अपने परिश्रम के बल पर सींच कर इतना बड़ा रूप दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के परिश्रम का ही परिणाम है कि आज भाजपा का स्वरूप इतना बड़ा हुआ है। वही कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण चौधरी ने कार्यकर्ताओं से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य पर पूरी निष्ठा के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं नवयुक्त महानगर अध्यक्ष राजू यादव ने कहा मंच से मैं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर विधायक राजेश चौधरी, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, श्याम सिंह अहेरिया, बाल संरक्षक आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय ओबीसी आयोग सदस्य भुवन भूषण कमल, पूर्व महापौर मुकेश आर्यबंधु, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, घनश्याम लोधी, मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र अग्रवाल, रविन्द्र पांडे, गंभीर सिंह गुर्जर, प्रमोद बंसल, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा चौधरी, नीरू सक्सेना, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष यज्ञ दत्त कौशिक एवं नितिन कौशिक जितेंद्र वार्ष्णेय, सतेंद्र सिंह, आदि मौजूद थे

# जिला पंचायत का 39. 84 करोड़ का बजट स्वीकृत



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जिला पंचायत के सभागार में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिला पंचायत के सदस्यों ने बैठक में न आने वाले अधिकारियों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं वर्ष 2025-26 के लिए 39 करोड 84 लाख 44 हजार 312 रुपये के बजट को सर्व सम्मिति से सदस्यों ने स्वीकृति दी। वहीं वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट को भी अपनी मंजूरी दी गई। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा पूर्व बैठकों में उठाई गई जनहित की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सदस्यों ने ड्रेन व माइनरों की सफाई, उचित नहीं होने का आरोप सिंचाई विभाग पर लगाया। साथ ही बुखरारी व शेरगढ नहरों को आदर्श सिंचाई योजना में शामिल करने की मांग रखी। वहीं प्रधानमंत्री सड़क योजना में आरईएस द्वारा कोसी शाहपुर सड़क के निर्माण का मुद्दा उठाया। बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के शमशान स्थल पर दो दो बैंच लगाने की मांग पंचायत सदस्यों ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत 3174474 लाख मानव दिवस के लिए 12539. 17 लाख रुपये का लेबर बजट भी स्वीकृत किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। तीन पंचायत सदस्यों के त्यागपत्र किए स्वीकृत ग्राम पंचायत तरौली सुमाली चौमुहां के वार्ड 11 के सदस्य चरन सिंह, ग्राम पंचायत सैनवा के वार्ड 11 के सदस्य तरुण कुमार, ग्राम पंचायत उंदी छाता के वार्ड 4 के सदस्य आदेश का स्वेच्छा से दिया त्यागपत्र जिला पंचायत अधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला पंचायत की बैठक में सर्व सम्मिति से स्वीकृत किया गया।

### गंदे नाले के पानी में डूब गई किसानों की पकी फसल

**मथुरा।** कस्बा राया के समीपवर्ती गांवों में नगर पंचायत का पानी किसानों के लिए परेशानी पैदा कर रहा है।जिस गन्दे नाले के पानी से किसानों की पकी पकाई फसलें प्रभावित हो रही हैं। यह सिलसिला बीते कई वर्षो से चल रहा है। राया से सादाबाद रोड़ कस्बा के समीपवर्ती गांव नगला थाना,पडरारी,सारस गांव के किसानों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। किसान इस पानी की रोकथाम के लिए विधायक से लेकर प्रशासन का दरवाजा खट- खटा चुके हैं। किंतु परिणाम शून्य रहे। रात दिन गन्दे नाले का पानी खेतों में चल रहा है। गेंहू की फसल कटाई का समय है। लेकिन पानी भरा होने की वजह से फसल पूरी तरह बर्बाद हो रही है। गांव के ही सुरेश चन्द,त्रिलोक नाथ तेजपाल शर्मा जगमोहन शर्मा कमियां शर्मा सोमवती देवी सहित करीब आधा दर्जन किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।दर्जनों किसानों का कहना है की इस समस्या के निराकरण के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के पास गये।नगर पंचायत के अधिकारियों को भी कई बार अवगत करा दिया किन्तु आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। कन्हैया शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत का गंदा पानी साले से होकर निकल रहा है और नगर पंचायत के कर्मचारी ओके हुए पानी को खेतों में कार देती हैं। जिससे खेतों की फसल बर्बाद हो रही है।

# वृंदावन में भारतीय, नेपाली साहित्यकारों का समागम

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नेपाल विश्वविद्यालय के कुलपति डा. घनश्याम न्यौपाने ने कहा कि नेपाल में हिन्दी बोली जाती है, वैसे ही भारत के लोग नेपाली भाषा सीखें। दोनों देशों के बीच साहित्य व संगीत का आदान प्रदान और बढ़ना चाहिए। नेपाल व भारत दोनों भाई हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत अमिट है। इसे मिटाया नहीं जा सकता। वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान व रासलीला अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय भारत नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव में डॉ. न्यौपाने संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजनों की बेहद जरूरी हैं।




आयोजक डॉ. विजय पंडित और डा. हर्ष शर्मा ने कहा कि भारत नेपाल साहित्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव वसुद्धैव कुटुम्बकम की भावना के साथ दोनों देशों के मध्य ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूती प्रदान करना है। विशिष्ट अतिथि नेपाल की लघुकथाकार श्रीमती ममता मृदुल रही। इस दौरान लघुकथा सत्र में 25 लघुकथाकार व साहित्यकारों की एक दर्जन पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि यह सौभाग्य है कि वृंदावन में भारत नेपाल साहित्य संस्कृत महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन से भारत और नेपाल के मध्य जो सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के संबंध हैं उसको विस्तार मिलेगा। कुलपति डा घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी, नेपाल के साहित्यिकार डा देवी पंथी, पूर्व प्राचार्य डा. के के शर्मा, राधारमण मंदिर के सेवायत पद्मनाभ गोस्वामी, ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद्र शर्मा, गीता विशेषज्ञ महेश चंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सरस्वती वंदना शीतल राघव देवयानी द्वारा प्रस्तुत की गई। संचालन डा. हरेन्द्र हर्ष और गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। गीता शोध संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश खन्ना आभार व्यक्त किया।

# मथुरा: 67 प्रतिशत लूट, 29 प्रति रेप की घटनाएं हुईं कम

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के कार्यकारी सभापति, अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के तमाम विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। पुलिस विभाग की समीक्षा में सभापति ने पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय को निर्देश दिए कि साइबर क्राइम एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड पर प्रभावी कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक जागरूकता शिविर लगाते हुए लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करे। उन्होंने इन फ्रॉड में अधिकाधिक रिकवरी कराने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने सदन को अवगत कराया कि जनपद में रेप में लगभग 29 प्रतिशत, अपहरण में लगभग 15 प्रतिशत तथा लूट के मामलों में लगभग 67 प्रतिशत कमी आई है। उन्होंने अवगत कराया कि पिछले वर्ष लगभग 95 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई तथा इस वर्ष लगभग 1 अरब की संपत्ति कुर्क की गई है। इस दौरान समिति के सदस्य किरण पाल कश्यप, योगेश चौधरी, विच्छे लाल राम, सदस्य विधान परिषद ओम



प्रकाश सिंह तथा महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ का जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सदर में फरियादियों की शिकायतें सुनी। शिकायत लेकर आए एक व्यक्ति ने शिकायत की कि कुछ लोग रास्ते में कार खड़ी कर देते हैं, जिससे निकलने में परेशानी होती है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना प्रभारी विदिश कुमार को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने थाने के विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। थाना दिवस में पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# आपके लिए 'होली' होली, ब्रज में अभी भी रोज जम रहा रंग

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** दुनिया भर में होली का त्योहार मनाया जाता है। यह कहीं दो तो कहीं तीन दिन का पर्व है लेकिन ब्रज में तो बसंत पंचमी से जो रंग चढ़ा है वह अभी उतरने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां तो होली का रंग अभी प्रतिदिन जम रहा है। कान्हा की नगरी में होली की खुमारी अब भी श्रद्धालुओं के सर चढ़ कर बोल रही है। दक्षिण शैली के रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रहमोत्सव में कांच के विमान पर सवार होकर जब ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान ने भक्तो के साथ होली खेलने निकले, तो वातावरण में अबीर गुलाल की बदरी छा गई। होली की मस्ती में सराबोर होकर भक्तो ने भी अपने आराध्य के साथ जमकर होली खेली। ब्रज के विशालतम ठाकुर रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव के छठवें दिन भगवान गोदा रंगमन्नर कांच के विमान पर विराजित होकर भक्तो के साथ होली खेलने निकले। धवल श्वेत वस्त्र धारण किए ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान को वेद मंत्रों के साथ अर्चन कर प्राकृतिक अबीर गुलाल निवेदित किए गए। उसके बाद मंदिर के जगमोहन में चांदी की पिचकारी से भक्तो पर टेसू के फूलों से बने रंगों की बौछार की गई, तो मंदिर परिसर रंगनाथ भगवान की



जय जयकार से अनुगुंजित हो गया। तदोपरांत ठाकुर जी कांच के विमान में सवार होकर मंदिर के सिंह द्वार पर पहुंचे, तो भक्तों में गजब का उल्लास छा गया। जहां विमान से पुजारियों ने पिचकारी से रंग बरसाया। वहीं अबीर गुलाल की बदरी के बीच गोविंदघेरा के क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने भक्तो पर प्रेम पगी लाठियां बरसानी शुरू कर दी। ब्रज के पारंपरिक वस्त्रों में सजी महिलाओं की लाठियों से निकले प्रेम रस में भक्त सराबोर हो गए। भगवान भास्कर की तपिश में कमी से मौसम का सर्द अहसास भी रस रंग में डूबे भक्तो के उल्लास को कम नहीं कर सका था। जैसे जैसे सवारी बड़े बगीचे की तरफ बढ़ रही थी। रंगों की खुमारी भी अपने चरम पर पहुंच रही थी। लगभग दो घंटे के बाद जब सवारी मंदिर परिसर वापस पहुंची, तो मंदिर प्रबंधन द्वारा हुरंगा खेलने आई महिलाओं को ठाकुर जी का प्रसादी फगुआ भेंट किया गया।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com